देश का विश्वसनीय अखबार

# दैनिक भास्कर

नोएडा | वर्ष-15, अंक-77 | गुरुवार, 05 सितम्बर 2024 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य 6.00 रुपये

झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित




**छोटीबड़ीबात**

आज ही के दिन 1962 में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म हुआ था, इस दिन देश में शिक्षक दिवस मनाया जाता है।


क्यूआर कोड स्कैन कर पहुंचें दैनिक भास्कर पर

dainikbhaskarup.com


## कन्नौज रेप काण्ड : अब सह अभियुक्त नीलू को रिमांड पर लेगी पुलिस



कन्नौज। किशोरी से दुष्कर्म कांड में सह अभियुक्त नीलू यादव ने मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। अब पुलिस उसे दो दिन की कस्टडी रिमांड पर लेगी और उससे पूछताछ की जाएगी। एक सप्ताह के अंदर इस प्रकरण में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल करने की पुलिस ने तैयारी की है। किशोरी दुष्कर्म कांड की दिनप्रतिदिन मॉनिटरिंग कर रहे जनपद के एसपी अमित कुमार आनंद ने बुधवार को यह बात पत्रकारों से कही।

उल्लेखनीय है कि नाबालिग से रेप मामले में पिछले 12 दिन से फरार चल रहा सह अभियुक्त नीलू यादव आखिरकार पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहा। मंगलवार सुबह उसने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस उसकी तलाश में छापामारी कर रही थी और करीबियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी, जबकि नीलू यादव नाटकीय ढंग से कोर्ट पहुंच गया। पुलिस को भनक तक नहीं लगी। पॉक्सो कोर्ट में पेशी के बाद उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार अनौगी भेज दिया गया।



## सचिन सरजेराव ने शॉटपुट में जीता सिल्वर

नई दिल्ली। पेरिस पैरालिंपिक का आज सातवां दिन है। बुधवार का पहला मेडल सचिन सरजेराव ने शॉटपुट में दिलाया। उन्होंने 16.32 के स्कोर के साथ एशियन रिकॉर्ड बनाते हुए शॉटपुट की मेंस F-46 कैटेगरी में सिल्वर जीता। भारतीय खिलाड़ी आज एथलेटिक्स, शूटिंग और आर्चरी समेत कई खेलों में हिस्सा लेंगे। भारत ने अब तक 21 मेडल जीत लिए हैं। यह पैरा गेम्स के इतिहास में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# बीजेपी ने जारी की 67 उम्मीदवारों की पहली सूची

- लाडवा सीट से लड़ेंगे सीएम सैनी

एजेंसी



नई दिल्ली। बीजेपी ने बुधवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 67 नामों का ऐलान किया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लाडवा से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि अनिल विज को अंबाला सीट से कैंडिडेट बनाया गया है. अरविंद शर्मा को गुहाना सीट से टिकट मिला है।

इस लिस्ट की खास बात ये है कि इसमें जेजेपी के तीन पूर्व विधायकों को भी टिकट दिया गया है। देवेंद्र बबली को टोहाना,रामकुमार गौतम को सफीदों और उकलाना से अनूप धानक को टिकट मिला है। मौजूदा 9 विधायकों का टिकट कटा, दो विधायकों की सीट बदली पहली सूची के अनुसार, बीजेपी ने मौजूदा 9 विधायकों का टिकट काट दिया है। पलवल से दीपक मंगला, फरीदाबाद से नरेंद्र गुप्ता, गुरुग्राम से सुधीर सिंगला , बवानी खेड़ा से विशंभर वाल्मीकि, रनिया से कैबिनेट मंत्री रणजीत चौटाला ,अटेली से सीताराम यादव, पेहवा से पूर्व मंत्री संदीप सिंह , सोहना से राज्य मंत्री संजय सिंह तो वहीं रतिया से लक्ष्मण नापा की टिकट काट दिया गया है।

**जानें इस लिस्ट की खास बातें**

लोकसभा चुनाव में रोहतक सीट से चुनाव लड़ चुके अरविंद शर्मा को गोहाना से उम्मीदवार बनाया गया है। जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल से नहीं बल्कि लाडवा से चुनाव लड़ेंगे जो कुरुक्षेत्र लोकसभा में आती है। वहीं, भाजपा ने करनाल से जगमोहन आनंद को प्रत्याशी बनाया है। उधर, बवानीखेड़ा से मौजूदा विधायक और राज्य मंत्री रहे बिशम्बर वाल्मीकि का टिकट कट गया है। तोशाम से श्रुति चौधरी को टिकट मिला है। अटेली से आरती राव को टिकट मिला है जो राव इंद्रजीत की बेटी हैं।

### दुष्यंत चौटाला उचाना से लड़ेंगे विधानसभा चुनाव



हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने 19 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने 19 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है. बता दें कि दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी और चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी ने हरियाणा चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया है। दोनों दलों ने एक संयुक्त बयान में कहा था कि इस रणनीतिक गठबंधन का उद्देश्य कांशी राम और चौधरी देवी लाल की सांस्कृतिक और राजनीतिक विचारधाराओं से प्रेरित होकर राज्य के विकास के लिए एक मजबूत स्तंभ बनना है।

## सारसुर्खियां

### संदीप घोष ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली । कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। संदीप घोष की याचिका पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच 6 सितंबर को सुनवाई करेगी। संदीप घोष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ करप्शन केस को जांच के लिए सीबीआई को सौंपते वक्त उनके पक्ष को नहीं सुना। उन्होंने इस मामले के खुद को पक्षकार बनाने की अर्जी दाखिल की थी, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। संदीप घोष ने अपनी अर्जी में करप्शन के आरोपों को अस्पताल परिसर में हुई रेप की घटना के साथ जोड़े जाने से जुड़ी हाई कोर्ट की टिप्पणियों को हटाने की मांग भी की है।

### आंध्र प्रदेश में बारिश व बाढ़ से अब तक 20 लोगों की मौत

अमरावती। आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ के कारण अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। एनटीआर जिले में सर्वाधिक 12, गुंटूर जिले में 07 और पालनाडु जिले में एक व्यक्ति की मौत हुई है। राज्यभर में बारिश और बाढ़ से 6.44 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि 1.69 लाख एकड़ की फसल और 18,424 एकड़ बागवानी फसल क्षतिग्रस्त हो गई। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से फोन पर बात कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने का अनुरोध किया है। नायडू ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के प्रत्येक परिवार को आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक परिवार को 25 किलो चावल, एक लीटर खाद्य तेल, 2 किलो प्याज, 2 किलो आलू और 1 किलो चीनी उपलब्ध करवाने का आदेश दिया है।

# बुलडोजर चलाने के लिए हिम्मत चाहिए : योगी

## माफिया, दंगाइयों व अपराधियों के आगे नाक रगड़ने वाले क्या चलाएंगे बुलडोजर

- प्रयागराज के फूलपुर में आयोजित जनपद स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण वितरण मेले में भाग लेते हुए सीएम योगी ने विपक्ष पर जमकर कसा तंज

भास्कर ब्यूरो





फूलपुर/प्रयागराज। प्रयागराज के फूलपुर स्थित इफको परिसर के केंद्रीय विद्यालय में आयोजित जनपद स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण वितरण मेले में भाग लेते हुए सीएम योगी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए माफिया, अपराधी व दंगों को प्रश्रय देने वाले तत्वों को जमकर ललकारा। बुधवार को कार्यक्रम के अंतर्गत सीएम योगी द्वारा 5,000 से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितिरित किए गए। वहीं, 7,138 लाभार्थियों को 510 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण वितरित किया गया। कार्यक्रम में 15,448 युवाओं को टैबलेट/स्मार्टफोन भी वितरित किए गए। इसके साथ ही, सीएम योगी ने फूलपुर में 634 करोड़ रुपए की 407 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास बटन दबाकर किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आवंटित आवास की चाबी भी सीएम योगी द्वारा सौंपी गई।

सीएम योगी ने तंज कसते हुए कहा कि जो टीपू आज सुल्तान बनने का ख्वाब देख रहे हैं वह माफिया के सामने नाक रगड़ते हैं। इन्होंने माफिया को गले का हार बनाकर प्रयागराज के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। इतना ही नहीं, सीएम योगी ने आगे अराजक तत्वों को ललकारते हुए कहा कि जिसने भी राह चलती बेटियों के सम्मान पर हाथ डालने की कोशिश की उसके हाथ-पैर अलग हो जाएंगे। हर नागरिक की सुरक्षा हमारा कर्तव्य है जिसे किसी भी हद तक जाकर सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो माफिया सिर उठाएगा उन्हें मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा। बुलडोजर चलाने के लिए हिम्मत चाहिए। माफियाओं , दंगाइयों व अपराधियों के सामने नाक रगड़ने वाले क्या बुलडोजर चलाएंगे, इसके लिए हिम्मत चाहिए। इन्हें तो बुलडोजर देखते ही हार्ट अटैक आ जाएगा। प्रदेश में अधिनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चालीस हजार युवाओं को जल्द नियुक्ति देने व अन्य सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया को भी जल्द किए जाने पर भी सीएम योगी ने फोकस किया।

**वैश्विक पटल पर प्रयागराज की अमिट छाप छोड़ेगा महाकुंभ**

सीएम योगी ने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि जनवरी में महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। प्रयागराज वैश्विक मंच पर फिर से अमिट छाप छोड़ेगा। जो प्रयागराज क्षेत्र वैदिक सनातनियों का केंद्र रहा है उसके सामने पहचान का संकट किसने खड़ा किया था। ये काम जाति के नाम पर लड़ाने वाले लोगों ने किया था।


RELIABLE INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY
(AFFILIATED TO CCS UNIVERSITY AND APPROVED BY NCTE)

ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2024-25
IN B.ED / D.EL.ED

- COLLEGE CARRYING 20 YEARS OF LEGACY
- MANAGED BY PROFESSIONALS
- HIGHLY QUALIFIED TEACHERS
- ONLINE ASSISTANCE TO STUDENTS

7 DAYS OPEN

Qualification: Graduation in any discipline with min. 50 % marks

Contact: 8800439996

Mail us at : admission@reliableinstitute.edu.in

Address: NH 58, Raj Nagar Extension (Morta) , Ghaziabad



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY
सत्यमेव जयते

iitf 2024 | ITUWTSA NEW DELHI 2024

गैर सरकारी (प्राइवेट एग्जिबिटर्स) प्रदर्शकों का पंजीकरण आरंभ हो गया है।

43वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2024

14-27 नवंबर, 2024 को
भारत मंडपम, नई दिल्ली में,
इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित

आईटीपीओ,अपने ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल https://domesticbooking.indiatradefair.com के माध्यम से मार्की कंपनियों (गैर सरकारी (प्राइवेट ) प्रदर्शकों) के लिए बुकिंग का पहला चरण आरंभ करने जा रहा है।

यह बूथ, मार्की कंपनियों के लिए 18,600/वर्गमीटर (+जीएसटी) की प्रीमियम दर पर उपलब्ध होंगे।

**बुकिंग चरण**

1. मार्की कंपनियों के लिए बुकिंग मानदंडः
   - कंपनियों का पिछले 5 वित्तीय वर्ष में से किसी एक वर्ष में, कम से कम 50 करोड़ का वार्षिक कारोबार होना चाहिए।
   - न्यूनतम बूथ का आकार 100 वर्गमीटर है, तथा इसमें मानक किराए पर प्रीमियम लागत भी देनी होगी।

**समय सारणी**

- 10 सितंबर, 2024, शाम 6:00 बजे तक टर्नओवर प्रमाण-पत्र जमा करवाना होगा।
- बुकिंग तिथिः 12 सितंबर, 2024, सुबह 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक
- भुगतान की अंतिम तिथिः 18 सितंबर, 2024, शाम 6:00 बजे

आईटीपीओ, मार्की कंपनियों के लिए ऑनलाइन बुकिंग खोलने के बाद किराए में संशोधन के अध्यधीन, इसे अधिकतम 03 दिनों की अवधि तक जारी रख सकता है। कृपया आगे की अद्यतन जानकारी के लिए वेबसाइट देखते रहें। (नियम एवं शर्तें लागू)

विस्तृत प्रक्रिया और औपचारिकताओं के लिए, कृपया www.indiatradefair.com और www.indiatradefair.com/iitf पर दिनांक 4 सितंबर, 2024 का IITF 2024 का नोटिस देखें।
किसी भी जिज्ञासा के लिएः technicalsupport@itpo.gov.in पर लिखें।

पंजीकरण और ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल निम्नलिखित है :
domesticbooking.indiatradefair.com


### क्या हम इतने कठोर हो सकते हैं कि आरोपी को मामले से जुड़े दस्तावेज न दिखाएं


# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट की ईडी को फटकार

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (4 अगस्त) को मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले की जस्टिस एएस ओका,जस्टिस ए अमानुल्लाह और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने सुनवाई की। ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू कोर्ट में मौजूद रहे।

बेंच ने ईडी से पूछा- एजेंसी आरोपी को जांच के दौरान जब्त किए दस्तावेजों नहीं दे रही है। क्या ऐसा होना आरोपी के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं है। दरअसल, सरला गुप्ता बनाम ईडी मामला (साल 2022) इस सवाल से संबंधित है कि क्या जांच एजेंसी आरोपी को उन महत्वपूर्ण दस्तावेजों से वंचित कर सकती है, जिन पर वह प्री-ट्रायल फेज में पीएमएलए मामले में भरोसा कर रही है।

> क्या हम इतने कठोर हो जाएंगे कि व्यक्ति केस का सामना कर रहा है, लेकिन हम जाकर कहते हैं कि दस्तावेज सुरक्षित हैं? क्या यह न्याय होगा? ऐसे बहुत ही गंभीर मामले हैं जिनमें जमानत दी जाती है, लेकिन आजकल मजिस्ट्रेट के मामलों में लोगों को जमानत नहीं मिल रही है। समय बदल रहा है। क्या हम इस बेंच के तौर पर इतने कठोर हो सकते हैं?



### कृष्ण जन्मभूमि मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

नई दिल्ली। मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मामले में ट्रायल कोर्ट से हाई कोर्ट ट्रांसफर की गई 18 याचिकाओं को सुनवाई योग्य मानने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस मामले में हिन्दू पक्ष ने पहले ही कैविएट दाखिल कर रखी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 1 अगस्त को मथुरा कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह विवाद मामले में 18 याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना था। हाई कोर्ट ने इन 18 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की मांग भी मंजूर कर ली थी। हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल इन 18 याचिकाओं में विवादित स्थल को श्रीकृष्ण जन्मभूमि बताकर उसे हिन्दुओं को सौंपने की मांग की गई है।

मृत्यु से डरो नहीं बल्कि जो ज़िन्दगी अभी नहीं जी है उसके लिए डरो। तुम्हे हमेशा के लिए नहीं जीना है, तुम्हे बस जीना है।

# सात पर भाजपा तथा पांच पर आप की जीत

## दिल्ली नगर निगम वार्ड समिति चुनाव में भाजपा ने लहराया परचम

भास्कर ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्ड समितियों का चुनाव बुधवार को भारी गहमागहमी के बीच संपन्न हो गया। 12 में से सात वार्ड कमेटियों शाहदरा नार्थ जोन, शाहदरा साउथ जोन, नजफगढ़ जोन, केशवपुरम जोन, सिविल लाइन, सेंट्रल जोन और नरेला पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। वहीं, आम आदमी पार्टी के खाते में सिर्फ पांच वार्ड कमेटी सिटी सदर-पहाड़गंज, करोलबाग, रोहिणी जोन, साउथ और शाहदरा वेस्ट जोन आई।

बता दें, मेयर के पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने से इनकार करने के बाद मंगलवार देर रात केंद्र सरकार ने उपराज्यपाल को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने का अधिकार दिया। इसके बाद एलजी वीके सक्सेना के निर्देश के बाद एमसीडी के सभी जोन के उपायुक्तों को पीठासीन अधिकारी बनाया। इसके बाद ही बुधवार को चुनाव हो सका। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एमसीडी के आयुक्त अश्वनी कुमार को चुनाव कराने के निर्देश दिए थे जिसके बाद उन्होंने एमसीडी के सभी जोन के उपायुक्तों को पीठासीन अधिकारी बनाया था। इससे पहले मेयर शैली ओबेरॉय ने पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति से इंकार कर दिया था।



निगम के अधिनियम के अनुसार वार्ड समिति के चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति आवश्यक है। वे ही चुनाव करवाते हैं। मेयर ने निगम आयुक्त अश्विनी कुमार को पत्र लिखकर चुनाव को दोबारा करने के लिए कहा था। मेयर ने समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और स्थायी समिति के लिए एक सदस्य के नामांकन के लिए एक सप्ताह का नोटिस देने के लिए कहा था। एमसीडी आयुक्त ने आदेश में कहा था कि 12 वार्ड समितियों के लिए चेयरमैन, डिप्टी चेयरमैन और स्थायी समिति के लिए एक सदस्य के चुनाव के संबंध में चुनाव कार्यक्रम पहले ही तय किया जा चुका है। हालांकि मेयर ने इस चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों को नामित नहीं किया है। ऐसे में व्यापक जनहित में और नगर निकाय की लोकतांत्रिक भावना को संरक्षित करने के लिए उपराज्यपाल ने निर्देश दिया है कि चुनाव आयुक्त, एमसीडी द्वारा अधिसूचित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किए जाएं।

# दंगा आरोपी शरजील इमाम की जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई से दिल्ली हाईकोर्ट ने किया इनकार

भास्कर ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 2020 उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगा से जुड़े मामले में आरोपी शरजील इमाम की ओर से दायर जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई से दिल्ली हाई कोर्ट ने इनकार कर दिया है। दिल्ली हाई कोर्ट 7 अक्टूबर को शरजील इमाम की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा।

इस मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि हमने कोई बहुत लंबी तारीख नहीं दी है। जमानत पर सुनवाई के लिए अगले महीने की तारीख दी है, जबकि शरजील इमाम की ओर से पेश



वकील ने कहा कि शरजील इमाम की जमानत याचिका पिछले 28 महीनों से लंबित है। शरजील इमाम ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया और 16 दिसंबर 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में भड़काऊ भाषण दिया था। इसमें उसने असम और पूर्वोत्तर के शेष हिस्से को देश से अलग करने की धमकी थी। निचली अदालत ने 2022 में उसके खिलाफ आरोप तय किये थे। बता दें कि फरवरी 2020 में दिल्ली के नार्थ ईस्ट दिल्ली में हुए दंगों के पीछे बड़ी साजिश रचने के मामले में आरोपी शरजील इमाम ने दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर कर रखी है। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने शरजील इमाम को वैधानिक जमानत दे दी थी।

शरजील इमाम ने इस मामले में कहा था कि जिन धाराओं के तहत उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, उसमें सात साल की अधिकतम सजा का प्रावधान है, जिसमें से वो आधी सजा काट ली है। जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए वैधानिक जमानत दे दिया था।

# भाजपा तथा आप बताएं कितने दलितों को वार्ड, स्टेंडिंग कमेटी लिया दोनों ही दलित विरोधी: यादव

भास्कर ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में तीसरा वर्ष अनुसूतिच जाति/जनजाति के मेयर के लिए संविधान के अंतर्गत एमसीडी अधिनियम (धारा-35) में प्रावधान होने के बावजूद सत्तासीन आम आदमी पार्टी की मेयर शैली ऑबराय दलित पार्षद के अधिकार का हनन करके अवैध रुप से मेयर पद पर बनी हुई और आज निगम की स्थायी समिति और वार्ड कमेटियों के चुनाव में भी दलितों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है, जिसकी कांग्रेस पार्टी कड़ी आलोचना करती है। यादव ने कहा कि वार्ड समितियों के चुनाव के परिणाम के बाद निर्वाचित हुए चेयरमैन और वाइस चेयरमैन में दलित पार्षद का प्रतिनिधित्व औसत प्रतिशत से बहुत कम है, जबकि आम आदमी पार्टी और भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र में दलित उत्थान और दलितों को उचित प्रतिनिधित्व देने की बात करती है। पहली बार सत्ता में आने के बाद जब केजरीवाल के पार्षद अपनी ही पार्टी के दलित पार्षद को मेयर चुनने में असहमत है।

# चेयरमैन पति पर लगाया दबंगई का आरोपी

भास्कर ब्यूरो

**अकराबाद।** नगर पंचायत कौडियागंज में किसी बात को चैयरमेन के पति व लेकर वार्ड सदस्यों के बीच पिछले कई दिनों से वाद विवाद चल रहा है। इसी के चलते बुधवार को नगर पंचायत के सभी सदस्यों ने चैयरमेन प्रतिनिधि के खिलाफ लामबंद होकर नगर पंचायत कार्यालय पर प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन कर रहे सदस्यों का कहना है कि चैयरमेन में पति नगर पंचायत में अपनी दबंगई दिखाते हैं। वहां किसी सदस्य का कोई सम्मान नहीं है। तथा कस्बा में विकास कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। तथा नगर पंचायत में तैयार तीन सफाई कर्मचारी ऐसे हैं जो कभी सफाई का कार्य नहीं करते हैं।



जिन्हें चैयरमेन पति हमेशा अपने कामों में अपने साथ लगाए रहते हैं। वार्डो में काम नहीं होने पर वार्ड के लोग सदस्यों को परेशान करते हैं। और अगर वह नगर पंचायत में जाकर कार्य कराने को कहते हैं तो चैयरमेन के पति उन्हें नगर पंचायत से भगा देते हैं। तथा नियग के अनुसार सदस्यों की कोई मीटिंग भी नहीं कराई जाती है। जिसकी शिकायत सभी सदस्यों द्वारा जिलाधिकारी को भी दी गई है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में शाहरुख गाजी, सहाबुद्दीन, मुजीबुर्रहमान, प्रियांशु गर्ग, हर्ष वार्ष्णेय, विनोद कुमार, धर्मवीर लोधी आदि सदस्यगण मौजूद थे। वहीं इस संबंध में चैयरमेन प्रतिनिधि कुलदीप सिंह लोधी का कहना है कि जो सदस्य आरोप

### नगर पंचायत में वार्ड सदस्यों ने किया प्रदर्शन

लगा रहे हैं वह खुद ही गलत हैं। जब नगर पंचायत पर कोई बैठक कराई जाती है तो यह लोग विकास की बातें और अपने निजी स्वार्थ की बातें ज्यादा करते हैं। तथा जिन तीन सफाई कर्मचारियों की यह बात कर रहे हैं वह तीनों पहले से कार्यालय के अतिरिक्त कार्य में लगे हुए हैं। जबकि हमारा फोकस रहता है कि हर तीन माह में सभी सदस्यों के साथ बैठक कर कस्बा में विकास कार्य करवाए जाएं। पर यह लोग कमीशनखोरी के चक्कर में विकास कार्यों में भी अपना रौडा अडाकार उसे भी प्रभावित करने का काम करते हैं।

# मेयर की शक्तियों को किया जा रहा है बाईपास, जरूरत पड़ी तो कोर्ट तक जाएंगे: आले मुहम्मद इकबाल

भास्कर ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम वार्ड कमेटी चुनाव को लेकर डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि मेयर की शक्तियों को बाईपास किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी की लीगल टीम इसे देख रही है। अगर जरूरत पड़ी तो पार्टी इसको लेकर कोर्ट जाएगी। वहीं चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के सभी उम्मीदवार जीतेंगे। वार्ड कमेटी और स्थाई समिति में भी हमारी पार्टी ही जीतेगी।

डिप्टी मेयर ने यह भी कहा है कि जो लोग पार्टी छोड़कर गए हैं, उनके भी वापस आने की उम्मीद है। खबर लिखे जाने तक कि सिटी एसपी जोन, केशव पुरव जोन, करोल बाग जोन और रोहिणी जोन में चुनाव संपन्न हो चुके हैं।इसके अलावा अन्य जोन में चुनाव जारी हैं। दरअसल मंगलवार को मेयर शैली ओबराय ने वार्ड समितियों के चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति के आदेश पर गृह मंत्रालय की तरफ से अधिसूचना जारी की गई।

## सार सुर्खियां

### डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर सुनहरी लाल का सम्मान किया

**एटा (भास्कर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल का सम्पूर्ण जनपद में असर लगातार जारी है। बुधवार को थाना मिरहची क्षेत्र के गांव अचलपुर निवासी सुनहरी लाल ने स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसेंस निरस्त कराया है। डीएम प्रेम रंजन सिंह ने स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने पर सुनहरी लाल को बुलाकर प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। जनपद में अभी तक तीन दर्जन से अधिक शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराए गए हैं। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से किशोरी की मौत, परिजनों में कोहराम

**हाथरस (भास्कर ब्यूरो)।** आगरा-अलीगढ़ राजमार्ग पर बीती शाम को पुरानी सब्जी मंडी में बाइक ने किशोरी को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। कोतवाली सासनी निवासी 12 वर्षीय तान्या पुत्री यासीन खां निवासी छिपैटी बीती शाम को आगरा-अलीगढ़ राजमार्ग स्थित पुरानी सब्जी मंडी से होकर अपने घर जा रही थी। तभी राजमार्ग पर किसी बाइक ने उसे टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। परिजन भी आ गए। आनन-फानन घायल किशोरी को लेकर बाइक सवार बागला जिला अस्पताल पहुंचे। वहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### पॉपकार्न मेकिंग मशीन प्राप्त करने के लिए करें आवेदन

**एटा (भास्कर ब्यूरो)।** जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक सिंह ने बताया है कि शासन द्वारा दिए गए निदेर्शानुसार स्वरोजगार के इच्छुक पापकार्न बनाने वाले ग्रामीण क्षेत्र के भुर्जी समाज के कारीगरों एवं इस उद्योग में रूचि रखने वाले अन्य उद्यमियों को उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पापकार्न मेकिंग मशीन निःशुल्क वितरित की जानी है। इच्छुक उद्यमी अपना आवेदन पत्र वेबसाइट पर ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ऑनलाइन टूलकिटस पंजीकरण एवं आवंटन पर यथाशीघ्र पूर्णकर सम्बन्धित प्रपत्रों सहित अपलोड करना सुनिश्चित करें। यह जानकारी जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक सिंह ने दी है।

## माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**अलीगढ़ (भास्कर ब्यूरो)।** थाना सिविल लाइन इलाके के जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट पर आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया है। इस प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित एक ।ब्ड को दिया गया है और कार्रवाई की मांग की है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के पदाधिकारी प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पदाधिकारी ने बताया कि माध्यमिक विद्यालयों के स्टाफ की लंबे समय से सरकार से मांगे चली आ रही हैं जो की पूरी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि लंबी समय से कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। फिलहाल पदाधिकारीयों ने ज्ञापन के माध्यम से जल्द अपनी मांगों को पूरा कराये जाने की मांग की है।



## युवक से मारपीट, पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

**अलीगढ़।** थाना देहली गेट इलाके के सराय मियां में दबंगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट की है। पीड़ित व्यक्ति यामीन अपनी दुकान पर थे। इस दौरान दबंगों ने उनके साथ जमकर मारपीट की जिससे वह घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति पुलिस के पास गया था। आरोप है की क्षेत्रीय पुलिस ने मामले में कार्रवाई नहीं की है। कार्रवाई न होने पर घायल की पत्नी आज एसपी कार्यालय पहुंची और एसएसपी से मुलाकात कार्यवाही की मांग की है।

## नाला अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की टीम वापस लौटी

**अलीगढ़ (भास्कर ब्यूरो)।** थाना बाना देवी क्षेत्र के आरटीओ के निकट फॉर्चून होटल के बाहर नाला अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम परिवर्तन दल टीम वापस लौटी है। अलीगढ़ की आरटीआई एक्टिविस्ट पंडित केशव देव के द्वारा अवैध अतिक्रमण की शिकायत नगर निगम से की गई थी।

शिकायत पर नगर निगम परिवर्तन दल की टीम आज अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। पंडित केशव देव का आरोप है कि नाला से अतिक्रमण न हटाने को लेकर सिफारिश कराई गई है जिसके चलते नगर निगम परिवर्तन दल की टीम बिना अतिक्रमण हटाई वापस लौटी है।

# दिव्यांग छात्रों के लिए लगाया गया मापन शिविर

भास्कर ब्यूरो

**अलीगढ़।** समग्र शिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र एलमपुर लोधा विकासखंड विकासखंड लोधा में दिव्यांग छात्रों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने हेतु एलिम्को कानपुर के सहयोग उपकरण/ उपस्कर मापन शिविर कैंप का आयोजन किया गया

डीएम विशाख जी. के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश सिंह के कुशल निर्देशन में समग्र शिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के अंतर्गत विकासखंड लोधा के ब्लॉक संसाधन केंद्र एलमपुर पर दिव्यांग छात्रों हेतु एलिम्को कानपुर के सहयोग से मापन शिविर कैंप का आयोजन किया गया। मापन शिविर कैंप में कुल 456 बच्चों ने प्रतिभाग किया, जिसमें अस्थिबाधित 105, सेरेबल पॉलिसी 55 , श्रवण बाधित 49, दृष्टि बाधित 13, बहु दिव्यांग 8 मानसिक मंद 224 लो विजन 2 कुल 456 छात्रों ने प्रतिभाग किया। मापन शिविर कैंप में बेसिक शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी रामशंकर कुरील,जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ऋषी सिंह, धर्मेंद्र सिंह, फिजियोथैरेपिस्ट हृदेश सिंह एवम विशेष शिक्षक सतीश कुमार, मंगला प्रसाद देवेश, विनोद, राजकुमार, जितेंद्र कुमार, केहरी सिंह, पूनम,लतेश सुरेश सहित समस्त विशेष शिक्षक ने सहयोग प्रदान किया। साथ ही कैंप में प्रतिभाग दिव्यांग बच्चों को सूक्ष्म जलपान का वितरण किया गया।



# एसडीएम के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ धरना

भास्कर ब्यूरो

**एटा/जलेसर।** बीते 27 अगस्त से स्थानीय तहसीलदार कोर्ट के सामने किसानों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन बुधवार को एसडीएम विपिन कुमार मौरेल के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। धरने के दौरान भनुप्रताप सिंह के नेतृत्व में सीएम के नाम सम्बोधित एक बारह सूत्रीय ज्ञापनपत्र एसडीएम को सौंपा गया।



किसानों द्वारा गत 27 अगस्त को तहसील परिसर में तहसीलदार कोर्ट के सामने धरना प्रदर्शन शुरू किया गया था।

जो क्षेत्र के गोपालपुर, पांयदापुर, सकरा, कुंजलपुर, सिमराऊ तथा सिरगवां आदि गांवो में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के दौरान चक बनाने के नाम पर चकबंदी अधिकारियों एवं लेखपालों द्वारा की गयी धांधली, गलत चकों के बनवाये जाने की शिकायत किये जाने पर किसानों के विरूद्ध पुलिस सीओ की शह पर झूठे मुकद्दमें दर्ज कराये जाने आदि से संबंधित विभाग द्वारा भाकियू भानू के जिलाअध्यक्ष के विरूद्ध दर्ज कराये गये मुकद्दमों को निरस्त कराये जाने सहित बारह सूत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित एक ज्ञापनपत्र एसडीएम जलेसर को सौंपा गया। धरने के दौरान जनपद व पडौसी जनपदों से सेंकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता एकत्रित हुए।

## पालिकाध्यक्षा ने मेला मार्ग के मरम्मतीकरण का किया शुभारम्भ

**हाथरस(भास्कर ब्यूरो)।** ब्रज क्षेत्र के लक्खी मेला श्री दाऊजी महाराज की तैयारिया जोर शोर से चल रही है इसी क्रम में पालिकाध्यक्षा श्वेता चौधरी ने मेला पंडाल से वागमूला चोराहे से खातीखाना होते हुऐ सासनी गेट चौराहे तक मार्ग के मरम्मतीकरण कार्य का उद्घाटन पूर्व सासंद राजेश दिवाकर की गरिमामई उपस्थिति में किया। राज्य वित्त से हो रहे इस मरम्मतीकरण कार्य की लागत लगभग 26 लाख रुपए है।

इस अवसर पर बोलते हुऐ श्वेता चौधरी ने कहा दाऊजी मेला को भव्य बनाने तथा मेले में आने वाले सभी सम्मानित जनता की सुविधा के लिये नगर पालिका पूरी तरह जुटी हुई है मेले में आने वाले सभी विशिष्ट जनो तथा भारी संख्या में जनता का आगमन इस मार्ग से होता है, राज्य वित्त से लगभग 26 लाख रुपए की लागत से यह मरम्मतीकरण का कार्य कराया जा रहा है, इस के अलावा भी मेला परिसर में साफ-सफाई व पेयजल आदि की व्यवस्था हेतु कार्य किया जा रहे है। इस अवसर पर सभासद अशोक गोला, शाहरुख खान, दिलीप डब्बू, नत्थीलाल पाराशर, सुरेशचन्द्र शर्मा, इसरार पहलवान, सोनू दिवाकर, त्रिलोक आदि उपस्थित रहे।

# पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना छह आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास

भास्कर ब्यूरो

**हाथरस।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों लोकार्पण-शिलान्यास एवं शुभारंभ लखनऊ से किया गया। जिसका सजीव प्रसारण हाथरस में विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण, हॉट कुक्ड मील योजना से संबंधित बाल भोग पोर्टल का शुभारंभ, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बीमा की राशि प्रीमियम का अंतरण किया गया। इसके साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के यूनिफॉर्म का पैसा भी उनके खाते में प्रेषित किया गया।



जनपद के छह आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास मुख्यमंत्री से द्वारा लखनऊ से किया गया। विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में सांसद अनूप प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, विधायक सिकंदराराऊ वीरेंद्र सिंह राण, शरद महेश्वरी जिला अध्यक्ष भाजपा, मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, अन्य विभागों के अधिकारी तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे। जनपद पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं पांच बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। इसके साथ-साथ अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के जागरूकता हेतु बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के पोषण रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। यह पोषण रथ जनपद के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करके पोषण से संबंधित जागरूकता फैलाएगा।

# लक्खी मेला: तत्काल कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

## डीएम ने लक्खी मेला दाऊजी महाराज के भव्य आयोजन के लिए ठेकेदारों के साथ की बैठक

भास्कर ब्यूरो

**हाथरस।** आगामी 9 सितम्बर बल्देव छठ से प्रारंभ हो रहे बृज क्षेत्र का मशहूर एवं जनमानस की आस्थाओं का प्रतीक 113 वॉ विशाल लक्खी मेला श्री दाऊजी महाराज के भव्य आयोजन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों एवं ठेकेदारो के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर जिलाधिकारी आशीष कुमार ने संबंधित को अवशेष कार्यो को ततकाल पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मेला ठेकेदार को मेले में प्रवेश तथा निकासी में



साथ ही पार्किंग व प्रकाश के उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। पार्किंग व्यवस्था को सुचारू ढंग से संचालन हेतु पर्याप्त संख्या में कर्मचारी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला परिसर के साथ ही शहर के मुख्य चौराहों में पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को मेले में खोया पाया केंद की व्यवस्था करने के साथ ही सिफ्ट वार कर्मचारियों की तैनाती करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को मेला परिसर में स्थापित ट्रांसफार्मर के चारो तरफ बैरीकेटिंग कराने तथा विद्युत वितरण हेतु विद्युत पोलो का उपयोग करने के निर्देश दिए।

### भ्रमण कर तैयारियों का लिया जायजा

बल्देव छठ से प्रारंभ हो रहे बृजक्षेत्र का मशहूर एवं जनमानस की आस्थाओं का प्रतीक 113 वॉ विशाल लक्खी मेला श्री दाऊजी महाराज के भव्य आयोजन के दृष्टिगत जिलाधिकारी आशीष कुमार ने पुलिस अधीक्षक के साथ मेला परिसर का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया और पाई गयी कमियों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए।

# प्राथमिक विद्यालय की छत का प्लास्टर गिरा, हादसा टला

भास्कर ब्यूरो

**अवागढ़।** ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मुड़समां में मंगलवार की रात में एक कमरे की छत का प्लास्टर भरभरा का नीचे आ गिरा, गनीमत रही कि छत का प्लास्टर रात में गिरा यदि दिन में यह घटना घटित होती तो कमरे में पढ़ने वाले छात्रों के साथ कोई अप्रिय घटना भी घट सकती थी। प्राथमिक विद्यालय में यह छत का प्लास्टर गिरने की कोई नई घटना घटित नहीं हुई बल्कि इससे पूर्व भी



लोकसभा चुनाव के दौरान इस छत का प्लास्टर टूट कर नीचे आ गिरा था। इस घटना से स्कूल के अध्यापकों द्वारा उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया था लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। जिसके कारण नौनिहालों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। रमेश पाल सिंह जादौन ने जनहित में डीएम प्रेमरंजन सिंह से इस भवन की समस्या को दूर कराए जाने का अनुरोध किया है।

## सूचना

श्री चेतराम सिंह माध्यमिक विद्यालय जैनपुरा एटा की साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की साधारण सभा की बैठक दिनांक 28/09/2024 दिन शनिवार सुबह 11.00 बजे संस्था अध्यक्ष श्री रुकमपाल सिंह की अध्यक्षता में विद्यालय के प्रांगण में बुलाई गई है। जिसमें संस्था की प्रबंध समिति का निर्वाचन होगा। सभी की उपस्थिति अनिवार्य एवं आवश्यक है।

**-मो.नं. 9756054274**

**प्रबंधक- श्री चेतराम सिंह मा. विद्यालय जैनपुरा, जलेसर, एटा**

# जिलाधिकारी ने दनकौर में दो दिवसीय नवाचार मेला-2024 का किया उद्घाटन



**भास्कर ब्यूरो**

ग्रेटर नोएडा। बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दनकौर, गौतमबुद्ध नगर में जनपद स्तरीय 2 दिवसीय नवाचार मेले का आयोजन 4 से 5 सितंबर 2024 तक किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वह इस नवाचार मेले में जनपद के समस्त शिक्षकों द्वारा अवलोकन करने के लिए आदेशित करें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज सरकारी स्कूलों में बच्चों में शिक्षा के प्रत्येक क्षेत्र में निखार आ रहा है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में यह कला प्रदर्शनी डायट गौतम बुद्ध नगर के डीएलएड प्रशिक्षु, परिषदीय शिक्षकों, माध्यमिक के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के भाव एक साथ दिखाई दे रहे हैं, जिससे अन्य शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को बल व साहस के साथ कलात्मक कार्य करने की प्रेरणा मिल सकेगी। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालयों में हो रहे प्रयासों की सराहना की और प्रतिभाग एआरपी जेवर से अपने नवाचारों को विद्यालयों तक ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया। डायट प्राचार्य राज सिंह यादव के निर्देशन में पूरे कार्यक्रम को मार्गदर्शित किया जा रहा है। डायट प्राचार्य द्वारा सभी शिक्षकों को अपने इस नवाचार को अपने बेसिक व माध्यमिक के बच्चों तक उनकी समझ विकसित करने के लिए प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया गया। नवाचार मेले में जनपद के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा कक्षा शिक्षण में प्रयोग किए जाने वाले नवाचारों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले शिक्षक शिक्षकों के नवाचार टीएलएम का मूल्यांकन पांच सदस्यों के निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें एक शिक्षक प्राथमिक, एक उच्च प्राथमिक, एक शिक्षक माध्यमिक और एक डायट से प्रवक्ता को उत्कृष्ट नवाचार के लिए पुरस्कृत किया गया। डायट की वरिष्ठ प्रवक्ता अर्चना गुप्ता द्वारा पूरे कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मंच संचालन डायट प्रवक्ता भूपेंद्र सिंह व सुश्री दीक्षा ने किया व डायट के नोडल शिक्षक भोला कुमार के द्वारा कार्यक्रम को रूपांकित किया गया। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता नियाज मीर, वेद प्रकाश, अर्चना द्विवेदी, दीक्षा, नीता, सुमिता, रीना, उपस्थित रहे।

# मुम्बई में ड्यूटी के दौरान सीआईएसएफ के जवान की मौत,परिजनों में मचा कोहराम, गांव में पसरा सन्नाटा





**भास्कर ब्यूरो**

ग्रेटर नोएडा। जेवर सीआईएसएफ में मुम्बई में तैनात जवान की सोमवार को दौड़ लगाने के दौरान हालत बिगड़ गई जिसको उसके साथ अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और गांव में मातम छा गया। गांव चौरोली निवासी लालाराम के पुत्र राहुल कुमार 26 वर्ष तीन वर्ष पूर्व सीआईएसएफ में भर्ती हुए थे जो वर्तमान में मुम्बई में तैनात थे सोमवार की सुबह मार्निंग वॉक के दौरान अपने साथियों के साथ दौड़ कर रहे थे अचानक उनके सीने में दर्द हुआ तो उनके साथी राहुल कुमार को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया मौत की खबर मुम्बई से गांव चौरोली पहुंचते ही उनके परिजनों में चीख-पुकार मच गई और आसपास के गांवों के हजारों ग्रामीण उनके मकान पर पहुंचे।

### चार बहनों दो भाईयों में सबसे बड़ा था राहुल

सीआईएसएफ में तैनात राहुल कुमार अपने बहन भाईयों में सबसे बड़ा था और उसके ही कंधों पर घर संपूर्ण जिम्मेदारी थी राहुल की दो बहनों को छोड़कर दोनों भाई बहन भी अविवाहित है छोटा भाई व पिता गांव में मजदूरी करते हैं।

### तिरंगा में लिपटकर शव पहुंचा गांव

राहुल कुमार का शव जेवर के निजी अस्पताल टप्पल रोड़ से खुर्जा रोड़ होते हुए सीआईएसएफ के वाहन में ताबूत में रखें शव पर जगह जगह पुष्प वर्षा की गयी देशभक्ति के गानों के साथ साथ हजारों युवा मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने हाथों तिरंगा लेकर भारत माता की जय के साथ साथ राहुल कुमार अमर रहे के नारे लगा रहे थे।

### भाई ने मुखाग्नि दी

राहुल कुमार के अंतिम संस्कार में गांव चौरोली में हजारों लोगो भीड़ के अलावा पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे जहां प्रदीप ने अपने बड़े भाई राहुल कुमार को मुखाग्नि दी तो हर आंख नम हो गयी।

### आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर

राहुल कुमार के घर की हालत बेहद कमजोर है उनके पास कोई जमीन नहीं है जिससे उनकी स्थिति बेहद कमजोर है राहुल खुद अविवाहित थे जिनके रिश्ते भी आ रहे थे।

### जेवर चौराहा पर लगा जाम

राहुल कुमार की शवयात्रा सीआईएसएफ के वाहन से उनके गांव के लिए रवाना हुई तो टप्पल रोड़,मैन चौराहा व खुर्जा रोड़ पर लम्बा जाम लग गया था।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक 03/2024-2025 दिनांकः 10.04.2024

ii) निविदा संख्या 15235293 05.11.2024 को देय है।

1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 05.09.2024 से बढ़ाकर 05.11.2024 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

2759/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाकियू ने समस्याओं को लेकर तहसीलदार को दिया ज्ञापन



**भास्कर ब्यूरो**

गढ़मुक्तेश्वर। भाकियू ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर किसानों से जुड़ीं भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता सोमवार को बहादुरगढ़ क्षेत्र के डेहरा कुटी पर एकत्र हुए, जो प्रदेश महासचिव सुरेंद्र चौहान के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में थाना परिसर के अंदर पहुंच गए। जहां सुधीर त्यागी की अध्यक्षता और एनसीआर अध्यक्ष दिनेश शर्मा के संचालन में पंचायत का आयोजन कर किसानों से जुड़ीं समस्याओं को उठाया गया। सूचना मिलते ही तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह बहादुरगढ़ थाना परिसर में चल रही भाकियू की पंचायत में पहुंच गए। जहां वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव मांगेराम त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष हरिराम वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी राजवीर सिंह, जिलाध्यक्ष पवन हूण, मंडल अध्यक्ष विनोद जटोली ने अपनी मांगों के संबंध में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।। सुरेंद्र चौहान ने कहा कि 2014 से कृषि भूमि के सर्किल रेट में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, इसलिए अविलंब सर्किल रेट बढ़ाया जाए। हरेंद्र चौहान और शिवकुमार तोमर ने आरोप लगाया कि मानचित्र स्वीकृति की आड़ लेकर एचपीडीए द्वारा खुली मनमानी करते हुए कई दशक पहले बने निर्माण को भी ध्वस्त किया जा रहा है, जिस पर सख्ती से रोक लगवाई जाए। उन्होंने फैक्ट्रियों का दूषित पानी खेतों में डाले जाने पर कड़ी कार्रवाई कराए जाने की मांग भी उठाई। तहसीलदार ने वाजिब जन समस्याओं का बहुत जल्द निस्तारण कराने का भरोसा दिया।

# जेवर एयरपोर्ट 25 वें दिन गांव रनहेरा में मांगों को लेकर किसानों का धरना जारी, मांग पूरी नहीं तो,विस्थापन नहीं



**भास्कर ब्यूरो**

ग्रेटर नोएडा। जेवर एयरपोर्ट के दुसरे चरण में जमीन का मुआवजा उठा चुके गांव रन्हेरा के किसान सरकार के अपनी मांगों को मंगवाने के लिए आर पार की लड़ाई करने को लेकर किसान संगठनों का सहारा ले रहे हैं जिसको लेकर बुधवार को गांव रनहेरा में महापंचायत होगी। गांव रनहेरा में पच्चीस दिनों से धरने पर बैठे किसानों ने बताया की गांव को शहर दर्शाकर सरकार किसानों की जमीन को सस्ते में हड़पना चाह रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। शासन प्रशासन ने किसानों के साथ छल कपट और बहुत बडा धोखा किया और गांव को कागजी शहर बना दिया, 2013 के भूमि अधिनियम कानून से शहर को सर्किल रेट का दौगुना और ग्रामीण क्षेत्र को सर्किल रेट का चौगुना मुआवजा मिलना चाहिए था। गांव को कागजी शहर बना कर दुगना मुआवजा दे दिया गया।लेकिन किसान सब कुछ जानते हुए भी देश के विकास के नाम पर किसान मान गया और अपने आंसुओ को किसी को ना दिखाते हुए अपने पूर्वजों की बड़े कष्टों से सींची गई धरोहर को जेवर एयरपोर्ट के नाम कर दिया। अब गांव के विस्थापन में शासन प्रशासन अपना पुराना खेल खेलने जा रहा है, जिसे क्षेत्र के किसान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। ईट का जवाब पत्थर से मिलेगा। जिसकी ज़िम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी । शासन प्रशासन से हम विनम्र निवेदन करते है की हमारी जायज मांगें इस प्रकार है जिनमें घर घेर के बराबर प्लाट दिया जाये,पांच लाख रुपए के स्थान पर के बारह लाख रुपए दिये जाये, न्यूनतम 100 मीटर प्लाट,बेरोजगारों को नौकरी सम्पूर्ण धार्मिक स्थलों का निर्माण , कक्षा 12 तक के स्कूल का निर्माण,प्रत्येक मौहल्ले में सामुदायिक भवन, विस्थापन स्थल पर खेल के मैदान बनवाये जाये,सरकारी अस्पताल व्यवस्था करायी जाये, जेवर टोल की समस्या से छुटकारा दिलाया जाये आदि मांगों को लेकर सरकार व प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की। पंचायत में सैकड़ों किसान मौजूद थे।

## भाजपा नेता की हार्ट अटैक से मौत, पत्नि ने वियोग में दम तोडा, परिजनों में मचा कोहराम

**भास्कर ब्यूरो**

जेवर। जेवर क्षेत्र से भाजपा के भूतपूर्व मंडल अध्यक्ष का अचानक बुधवार की सुबह हार्ट अटैक पड़ने से निधन हो गया मौत की खबर पत्नि को लगी तो उन्होंने ने भी अपने पति के वियोग में दम तोड़ दिया गांव नीमका में पति पत्नि की हार्ट अटैक से मौत की खबर सुनते ही सैकड़ों ग्रामीण उनके आवास पर परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। गांव नीमका निवासी गजेन्द्र पहलवान 58 वर्ष जेवर क्षेत्र से भाजपा के मंडल अध्यक्ष रह चूके हैं जिनको क्षेत्र में अच्छी छवि के तौर पर जाना जाता था बुधवार को अचानक उनको हार्ट अटैक की शिकायत हुई तो परिजन बेहोशी की अवस्था में जेवर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अपने पति की मौत की खबर सुनते ही उनकी धर्मपत्नी चन्द्रवती देवी 55 वर्ष भी बेसुध हो गई जिनको परिजन जेवर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने चन्द्रवती देवी को भी मृत घोषित कर दिया। पति पत्नी की अचानक हार्ट अटैक से हुई मौत से गांव में शोक की लहर है।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मुख्य स्टेशन पर मौजूदा वॉशिंग लाइन संख्या 18, 19, 20 और 21 के विद्युतीकरण के साथ 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,20,25,793.71 | बयाना राशि | ₹2,10,100/- |
| ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 17.09.2024 (10:30 बजे) से 01.10.2024 (15:00 बजे तक) | | |
| ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 01.10.2024 (15:00 बजे) | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in | | |

निविदा सं.: 15C-क.वि.–नई दिल्ली–2024–25 दिनांकः 03.09.2024 2751/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी–2, सैक्टर–ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर–201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम दनकौर में उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या–1410/एस0टी0–एस0डी0एम/2021 दिनांक 21.08.2021 मृतक स्व0 श्री उदयवीर सिंह (नावल्द) पुत्र श्री महीपाल सिंह, निवासी 172 प्रेमपुरी दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 08.07.2021 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दनकौर | 471M 469M | स्व0 श्री उदयवीर सिंह (नावल्द) पुत्र श्री महीपाल सिंह, निवासी 172 प्रेमपुरी दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती अंगूरी | माता | 76 वर्ष | |
| | | | श्री महीपाल सिंह | पिता | 77 वर्ष | |
| | | | श्री निरंजन | भाई | 59 वर्ष | |
| | | | श्री अजय कुमार भाटी | भाई | 50 वर्ष | |
| | | | श्री हेमसिंह | भाई | 48 वर्ष | |
| | | | श्रीमती संयोगता | बहन | 46 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती कुसुम | बहन | 42 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती मंजू कसाना | बहन | 40 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिये जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# सरकार आरक्षण व संविधान को खत्म करने के प्रयास में लगी : निजाम चौधरी



**भास्कर ब्यूरो**

हापुड़। बुधवार को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) का गांव अच्छेजा स्थित एक गार्डन में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में कार्यक्रम में 11 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली आरक्षण बचाओ, संविधान बचाओ महारैली को एकजुट होकर सफल बनाने का कार्यकताओं से आह्वान किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य निजाम चौधरी ने कहा कि आज देश की सरकार आरक्षण व संविधान को खत्म करने का प्रयास कर रही है। भाजपा सरकार देश के दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों सहित अति पिछड़े वर्ग के साथ सौतेला व्यवहार अपना रही है। केंद्र की भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भीम आर्मी चीफ एवं आसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद आने वाली 11 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आरक्षण बचाओ, संविधान बचाओ महारैली का आयोजन कर रहे हैं। महारैली को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर इसमें अपना अहम योगदान दें।

विशिष्ट अतिथि संजय जाटव व आसपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट सुशील आजाद ने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी कार्यकर्ता अपना-अपना मनमुटाव खत्म कर महारैली को सफल बनाने में अभी से मेहनत करने में जुटे। सम्मेलन में सैंकड़ों लोगों ने आसपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेरठ मंडल अध्यक्ष तालिब चौधरी व संचालन मनोज कर्दम ने किया। कार्यक्रम के आयोजन रविंद्र प्रधान रहे। इस दौरान आदिल खान, एडवोकेट संदीप कुमार, बेबी भारती, रीना वर्मा, सोहनपाल प्रधान, लोकेश प्रधान, प्रमोद प्रधान, सतपाल प्रधान, अर्जुन सिंह आजाद, राहुल जाटव, बिलाल चौधरी, अफजल सैफी, वसीम चौधरी, डॉ. योगेंद्र गौतम, अजहर कुरैशी, सुरेंद्र कुमार लाला आदि मौजूद रहे।

# टीबी रोगियों को गोद लेने वालों की बड़ रहीं संख्या

**भास्कर ब्यूरो**

हापुड़। जिला क्षय रोग विभाग का प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान को गति देने का प्रयास जारी है मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आह्वान पर हापुड़ शहर के पांच दोस्त सजल अग्रवाल, राकेश कुमार अग्रवाल, भारत भूषण गोयल, अर्पित जैन और राजेश मुथरेजा ने मिलकर दो सौ टीवी रोगियों को गोद लेकर इस दिशा में एक नया आयाम कायम किया है। सभी दोस्तों ने जिला छह रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 राकेश यादव की उपस्थिति में पीसी कोठी गेट अस्पताल सभागार में सभी मरीजों को बुलाकर पोषाहार प्रदान किया। इस दौरान सजल अग्रवाल ने बताया की अखबार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील त्यागी जी का लेख पढ़कर हमें भी टीवी रोगियों की मदद करने का मोटिवेशन मिला जिसके कारण हम सभी दोस्तों ने दो



सौ टीबी रोगियों को गोद लेकर उनको पोषाहार देने का निर्णय किया।

उम्मीद करते हैं कि इन सभी टीवी रोगियों को आगे भी इसी प्रकार पोषाहार व मोरल सपोर्ट प्रदान करते रहेंगे। सजल अग्रवाल ने मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको दवाइयां बीच में नही छोड़ना है साथ ही अपनी डाइट का भी ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 राजेश सिंह ने मरीजों से कहा कि आपको अपने सभी परिवार जनों की जांच कराना भी अति आवश्यक है। इस मौके पर जिला पी0पी0एम0 समन्वयक सुशील चौधरी एस0टी0एस0 हसमत अली, लैब टेक्नीशियन अमित त्रिवेदी, लाखन आदि मौजूद रहें।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट नंबर-01, सेक्टर नॉलेज पार्क-04, ग्रेटर नोएडा सिटी

जिला- गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम / सैक्टर-मायचा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-एम.ए.आई.01387, भूखण्ड संख्या-383, क्षेत्रफल-160 वर्ग मीटर सर्वश्री विरेन्द्र सिंह, यतेन्द्र सिंह, रनवीर सिंह, राजवीर सिंह पुत्रगण श्री भूले, निवासी-ग्राम-मायचा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री भूले की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री सन्दीप, प्रदीप पुत्रगण स्व० श्री विरेन्द्र सिंह, श्रीमती महेन्द्री देवी पत्नी स्व० श्री विरेन्द्र सिंह, निवासी-ग्राम-मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से सर्वश्री सन्दीप, प्रदीप पुत्रगण स्व० श्री विरेन्द्र सिंह, निवासी-ग्राम-मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री सन्दीप, प्रदीप पुत्रगण स्व० श्री विरेन्द्र सिंह, निवासी-ग्राम-मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# 21वीं सदी मे इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक के बिना देश का सर्वांगीण विकास असंभव : एसडीएम लवी त्रिपाठी

**भास्कर ब्यूरो**

हापुड़। बुधवार ओरिएंटेशन कम इंडक्शन सात दिवसीय कार्यक्रम का उद्धघाटन जे.एम. एस. ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ० आयुष सिंघल, सचिव डॉ० रोहन सिंघल, डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर डॉ सुभाष गौतम,जे.एम. एस. वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ० निधि मलिक,जे.एम. एस. इंस्टिट्यूट के प्राचार्य डॉ धीरज कुमार तथा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता इंजीनियर लवी त्रिपाठी, एस.डी. एम धौलाना एवं विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता डॉ० सुमित्रा सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा आदि ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जे.एम. एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के महानिदेशक प्रोफेसर डॉ० सुभाष गौतम ने बताया की सात दिवसीय ओरिएंटेशन के चतुर्थ फेज में इंजीनियरिंग, एम.बी.ए, एम.सी.ए, फामेर्सी एवं पॉलिटेक्निक के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं ने बढ़





चढ़ के हिस्सा लिया। संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ० आयुष सिंघल एवं सचिव डॉ० रोहन सिंघल ने अपने व्याख्यान मे सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाये देते हुए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को ओरिएंटेशन कार्यक्रम को उनके आगामी पाठ्यक्रम को सुलभ बनाने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता धौलाना एसडीएम लवी त्रिपाठी ने अपने व्याख्यान देते हुए कहा की 21 वी सदी मे इंजीनियरिंग, एम.बी.ए, एम.सी.ए, फामेर्सी एवं पॉलिटेक्निक की शिक्षा के बिना देश का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है, आज देश का युवा नई टेक्नोलॉजी का ज्ञान पाकर अपने भारत देश का नाम केवल अपने देश मे ही नहीं अपितु विदेशो मे भी फैला रहा है। भारत का इंजीनियर, मैनेजर एवं डॉक्टर सदैव से ही प्रभावशाली रहे है तथा अपने ज्ञान से सांसारिक रिकॉर्ड बनाकर भारत के लिए इतिहास रच रहे है। एसडीएम त्रिपाठी ने अपने विधार्थी जीवन के शैक्षणिक अनुभवों एवं इंजीनियरिंग की पढाई को साँझा करते हुए सभी छात्र-छात्राओ को कठिन मेहनत एवं लगन से प्रोफेशनल व टेक्निकल ज्ञान पाकर अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ० आयुष सिंघल ने बताया की किसी भी देश के विकास में एम.बी.ए एवं एम.सी.ए प्रोग्राम्स का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज के युग में हमे कुशल प्रबंधन के लिए योग्य एवं कर्मठ प्रबंधक की जरूरत होती है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौर में फामेर्सी एवं मेडिकल विभाग की सरहाना करते हुए डॉ० सिंघल ने फामेर्सी प्रोग्राम को आज के युग में मील का पत्थर बताया।

# मानसिक स्वास्थ्य और बहुपरकारीक कूटनीति के अग्रदूतः डॉ. नभित कपूर

**भास्कर समाचार सेवा**

दिल्ली। डॉ. नभित कपूर, मानसिक स्वास्थ्य और बहुपरकारीक कूटनीति के क्षेत्र में एक प्रमुख हस्ती हैं। वे 'पीसफुलमाइंड फाउंडेशन' और 'वर्ल्ड लीडर्स फॉर मेंटल हेल्थ' के संस्थापक हैं, जो वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य और भलाई को नीति निर्माण में शामिल करने पर जोर देते हैं। उनके प्रयासों ने मानसिक स्वास्थ्य को वैश्विक पटल पर महत्वपूर्ण बना दिया है। डॉ. कपूर का ध्यान विशेष रूप से अफ्रीका में स्वास्थ्य परियोजनाओं पर है, जहां वे सरकारों के साथ मिलकर मानसिक स्वास्थ्य पर प्राथमिकता से काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में, अफ्रीका में स्वास्थ्य परियोजनाओं के लिए एक प्रभावशाली नेतृत्व और शासन मॉडल विकसित किया जा रहा है। डॉ. कपूर को 20 सितंबर को दुबई में सीईओ समिट और 14 नवंबर को वैश्विक आर्थिक समिट में पैन अफ्रीकन अंतर-सरकारी एजेंसी ऑन वाटर एंड सैनिटेशन के एम्बेसडर के



रूप में निमंत्रण मिला है। उनके योगदान को मान्यता देते हुए, उन्हें 'ऑनरिस काउसा' से सम्मानित किया गया है। डॉ. नभित कपूर का प्रमुख उद्देश्य एक ऐसा समाज बनाना है, जहां मानसिक स्वास्थ्य को एक स्वाभाविक हिस्सा माना जाए और इसके बारे में खुलकर बात की जा सके। उनकी परियोजनाओं और प्रयासों से मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में एक नई आशा और बदलाव का संकेत मिलता है।

विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन अवधि में विस्तार

दुर्गा पूजा/दीपावली/छठ पूजा त्योहार–2024 के दौरान रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है इनका विवरण निम्नानुसार है :–

| रेलगाड़ी संख्या | से | तक | प्रस्थान के दिन | पूर्व अधिसूचित | विस्तारित अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | से | तक |
| 05636 | गुवाहाटी | श्री गंगानगर जं. | बुध | 25.09.24 | 02.10.24 | 27.11.24 |
| 05635 | श्री गंगानगर जं. | गुवाहाटी | रवि | 29.09.24 | 06.10.24 | 01.12.24 |
| 02525 | कामाख्या जं. | आनन्द विहार (ट) | शुक्र | 06.09.24 | 13.09.24 | 29.11.24 |
| 02526 | आनन्द विहार (ट) | कामाख्या जं. | रवि | 08.09.24 | 15.09.24 | 01.12.24 |
| 05671 | गुवाहाटी | आनन्द विहार (ट) | बुध | 04.09.24 | 11.09.24 | 27.11.24 |
| 05672 | आनन्द विहार (ट) | गुवाहाटी | शुक्र | 06.09.24 | 13.09.24 | 29.11.24 |
| 05734 | कटिहार जं. | अमृतसर जं. | वीर | 12.09.24 | 19.09.24 | 28.11.24 |
| 05733 | अमृतसर जं. | कटिहार जं. | शनि | 14.09.24 | 21.09.24 | 30.11.24 |

रेलगाड़ी संख्या 01079/01080 का संशोधित परिचालन अवधि

रेलगाड़ी संख्या 01079/01080 संशोधित परिचालन अवधि के साथ चलेगी , जिसका विवरण निम्नुसार है :–

| रेलगाड़ी संख्या | से | तक | प्रस्थान के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01079 | छत्रपति शिवाजी (ट) मुंबई | गोरखपुर जं. | प्रतिदिन | 25.10.24 से 07.11.24 | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01080 | गोरखपुर जं. | छत्रपति शिवाजी (ट) मुंबई | प्रतिदिन | 27.10.24 से 09.11.24 | 24.10.24 से 13.11.24 |

• अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद वेबसाइट : www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

2752/2024

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

लोग क्या कहेंगे, अगर ये सोचकर आप कुछ नही कर रहे तो आप जीवन की पहली परीक्षा में हार गये।

## सिंटेक्स ने "सिंटेक्स प्योर+ वाटर टैंक" के लॉन्च के साथ वाटर स्टोरेज को एक नया रूप दिया




**भास्कर समाचार सेवा**

मुजफ्फरपुर। वाटर स्टोरेज समाधानों में अग्रणी कंपनी सिंटेक्स ने बिहार में अपने सबसे एडवांस वॉटर स्टोरेज टैंक झ सिंटेक्स प्योर+ के लॉन्च की घोषणा की है। यह नया टैंक स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुरक्षा के लिए कई एडवांस फीचर्स के साथ आता है। सिंटेक्स प्योर+ फूड-ग्रेड वर्जिन प्लास्टिक से बना है और एंटी-माइक्रोबियल थ्रेडेड ढक्कन और 15 साल की सर्वश्रेष्ठ वारंटी के साथ आता है। प्योर+ पानी की सुरक्षा को नए सिरे से परिभाषित करता है।

सिंटेक्स प्योर+ रोगाणुओं के विकास को रोकता है और इस तरह रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए स्वच्छ पानी बनाए रखता है। यहाँ बताया गया है कि कौन सी बातें इसे बाकी से अलग करती है।

## मिवी ने लॉन्च किया सुपरपॉड्स ओपेराः जापान ऑडियो सोसाइटी द्वारा हाई-रेज सर्टिफिकेशन पाने वाला पहला भारतीय ब्रांड

**भास्कर समाचार सेवा**



जयपुर। मिवी, जो वायरलेस ऑडियो सॉल्यूशन्स में अग्रणी है, ने अपने नवीनतम ट्रू वायरलेस स्टीरियो (TWS) ईयरबड्स, ओपेरा सीरीज का लॉन्च किया है–जो सुपरपॉड्स लाइन की तीसरी पीढ़ी है। यह नई सीरीज उच्च गुणवत्ता वाले ध्वनि के लिए एक नई मापदंड स्थापित करती है और मिवी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि मिवी जापान ऑडियो सोसाइटी द्वारा हाई-रेज वायरलेस ऑडियो प्रमाणन प्राप्त करने वाला पहला भारतीय ब्रांड बन गया है। मिवी की सीईओ मिधुला देवभक्तुनी ने कहा, "हमने ऐसा उत्पाद बनाने का लक्ष्य रखा था जो न केवल असाधारण ध्वनि गुणवत्ता प्रदान करता हो, बल्कि मिवी की नवाचार और गुणवत्ता की भावना को भी संजोए। यह भारत के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि हम इस प्रमाणन को प्राप्त करने वाले पहले ब्रांड बन गए हैं, और वायरलेस ध्वनि की सीमाओं को फिर से परिभाषित कर रहे हैं।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने स्कूलों में अयोजित की आकर्षक गतिविधियां




**भास्कर समाचार सेवा**

नोएडा। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने अपने प्रमुख लाइफ गुड न्यूट्रिशन प्रोग्राम के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और वृंदावन के स्कूलों में प्रभावशाली कार्यक्रम को आयोजित करने के साथ इस साल की गतिविधियों की शुरूआत की है। अक्षय पात्र फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य कमजोर वर्ग के बच्चों की शैक्षणिक और पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा कर उनके कल्याण को बढ़ावा देना है। वृंदावन में इस कार्यक्रम ने दूरदराज के क्षेत्रों में छात्रों तक पहुंचने पर ध्यान केंद्रित किया, जो यह सुनिश्चित करता है कि कम पहुंच वाले क्षेत्रों में भी कार्यक्रम के लाभ को पहुंचाया जा सके। इसी तरह एनसीआर में गतिविधियों के माध्यम से विविध पृष्ठभूमि वाले बच्चों को एक साथ लाया गया, और साझा अनुभवों के जरिए सामाजिक भावना को बढ़ावा दिया गया। 1780 से अधिक छात्रों ने रंग और चित्रकला प्रतियोगिता समेत विभिन्न गतिविधियों ने भाग लिया, जिसने युवा प्रतिभागियों की बीच रचनात्मकता और एकता को प्रोत्साहित किया। इन बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्यक्रम की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए।

## टियर-2 शहरों का उदयः भारत के नए रियल एस्टेट का फ्रंटियर Housing.com के चीफ रेवेन्यू ऑफिसर, श्री अमित मसलदान का लेख

**भास्कर समाचार सेवा**

दिल्ली। भारत के रियल एस्टेट लैंडस्केप में एक उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिल रहा है, जिसमें टियर-2 शहर संपत्ति में निवेश के मामले में नई पसंद बनकर उभर रहे हैं। Housng.com की अभूतपूर्व रिपोर्ट, "द भारत इन इंडिया" ने इस रोमांचक ट्रेंड पर प्रकाश डाला है, जिससे पता चलता है कि कैसे कभी नजरअंदाज रहने वाले ये शहरी केंद्र तेजी से अपने समकक्ष के टियर-1 शहरों से बराबरी करने की ओर भाग रहे हैं। वे दिन गए जब मुंबई, दिल्ली और बैंगलोर जैसे नाम ही भारतीय रियल एस्टेट में मायने रखते थे। आज, कोच्चि, जयपुर, गोवा और चंडीगढ़ जैसे शहर आर्थिक विविधीकरण, उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग और बदलते माइग्रेशन पैटर्न के परफेक्ट तूफान से प्रेरित होकर, अपनी सफलता की कहानियां लिख रहे हैं। नगरीय प्रवासन पर महामारी का असर इस महामारी ने इस बदलाव को रफ्तार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब जबकि रिमोट वर्क आदर्श बन गया है, तो कई पेशेवरों ने अपने गृहनगर लौटने या छोटे शहरों में जीवन जीने का विकल्प चुना है, जिससे रिवर्स माइग्रेशन का ट्रेंड शुरू हो गया है। कुशल वर्कर्स की इस आमद ने, बदले में, व्यवसायों और स्टार्ट-अप को आकर्षित किया है, जिससे आर्थिक विकास और नगरीय विकास की सकारात्मक साइकिल तैयार हुई है। उभरते नगरीय केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण जीवन इसके अलावा, इन शहरों में मिलने वाला गुणवत्तापूर्ण जीवन कई लोगों को आकर्षित कर रहा है। आधुनिक सुविधाओं और बेहतर हेल्थकेयर व शिक्षा सुविधाओं के साथ मिलकर, कम भीड़भाड़, कम प्रदूषण स्तर, और धीमी गति का जीवन परिवारों और युवा पेशेवरों दोनों के लिए आकर्षक प्रस्ताव बन गया है। इन शहरों में रियल एस्टेट मार्केट उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए भी विकसित हो रहा है। हाई-राइज अपार्टमेंट और क्लब हाउस, खुली जगह और खेल की सुविधाओं जैसी लाइफस्टाइल संबंधी सुविधाओं की मांग बढ़ रही है। डेवलपर्स इन जगहों के आकर्षण को आगे बढ़ाते हुए, प्रमुख महानगरों की बराबरी करने वाले प्रोजेक्ट्स का निर्माण करके रिस्पॉन्ड कर रहे हैं। किराये का आकर्षक लाभ और निवेश के अवसर दिलचस्प बात यह है, कि कुछ टियर-2 शहरों में किराये से होने वाली आय अपने समकक्ष महानगरों से ज्यादा है। उदाहरण के लिए, प्रमुख महानगरों की तुलना में गोवा में किराए से होने वाली आय ज्यादा है।

## अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप ने लॉन्च किये हिंदी सुपरहिट्स के दो नये रोमांचक ओटीटी प्लेटफॉर्म

**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप ने आज हिंदी सिनेमा और संगीत की समृद्ध विरासत को सम्मानित और संरक्षित करने वाले ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लॉन्च की घोषणा की। अल्ट्रा प्ले और अल्ट्रा गाने के लॉन्च के साथ कंपनी ने क्लासिक बॉलीवुड फिल्मों और सदाबहार हिंदी सिनेमा के प्रशंसकों के लिए एक विशेष डिजिटल अनुभव प्रदान किया है। इन प्लेटफॉर्म्स पर दशकों से भारतीय मनोरंजन का प्रतीक रहे फिल्मों और गानों का संग्रह उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से बॉलीवुड के दिग्गजों को सम्मानित किया गया है।

इनमें फिल्म इतिहास के मूल्यवान रत्न और प्रसिद्ध क्लासिक्स को रिस्टोर किए गए फॉर्मेट में शामिल किया गया है।

अल्ट्रा प्ले प्लेटफॉर्म पर 1950 से अब तक प्रदर्शित गुरु दत्त, राज कपूर, शक्ति सामंता, सुभाष घई, विधु विनोद चोपड़ा आदि दिग्गजों द्वारा बनाई गई 2000 से अधिक हिंदी क्लासिक फिल्मों का खजाना उपलब्ध है। 'हर जमाने का कंटेंट' वाला यह प्लेटफॉर्म बेहद




संतोषजनक मनोरंजन अनुभव प्रदान करता है, जिसका आनंद पूरा परिवार एक साथ बैठकर ले सकता है। अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप के सीईओ सुशीलकुमार अग्रवाल ने कहा अल्ट्रा ने हिंदी, मराठी और अन्य भाषाओं में हजारों शीर्षकों का अधिग्रहण किया है।

## भारतीय टीम वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता 2024 में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए तैयार भारत

**भास्कर समाचार सेवा**

मेरठ। ल्योन फ्रांस में आयोजित होने वाली वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता 2024 में अपनी युवा प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए तैयार है, जहां 70 देशों से 60 प्रतिभागी 61 प्रकार के कौशल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता का आयोजन दो साल में एक बार किया जाता है, इसे इंटरनेशनल स्किलिंग के ओलम्पिक गेम्स के रूप में जाना जाता है, 100 से अधिक ओद्योगिक एवं अकादमिक साझेदारों के सहयोग से 52 से अधिक वर्ल्ड स्किल्स विशेषज्ञों ने भारतीय प्रतिभागियों को इस प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षण देकर तैयार किया है, जो वर्ल्ड स्किल्स ल्योन में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे बड़े समूहों में से एक है। वर्ल्ड स्किल्स ल्योन 2024 में भारत की भागीदारी पर बात करते हुए अतुल कुमार




तिवारी (सचिव, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय) ने कहा, वर्ल्ड स्किल्स 2024 में भारत की भागीदारी विश्वस्तरीय प्रतिभा को बढ़ावा देने की देश की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। हमारे युवा प्रतिभागियों को वर्ल्ड स्किल्स विशेषज्ञों द्वारा सख्त प्रशिक्षण दिया गया है, उन्हें ओद्योगिक एवं अकादमिक साझेदारों से पूरा सहयोग मिला है, अब वे विश्वस्तरीय मंच पर अपने कौशल के प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। यह यात्रा उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण तथा अन्तराष्ट्रीय कौशल प्रणाली में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को दशार्ती है।

## वीस्टार प्लस डायरेक्ट सेलिंग व्यवसाय का एक नया सवेरा

**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय डायरेक्ट-सेलिंग उद्योग काफी विकसित हुआ है। भारतीय डायरेक्ट-सेलिंग उद्योग देश के खुदरा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बन गया है। यह एक ऐसा वैश्वीक बाजार है जहां उत्पाद पारंपरिक खुदरा दुकानों को छोड़कर सीधे उपभोक्ताओं को बेचे जाते हैं। वीस्टार प्लस अग्रणी प्रत्यक्ष बिक्री फर्मों में से एक है जो हाल के दिनों में उभरी है और इसने राजस्व सृजन और कार्य वृद्धि के साधनों में जबरदस्त प्रगति दिखाई है। वीस्टार प्लस के बारे में बात हो रही है, जो सीधे तौर पर देश और दुनिया भर में विश्व स्तरीय सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक वेलनेस उत्पाद बेचता है। वीस्टार प्लस वेलनेस उत्पाद विभिन्न प्रकार के होते हैं, वर्तमान में पचास से



अधिक विश्व स्तरीय वेलनेस उत्पाद सीधे उनके द्वारा बेचे जाते हैं। कंपनी के निदेशक डॉ. रविंदर सिंह से बात करते हुए उन्होंने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग व्यवसाय उन लोगों को आय उत्पन्न करने में मदद कर रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय स्वामी प्रज्ञानंद सम्मान 2024 का हुआ सफल आयोजन



**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। विश्व संत महामंडलेश्वर स्वामी प्रज्ञानंद जी की स्मृति में प्रतिवर्ष प्रदत्त किय जाने वाला अंतरराष्ट्रीय स्वामी प्रज्ञानंद अवार्ड 2024 का दिल्ली के सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में हुआ सफल आयोजन। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नई दिल्ली की संसद बांसुरी स्वराज रही। मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष,मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी जी महाराज रहे। कला के क्षेत्र में दिल्ली से प्रसिद्ध चित्रकार एवं शिक्षाविद राजेश कुमार डेढ़ा को अंतरराष्ट्रीय स्वामी प्रज्ञानंद अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। विश्व माता गायत्री ट्रस्ट की प्रमुख साध्वी विभानंद गिरि द्वारा स्थापित अंतरराष्ट्रीय प्रज्ञानंद अवार्ड से प्रतिवर्ष पांच अलग-अलग क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए दिया जाता है। कला के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित करने वाले राजेश कुमार डेढ़ा को सम्मानित किया गया है। राजेश कुमार डेढ़ा को भगवान गणेश के सर्वाधिक चित्र विभिन्न पदार्थ द्वारा बनाने पर, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड,एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। राजेश कुमार डेढ़ा अपनी चित्रकारी से सनातन धर्म का भी प्रसार व प्रचार कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## महाराजा अग्रसेन की जन्म जयंती पर घोषित हो सार्वजनिक अवकाशः नरेश कुमार ऐरन




**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष नरेश कुमार ऐरन ने कहा कि वैश्य समाज के संस्थापक, कुशल शासक, कर्मयोगी, संतुलित व समता आधारित आदर्श व्यवस्था के रचनाकार, अहिंसा के पुजारी व शांति दूत महाराजा अग्रसेन का राष्ट्र व समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। वर्तमान समय में इनके बताए मार्ग पर चल कर विकसित भारत का निर्माण किया जा सकता है। नरेश कुमार ऐरन और सुनील मित्तल महामंत्री, दरवेश बंसल महामंत्री, अशोक अग्रवाल कोषाध्यक्ष, मुकेश गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष बुधवार प्रेस क्लब में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की तरफ से बुलाई गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने मांग की कि महाराजा अग्रसेन की जन्म जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की तरफ से बताया गया कि महाराजा अग्रसेन मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के वंशज हैं। वह राजा बल्लभ सेन के सबसे बड़े पुत्र थे।

## फि लाटेक्स फैशन्स लिमिटेड का खनन कार्य करने वाली सहायक कंपनी ने हासिल किए कुल 661 करोड़ रुपए के निर्यात ऑर्डर

**भास्कर समाचार सेवा**




नई दिल्ली। हैदराबाद स्थित अग्रणी सॉक्स एवं कॉटन उत्पाद निमार्ता कंपनी फिलाटेक्स फैशन लिमिटेड BSE – 532022, NSE – FILATFASH की सहायक कंपनी फिलाटेक्स माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड को एक महीने में कुल मिलाकर 661 करोड़ रुपए 78,875,000 डॉलर के निर्यात ऑर्डर हासिल हुए हैं।

खनन व्यवसाय में कार्यरत कंपनी की सहायक कंपनी, फिलाटेक्स माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड ने 29 अगस्त, 2024 को घोषणा की कि उसे 1,59,000 टन पॉलिश्ड मार्बल टाइलों की आपूर्ति के लिए गिनी गणराज्य स्थित कंपनी, सोसाइटी डीआईएमओ - बीटीपी एसएआरएल एसडीबीएस से 5 वर्षों से अधिक की अवधि के लिए ऑर्डर मिला है। जिनकी कीमत 43,875,000 अमेरिकी डॉलर करीब 368 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

एसडीबीएस 14 अफ्रीकी देशों में 5000 से अधिक डीलर नेटवर्क के साथ ग्रेनाइट और मार्बल की मुख्य वितरक कंपनी है। यह कंपनी की खनन सहायक कंपनी के लिए दूसरा निर्यात ऑर्डर है।

## 16 साल के हर्ष केडिया ने 2,175 से अधिक श्रमिकों को दृष्टि समर्थन प्रदान किया

**भास्कर समाचार सेवा**



नई दिल्ली। सिर्फ 16 साल की उम्र में, द श्रीराम मिलेनियम स्कूल, नोएडा के 11वीं कक्षा के छात्र, हर्ष केडिया, अपनी पहल, आई केयर इक्वालिटी के माध्यम से दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के चार राज्यों में ब्लू कॉलर वर्कर्स पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहे हैं।

हर्ष ने अपने पिता के साथ फैक्ट्रियों और निर्माण स्थलों पर जाने के दौरान ब्लू कॉलर वर्कर्स द्वारा सामना की गई कठिनाइयों से प्रेरित होकर सितंबर 2023 में इस गैर-लाभकारी संस्था की स्थापना की। उनका उद्देश्य इन श्रमिकों की उपेक्षित आंखों की देखभाल की जरूरतों को पूरा करना है। हर्ष ने TEDxYouth@ The Shriram Millennfium Noida पर अपने सफर और आई केयर इक्वालिटी के मिशन को सांझा किया। आई केयर इक्वालिटी मुफ्त दृष्टि परिक्षण, निदान और सुधारात्मक उपाय प्रदान करता है, जिसमें पढ़ने के चश्मे और आई ड्रॉप शामिल हैं।

यह 15 से अधिक हाई स्कूल वॉलंटियर और LD चैरिटेबल ट्रस्ट के योग्य डॉक्टरों की एक समर्पित टीम के समर्थन से संचालित होता है। इस पहल ने 2,175 श्रमिकों के लिए दृष्टि परीक्षण किए हैं, 778 पढ़ने के चश्मे और 425 आई ड्रॉप वितरित की हैं और 480 दूरी के चश्मे प्रिस्क्राइब किए हैं।

हर्ष के दृष्टिकोण में फैक्ट्रियों के भीतर आंखों के शिविर लगाने शामिल हैं, जिससे संगठन को जरूरतमंद श्रमिकों की कुशलता से सेवा करने में आसानी होति है।

## सिम्बायोसिस इंटरनेशनल युनिवर्सिटी ने SLAT 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किया

**भास्कर समाचार सेवा**

भारत। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) एसआईयू ने सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट (SLAT) 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है, जो युनिवर्सिटी के लॉ प्रोग्राम के लिए बेहद प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा है। इस साल प्रक्रिया में बड़ा बदलाव लाया गया है, इसके लिए ऐप्लीकेशन विंडो आधिकारिक रूप से 14 अगस्त 2024 को खोली गई और अब परीक्षा की दिनांक दिसम्बर 13 (शुक्रवार) और दिसम्बर 15 (रविवार) 2024 को रखी गई है, जबकि पारम्परिक रूप से इसका आयोजन मई में किया जाता है। वे उम्मीदवार जो इस परीक्षा में हिस्सा लेना चाहते हैं, वे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, योग्यता के मानकों एवं अन्य जरूरी जानकारी के लिए रछअळ की आधिकारिक वेबसाईट (https://www.slat-test.org/) पर विजिट कर सकते हैं। परीक्षा दो बार होगी और दोनों में से सर्वश्रेष्ठ स्कोर के आधार पर छात्र युनिवर्सिटी के लॉ प्रोग्राम में प्रवेश पा सकेंगे। SLAT के लिए तारीख को बदल कर दिसम्बर में करना लॉ के महत्वाकांक्षी छात्रों को बेहतर एकेडमिक अनुभव प्रदान करने की एसआईयू की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इससे छात्रों को परीक्षा की बेहतर तैयारी और बेहतर परफोर्मेन्स का अवसर मिलेगा।




## जावा येजदी मोटरसाइकिल्स ने नई जावा 42 एफजे को लॉन्च किया

**भास्कर समाचार सेवा**

गुरुग्राम/नोएडा। भारत में 'नियो-क्लासिक' सेगमेंट की अग्रणी कंपनी जावा येजदी मोटरसाइकिल्स ने जावा 42 लाइफ सीरीज की नवीनतम सदस्य, बिल्कुल नई जावा 42 एफजे को लॉन्च किया है। 42 और 42 बॉबर की सफलता पर आधारित, जावा 42 एफजे "42 लाइफ" थीम के लिए एक रोमांचक नया अध्याय है, जो बेहतर डिजाइन और बेजोड़ राइडिंग अनुभव के प्रति प्रतिबद्धता का जश्न मनाता है। इस मोटरसाइकिल का नाम जावा के दूरदर्शी संस्थापक फ्रांटिसेक जेनेक से प्रेरित है, जिसका उद्देश्य आज के मोटरसाइकिल उत्साही लोगों को एक बोल्ड, आधुनिक राइडिंग अनुभव प्रदान करना है। जावा येजदी मोटरसाइकिल के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा कहते हैं, "2024 जावा 42 मोटरसाइकिल इंजीनियरिंग के लिए



हमारे डिजाइन-आधारित दृष्टिकोण का प्रतीक है। "हमने इस बाइक के साथ अपना समय लिया है, 'कीमत-प्रदर्शन' मैट्रिक्स की सीमाओं को आगे बढ़ाया है और शानदार प्रदर्शन, भव्य रूप और सटीक इंजीनियरिंग का एक बेहतरीन मिश्रण हासिल किया है। भारत में नियो-क्लासिक्स के अग्रदूत के रूप में, 42 एफजे हमारी चुनौती देने वाली भावना और विघटनकारी दृष्टिकोण का प्रमाण है।

**व्यक्ति विशेष**

## निः स्वार्थ जनसेवा और अब राष्ट्र सेवा में उत्कृष्ट योगदान से किया गुरुग्राम का नाम रोशन

- समाज सेवा के क्षेत्र में 14 वर्ष की आयु से शुरूआत और आज राष्ट्रीय स्तर की पहचान

**भास्कर समाचार सेवा**



गुरुग्राम। देश भक्ति और समाज सेवा की विचारधारा को देश के युवाओं बड़े बूढो एवं बच्चों तक सुचार रूप से पहुंचने का कार्य नवीन कुमार से बेहतर शायद ही किसी ने किया है, जिस उम्र में बच्चों को नए-नए खिलौने से खेलने,घूमने, खाने पीने का शौक था उस उम्र में नवीन कुमार ने अपने बड़े बूढ़ों एवं समाज की सेवा का दायित्व निभाने का सर्वोत्तम कार्य शुरू कर दिया था। नवीन कुमार जी के 14 साल की उम्र में देशभक्ति ,राष्ट्रसेवा एवं समाजसेवा के कार्य को प्रारंभ करने के पीछे एक विशेष कारण था संघ के विचारों का गहरा प्रभाव नवीन कुमार पर पड़ना । बचपन से ही राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा के नेतृत्व का रोचक हुनर नवीन कुमार के व्यक्तित्व में दिखने लगा, माता-पिता की सेवा के साथ अपने क्षेत्र व समाज के लोगों का भी उनकी समस्याओं को निपटाने में मदद करने के साथ साथ कई बुनियादी ढाचो की लड़ाई लड़ उन्हें बनवाना शुरू कर दिया था, देशभक्ति से ओतप्रोत भावना ने देश सेवा के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए अपने शहर के लोगों से मिलने जुलने और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिये राजनेताओं एवम अधिकारियों से मोर्चा लेना शुरू कर दिया, युवा समाजसेवी नवीन कुमार का कहना था हम सत्य के साथ हैं सत्य परेशान हो सकता है लेकिन कभी पराजित नहीं होता, ऐसी उत्कृष्ट विचारधारा के साथ उन्होंने शहर में अपनी एक पहचान स्थापित की, गुड़गांव के कुमाऊं समाज ,उड़िया समाज ,राजपूत समाज,ब्राह्मण समाज, पूर्वांचल,जाट समाज, गुर्जर समाज, यादव समाज एवं 36 बिरादरियों के कार्यक्रमों का आतिथ्य ग्रहण करने के साथ-साथ पूर्ण सहयोग किया। समाज के सभी वर्गों का सहयोग होने की वजह से शहर में उपस्थित अव्यवस्थाओं को स्वतः दूर करने का प्रयास युवाओं को अपने साथ जोड़कर शुरू किया शहर में स्वास्थ्य से जुड़े हुए समस्याओं का निदान करने के लिए कैंप लगाकर असहायों एवं निर्धनों की पूर्ण उपचार के साथ मदद किया स्वास्थ्य सेवाओं के बाद जब नवीन का ध्यान शहर की गंदगी पर पड़ा तो उनको समझ में आया कि इन स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था से ज्यादा जरूरी स्वच्छता का होना जरूरी है जिसके लिए तत्काल उन्होंने युवाओं को जोड़ना शुरू किया पढ़े लिखे और योग्य युवाओं को अपने साथ जोड़ने के बाद उन्होंने स्वच्छता अभियान का बढ़-चढ़कर नेतृत्व किया 15000 से ज्यादा युवाओं को जोड़कर शहर के विभिन्न स्थानों एवं धार्मिक स्थलों की सफाई ,कॉलोनियों में सीवरों की सफाई एवं क्षतिग्रस्त ढक्कनों को लगाना , स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था एवं स्वच्छता गाड़ी को घरों तक पहुंचाने का सर्वोत्तम कार्य पलक झपकते ही पूरा कर दिया, कम उम्र में ऐसी समाज सेवा देखने को यदा कदा ही मिलती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कि विचार धाराओं की अमृत धारा को नवीन कुमार जी के युवा विचारों में दर्शन कर सकते हैं । स्वच्छता अभियान के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद नवीन कुमार जी की नजर हमारे समाज में नशे से ग्रस्त युवाओं पर पड़ी जिन्हें देखकर एक बार फिर उनकी आत्मा झकझोर उठी कि जिन कंधों पर देश के भविष्य की जिम्मेदारी है वह नशे से अपने परिवार और अपने भविष्य को नष्ट कर रहे हैं ऐसी स्थिति में नवीन कुमार ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर नशा मुक्ति अभियान का सुदर्शन चलाना शुरू किया जिसके फलक स्वरूप अवैध नशा विक्रय बंद कराया और युवाओं को राष्ट्रभक्ति और देश भक्ति के साथ-साथ अपने परिवार और समाज को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें रोजगार के अवसर भी मुहैया करवाये रोजगार के अवसरों को प्राप्त करने के बाद युवाओं के अंदर एक नया जोश दिखने लगा जिसकी वजह नवीन कुमार थे। कम उम्र में राष्ट्रभक्ति की ऐसी भावना ने उस समय के अधिकारियों और नेताओं को नवीन कुमार के सामने उनकी मांगों को पूर्ण करने के लिए विवश कर दिया , देखते ही देखते कुछ ही सालों में जनता ने नवीन कुमार को एक प्रतिष्ठित युवा समाजसेवी के रूप में पलकों पर बैठना शुरू कर दिया ,जहां देश में जात-पात की लड़ाइयां लड़ी जा रही थी वही नवीन कुमार के नेतृत्व मेंह्न हिंदू मुस्लिम सिख इसाई हम आपस में भाई-भाईह्न के नारे को जीवंत रूप दिया जा रहा था । हर वर्ग हर जाति हर धर्म के लोगों का विश्वास इतना प्रगाढ़ हो गया कि किसी भी धर्म या जाति का कार्यक्रम होने पर नवीन कुमार को विशेष आतिथ्य के तौर पर अपना भाई बंधु समझकर आमंत्रित किया जाने लगा, समाज में आग की तरह फैलती हुई प्रतिभा एवं कर्तव्य निष्ठा नवीन कुमार के पहचान की नींव थी, जिस पर कई नेताओं की जीत का महल खड़ा हो सका और वह सर्वोच्च पद पर भारी मतों से विजय श्री को प्राप्त हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने हजारों युवाओं का नेतृत्व भी किया, खास बात यह रही कि जहां राजनेताओं की दुनिया की चमक दमक लोगों को चकाचौंध कर देती है वही नवीन कुमार के अंदर की राष्ट्रभक्ति की भावना ने उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया, उत्कृष्ट कार्यो को देखते हुए 2016 में युवा सुधार समिति हरियाणा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया ,जो कि आज तक प्रभावी है।

## सार सुर्खियां

### पति की मौत के बाद ससुर ने बनाया अवैध संबंध बनाने का दबाव

अमरोहा। पति की मौत के बाद ससुर अवैध संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। देवर से शादी करा दी। विरोध किया तो दहेज की मांग करने लगे। अब मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की शादी 10 साल पहले पास के गांव निवासी युवती से हुई थी। सालभर पहले करंट लगने से युवक की मौत हो गई थी। आरोप है कि बेटे की मौत के बाद ससुर पुत्रवधु पर गलत नजर रखने लगा। उस पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाता था। बदनामी के चलते पीड़िता शांत रही। इसी दौरान मायके वालों की सहमति से महिला की शादी देवर के साथ करा दी गई। उसके बाद भी ससुर छेड़छाड़ करता रहा। तंग आकर महिला ने विरोध किया तो उस पर मायके से दहेज लाने का दबाव बनाया जाने लगा। मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आरोपी ससुराल वालों के विरुद्ध तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### रास्ते के विवाद में घर में घुसकर मारपीट, केस दर्ज

अमरोहा। मजदूर और उसके परिवार के साथ घर में घुसकर मारपीट की गई। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला नियाजियान निवासी नजाकत का आरोप है कि मोहल्ले के ही निवासी सरवर, शहजाद, फरदीन व दिलनवाज के पास कार हैं, जबकि उन्हें खड़ा करने के लिए गैराज नहीं है। आरोप है कि चारों अपनी कार को नजाकत के घर के सामने सडक पर खड़ा कर देते हैं। इसके चलते आवागमन में परेशानी होती है। बीती 25 मई की रात नजाकत अपने परिवार के सदस्यों के साथ दावत से घर वापस लौट रहा था। मौके पर बाइक निकलने तक की जगह नहीं होने की बात कहने पर आरोपियों ने नजाकत पर हमला कर दिया। घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी आरोपियों ने अभद्रता की। पीड़ित ने शिकायत पुलिस से की लेकिन बाद में कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट की शरण ली। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने मामले में कोर्ट के आदेश पर आरोपी सरवर, शहजाद, फरदीन व दिननवाज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

### सडक हादसे में घायल किसान की उपचार के दौरान मौत

अमरोहा। सडक हादसे में घायल किसान की उपचार के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मामले में आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कुम्हरिया निवासी 44 वर्षीय किसान गजेंद्र सिंह बीती 29 अगस्त की शाम अपनी बेटी के गांव वांदखेड़ी से घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह गांव हादरपुर के सामने पहुंचे तभी लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गजेंद्र सिंह गंभीर घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें कांठ रोड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया था। बीती 31 अगस्त को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सीओ अभिषेक कुमार ने मामले में मृतक के भतीजे अरुण कुमार की तहरीर पर आरोपी ट्रैक्टर चालक शाहरुख खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

### हिन्दू छात्रों के कलावा और तिलक पर बैन, भडके बजरंग दल व एबीवीपी के कार्यकर्ता



गजरौला। मंडी समिति मार्ग पर संचालित पियर्स चढ्डा इंटर कॉलेज पर बजरंग दल व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया। उनका कहना है कि इंटर कॉलेज के संचालक मुस्लिम हैं और वह हिंदू छात्रों को कॉलेज में कलावा व तिलक लगाकर आने पर विरोध करते हैं। प्रत्येक शुक्रवार को नमाज के लिए 12 बजे अवकाश कर देते हैं और प्रार्थना में हाथ भी नहीं जुड़वाते हैं। बुधवार को बजरंग दल के विद्यार्थी प्रमुख पीयूष सिंह व एबीवीपी के जिला संयोजक आकाश यादव, विभाग संयोजक विकास शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र होकर कॉलेज पर पहुंच गए। उनके साथ एक छात्र भी मौजूद था जो, कलावा व तिलक लगाकर आने को मना करने की बात को पुष्ट कर रहा था। इस क्रम में कार्यकताओं ने कॉलेज के गेट पर नारेबाजी करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। संचालक मोहसीन अली से भी नोकझोंक हुई। जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह व अपराध निरीक्षक जितेंद्र बालियान भी पहुंच गए। उन्होंने कार्यकताओं को समझाकर मामला शांत किया। इसके बाद लिखित रूप में समझौता हुआ कि न तो शुक्रवार को नमाज के लिए 12 बजे अवकाश होगा और न ही कलावा व तिलक लगाने के लिए मना किया जाएगा। प्रार्थना स्थल पर बच्चे अपनी इच्छा अनुसार खड़े होंगे यानी, जो बच्चा हाथ जोडकर प्रार्थना करना चाहता है वो, हाथ जोडकर करेगा। इतना ही नहीं कार्यकताओं ने अपनी मौजूदगी में मुस्लिम संचालक से छात्र के हाथ पर कलावा व तिलक भी लगवाया।

### रहरा के युवक की बुलंदशहर में सडक हादसे में मौत



हसनपुर। रहरा के युवक की बुलंदशहर में हुए सडक हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक बाइक पर सवार होकर अपनी बहन के घर से वापस लौट रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं युवक की मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के मुताबिक रहरा थाना क्षेत्र के गांव पौरारा निवासी बृजेश कुमार (25) अपने साथी संजय (गांव काई मुस्तकम निवासी) के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी बहन के गांव चन्देरू से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक सिकंदराबाद–बुलंदशहर रोड पर मरगूबपुर चौराहे के पास पहुंची, अचानक सामने से आ रहे एक दूध के कैंटर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बृजेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वहां बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लेकर थाने ले आई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बृजेश कुमार गांव के राशन डीलर थे और वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खंड बौद्धिक प्रमुख भी थे।

### अब गवाही के लिए कोर्ट जाने की जरूरत नहीं

**अमरोहा।** कानून की नई व्यवस्था लागु होने के बाद गवाही देने की लिए गवाहों को बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट जाने की आवश्यकता नहीं है। वह वहीं से वीडियो कांफ्रेसिंग बूथ के जरिये गवाही दे सकेगा। किसी की गवाही की जरूरत पडऩे पर पुलिस डीएम एसडीएम या कोर्ट ई सम्मन भेजकर गवाह को तलब करेंगे। साथ ही न्याय श्रुति प्लेटफार्म के सहारे उसे गवाही की समय और तारीख के साथ एक लिंक भेजा जाएगा। अब तक किसी भी मामले में बयान देने के लिए साक्षियों को कोर्ट में हाजिर होना पड़ता है। कई बार गवाह, वादकारी मजबूरीवश कोर्ट में पेश नहीं हो पाते थे। गवाह अपने बूथ कोआर्डिनेटर से संपर्क कर वीडियो कांफ्रेंसिंग के संबंध में नियमावली में दिया गया फार्म भरेगा। जिसमें मोबाइल, ईमेल आईडी आदि देगा।

## सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए घर-घर पहुंचे कार्यकर्ता: कंवर सिंह

भास्कर ब्यूरो

**अमरोहा।** बुधवार को अमरोहा-जोया मार्ग स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित भाजपा की बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। अभियान को सफल बनाने के लिए घर-घर पहुंचने जोर दिया गया। सांसद कंवर सिंह तंवर ने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उनसे इस कार्यक्रम के साथ जुडकर सबसे अधिक सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति लोगों के मन में श्रद्धा और सम्मान का भाव है। हर व्यक्ति भाजपा से जुडऩा चाहता है। हम सब की जिम्मेदारी है कि उस तक पहुंचकर उसे पार्टी से जोड़े। सांसद ने कहा कि पिछला रिकॉर्ड तोडकर फिर विश्व की नंबर एक पार्टी भाजपा को बनाना है। धनौरा विधायक राजीव तरारा ने विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि भाजपा की कथनी-करनी में कोई अंतर नहीं है। जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने सदस्यता अभियान में अमरोहा को पहले स्थान पर लाने की बात कही। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश त्यगी, ऋषिपाल नागर, मोमराज सिंह गुर्जर, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, बृजेश चौधरी, पूरन सिंह सैनी, अभिनव कौशिक, चंद्रभान भाटी, रामसिंह सैनी आदि उपस्थित रहे।



## 'उदीशा' का टीम में चयन

भास्कर ब्यूरो

**गजरौला।** नगर की नागपाल क्रिकेट एकेडमी की खिलाड़ी उदीशा ने अंडर-19 में उत्तर प्रदेश की 30 खिलाडिय़ों की टीम में स्थान बनाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वह अब फाइनल ट्रायल व कैंप में 08 से 10 सितम्बर तक कानपुर में प्रतिभाग करेंगी। पहले जिला स्तर फिर जोन स्तर चयनित होने के बाद उदीशा ने कानपुर में प्रतिभाग करते हुए 120 खिलाडिय़ों में स्थान बनाया।

अगले चरण में वह 60 खिलाडिय़ों में चुनी गईं और अब अंतिम 30 खिलाडिय़ों में उनका चयन हुआ। कोच सरदार हरजीत सिंह व अनुज कुमार ने बताया कि उदीशा के प्रयास से एकेडमी के साथ साथ पूरा क्षेत्रा हर्षित है।



## शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

भास्कर ब्यूरो

**अमरोहा।** शादी का झांसा देकर युवक ने युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया। उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। रिश्ता भी तय हो गया, लेकिन दहेज की मांग को लेकर रिश्ता टूट गया। उसके बाद भी युवक दुष्कर्म करता रहा। इसी दौरान युवती के रिश्तेदार युवक ने बैंक से ऋण दिलाने का झांसा देकर छेड़छाड़ की। अब दोनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती का प्रेम प्रसंग मोहल्ला रज्जाक बाजार निवासी नजम से चल रहा था। आरोप है कि शादी का वादा कर नजम ने युवती से शारीरिक संबंध बना लिए। हालांकि दोनों के परिजनों ने पिछले दिनों उनका रिश्ता भी तय कर दिया था। परंतु दहेज के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया तो रिश्ता भी टूट गया। उसके बाद भी नजम ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। युवती का आरोप है कि इसी दौरान रिश्तेदार युवक मुंतजिम ने उसे बैंक से ऋण दिलाने का झांसा दिया तथा आधार कार्ड ले लिया। ताकि दहेज की मांग को पूरा कर सके। युवती ने मुंतजिम पर भी छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। कार्रवाई न होने पर रविवार को युवती ने अपनी वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी प्रसारित की थी। साथ ही एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया था। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि इस मामले में नजम व मुंतजिम के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है ।मामले की जांच की जा रही है।



### घर में नकब लगाकर नगदी समेत हजारों की चोरी

**नौगांवा सादात।** क्षेत्र के गांव खेडका में राजेश कुमार का परिवार रहता है। उनके बेटे योगेश कुमार नीली खेड़ी स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। मंगलवार की रात 11:30 बजे योगेश कुमार घर पर आए थे। इसके बाद खाना खाकर परिवार सो गया। इसके बाद अज्ञात चोर घर के मकानों में दो जगह नकब लगाकर दाखिल हो गए। यहां संदूक और अलमारी के ताले तोडकर 1500 रुपये की नकदी और सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए। घटना की जानकारी बुधवार की सुबह आंख खुलने पर हुई। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## प्लॉट का सौदा कर सिपाही से हड़पे दो लाख रुपये




भास्कर ब्यूरो

**अमरोहा।** प्रापर्टी डीलर ने सिपाही को प्लाट बेचने का झांसा दिया। उससे दो लाख रुपये ले लिए। न तो प्लाट का बैनामा कराया तथा न ही पैसे लौटाए। उलटे धमकी दी गई। अब पुलिस अधीक्षक के आदेश पर इस मामले में आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कालीलेट हसनपुर कचिया के रहने वाला रुकुम सिंह यूपी पुलिस ने सिपाही है। वर्तमान में उसकी तैनाती अमेठी जनपद में है। रुकुम सिंह का आरोप है कि कुछ दिन पहले उसकी मुलाकात नगर कोतवाली क्षेत्र की आवास विकास कालोनी निवासी बाबी ठाकुर उर्फ श्याम सुंदर से हुई थी। दोनों के बीच प्लाट खरीदने बेचने की बात भी हुई थी। रुकुम सिंह ने एक प्लाट का सौदा तय कर लिया था। जिसके लिए दो लाख रुपये बाबी ठाकुर के खाते में भी ट्रांसफर कर दिए थे। उसके बाद बाबी ठाकुर जल्दी ही प्लाट का बैनामा कराने का झांसा देता रहा। बाद में इन्कार कर दिया। न तो पैसे ही लौटाए जा रहे हैं तथा न ही बैनामा किया है। जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित सिपाही ने पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह को शिकायती पत्र दिया था। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि एसपी के आदेश पर बाबी ठाकुर उर्फ श्याम सुंदर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## नव चयनित अवर अभियंताओं को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

भास्कर ब्यूरो


**अमरोहा।** बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित तीन अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। डीएम राजेश कुमार त्यागी के मुताबिक प्रदेश में कुल 1334 व अमरोहा में तीन अवर अभियंताओं मुकेश कुमार, उमेश एवं अतुल शर्मा को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। सांसद कंवर सिंह तंवर ने अपने हाथों से अवर अभियंता का नियुक्त पत्र को सौंपा। इस दौरान सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में प्रतिभा का सम्मान हो रहा है। बिना किसी सिफारिश एवं बिना किसी रिश्वत के योग्य लोगों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने चयनित अवर अभियंताओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि आपकी तैनाही जहां भी हो, वहां पर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ सौंपे गये कार्यों का निर्वहन करें। इस मौके पर माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोला, पालिका चेयरपर्सन शशि जैन, सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्रा, डीडीओ सरिता द्विवेदी, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड मुरादाबाद राजेश कुमार गंगवार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## दहेज उत्पीडन में फंसे ससुराल वाले

भास्कर ब्यूरो

**अमरोहा।** दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि ससुराल में उस पर मायके से पांच लाख रुपये व कार लाने का दबाव बनाया जाता था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर कोतवाली के मुहल्ला बटवाल निवासी विशाल की पत्नी ज्योति का कहना है कि दो साल पहले दोनों की शादी हुई थी। मायके वालों ने काफी दान-दहेज दिया था। आरोप है कि ससुराल वालों ने दहेज का सामान बेच दिया। जबकि पूछने पर वह सामान किसी अन्य स्थान पर रखने की बात कहते थे। ज्योति के बार-बार पूछने पर उन्होंने उसे ताने देना शरू कर दिए। बाद में मायके से कार व पांच लाख रुपये लाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। ज्योति मायके में आकर रहने लगी। विवाहिता का आरोप है कि 19 अगस्त 2024 को सास रमा, ससुर सीताराम, पति विशाल, ननद ज्योति, जेठानी निशा व जेठ मुन्नू मायके आ गए तथा दहेज की बात करने लगे। वहां पर मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।



## पात्रों के नाम मतदाता सूची में जोड़े: डीएम



भास्कर ब्यूरो

**अमरोहा।** डीएम राजेश कुमार त्यागी ने बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटो युक्त निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बैठक की। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

बीएलओ को अभियान के तहत एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्रों के नाम मतदाता सूची में जोडऩे का निर्देश ने दिया गया।

डीएम ने मृत मतदाताओं के नाम काटने, मोबाइल नंबर, नाम, पता आदि जानकारी दर्ज करने के लिए भी निर्देशित किया। किसी भी शिकायत पर तत्काल प्रार्थना पत्र देने का सुझाव राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिया। पात्र हर व्यक्ति का नाम सूची में शामिल करने के साथ ही अपात्रों के नाम सूची से हटाने की बात कही।

इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व बृजेश त्रिपाठी, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र समेत अन्य संबंधित अधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## शिक्षामित्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग



भास्कर ब्यूरो

**गजरौला।** दलित महापंचायत पदाधिकारियों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर शिक्षिका उमा देवी पर अपमानजनकर टिप्पणी करने की आरोपी शिक्षामित्र रिंकी चौधरी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.टीपी सिंह के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिध्मिण्डल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने और आरोपी शिक्षामित्र पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। इसी के साथ-साथ शिक्षिका पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई न करने की मांग भी ज्ञापन में की गई है। मांग पूरी न होने पर आगामी 09 सितम्बर को कलेक्ट्रेट पर महापंचायत के आयोजन की बात कही गई है। इस अवसर पर अम्बेडकर युवक संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चंद्र मौर्य, दिनेश, आशीष चौधरी, परवेन्द्र कुमार, राजवीर सिंह मौजूद रहे।

## 14 पुलिस कर्मियों का हुआ तबादला

**अमरोहा।** जिले में पुलिस अधीक्षक ने एक बार फिर 14 पुलिस कर्मियों के तबादले किए हैं। इनमें सात चौकी प्रभारी भी शामिल हैं। बुधवार को एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि तबादलों के क्रम में आदमपुर थाने की दढियाल चौकी प्रभारी सोनू कुमार को डिडौली कोतवाली की जिवाई चौकी का प्रभारी बनाया है। जबकि जिवाई चौकी प्रभारी सुक्रमपाल राणा को गजरौला की कस्बा चौकी का प्रभारी बनाया है। जबकि गजरौला कस्बा चौकी प्रभारी अरुण गिरी को कस्बा चौकी प्रभारी सैदनगली बनाया है। वहीं सैदनगली कस्बा चौकी प्रभारी अरुण कुमार को चौकी प्रभारी दढियाल बनाया है। वहीं पुलिस लाइंस में तैनात दारोगा अजेंद्र तोमर को देहात थाना की कैलसा चौकी का प्रभारी बनाया है। अमरोहा नगर कोतवाली में तैनात दारोगा रामवीर सिंह को देहात थाना की नन्हेड़ा चौकी का प्रभारी बनाया है। साथ ही नन्हेड़ा चौकी प्रभारी अरविंद कुमार को हसनपुर कोतवाली में तैनाती दी है।

एसपी ने इसके अलावा सीओ सदर कार्यालय में तैनात हेड कांस्टेबिल कपिल कुमार, मंडी धनौरा में तैनात सिपाही नीरज कुमार, गजरौला में तैनात सिपाही मनीष पंवार व राहुल कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। गजरौला में तैनात महिला सिपाही सर्वेश को सीओ धनौरा कार्यालय, अमरोहा देहात थाने से शिवानी त्यागी को महिला थाना तथा रूबी को न्यायालय सुरक्षा में तैनाती दी है।

### प्रेम प्रसंग में दो युवती लापता, रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा।** प्रेम प्रसंग के चलते नगर कोतवाली क्षेत्र से दो युवतियां लापता हो गई हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। दोनों को तलाश किया जा रहा है। पहला मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला का है। आरोप है कि यहां रहने वाली व्यक्ति की 18 वर्षीय बेटी को मुहल्ला चौक निवासी आजम बहला-फुसला कर ले गया है। इसमें उसके परिजनों ने भी मदद की है। इस मामले में युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने आजम व उसके परिजनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं दूसरा मामला भी नगर के एक मुहल्ले का है। यहां रहने वाली युवती का प्रेम प्रसंग अपने घर के सामने रहने वाले युवक से चल रहा था। रविवार रात को दोनों लापता हो गए। सोमवार सुबह परिजन सोकर उठे तो उन्हें बेटी के लापता होने की जानकारी हुई।

# संवाद

जो फूल सूखे वीरान बीहड़ों में मुसीबतों के साथ खिलते हैं, वो बहुत ही विरल और खूबसूरत होते हैं

## बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम दखल

शीर्ष अदालत ने एक उस विवादास्पद मुद्दे पर स्पष्ट राय देश के सामने रखी है जिसकी तार्किकता को लेकर पिछले कई वर्षों से बार-बार सवाल उठ रहे थे। यानी कुछ राज्य सरकारों के बुलडोजरी न्याय को लेकर। खासकर भाजपा शासित राज्यों में गंभीर अपराधों व अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा चलता देखा गया। जाहिर तौर पर इस तरह की कार्रवाई न्याय की कसौटी पर खरी नहीं उतरती है। सवाल यह भी है कि जब तक किसी व्यक्ति पर सिर्फ आरोप ही लगे हैं, तो उसका घर कैसे गिराया जा सकता है? इस विवादास्पद कार्यशैली को लेकर दाखिल याचिकाओं की सुनवायी के दौरान देश की शीर्ष अदालत ने तल्ख टिप्पणियां की हैं। अदालत का मानना था कि भले ही कोई व्यक्ति किसी संगीन मामले में दोषी हो तो भी बिना न्यायिक प्रक्रिया पूरी किए ऐसी कार्रवाई नहीं की जा सकती है। लेकिन साथ ही अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इसके मायने अवैध निर्माण को संरक्षण देना कदापि नहीं है। दरअसल, इस मामले में केंद्र व राज्य सरकारों की तरफ से दलील दी जाती रही है कि जिन मामलों में यह कार्रवाई की गई वे गैरकानूनी कब्जे कर किए गए अनधिकृत निर्माण थे। निस्संदेह, ये दलीलें मामले में जरूरी प्रक्रिया को न अपनाये जाने के चलते न्याय के अनुरूप नहीं ठहराई जा सकती हैं। दरअसल, हाल के वर्षों में कई बार देखने में आया कि कुख्यात अपराधियों,हत्यारों व बलात्कारियों के घर जमींदोज कर दिए गए। सतही तौर पर कहा जाता रहा है कि ऐसे अपराधियों में शासन-प्रशासन का भय होना चाहिए। लेकिन इस कार्रवाई को व्यापक अर्थों में देखें तो यह न तो कानून की कसौटी पर खरा उतरती है और ना ही इसे मानवीय दृष्टि से सही कहा जा सकता है। यही वजह है कि गाहे-बगाहे राजनीतिक पार्टियों और सामाजिक संगठनों द्वारा ऐसी कार्रवाई को लेकर सवाल उठाये जाते रहे हैं। निश्चय ही किसी सभ्य समाज में ऐसे सवालों का उठना लाजिमी है। सर्वोच्च न्यायालय के उस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है जिसमें कहा गया था कि किसी मामले में आरोप लगने के बाद ऐसी कार्रवाई कानून सम्मत नहीं है। लेकिन ऐसी कार्रवाई तब भी नहीं की जानी चाहिए जब उसका अपराध साबित हो गया हो। निस्संदेह, घर एक पारिवारिक इकाई का नाम है। एक घर को बनाने में एक व्यक्ति की पूरी उम्र लग जाती है। फिर परिवार के तमाम सदस्यों का भी तो वह घर होता है। उनको अपराधी या आरोपी व्यक्ति के कृत्यों के चलते बेघर तो नहीं ही किया जा सकता। यह न केवल कानून के विरुद्ध है बल्कि अमानवीय कदम भी है। जिनका किसी अपराध से लेना-देना न हो, उन्हें दंडित करना अन्याय ही तो है। फिर यदि किसी व्यक्ति के घर पर आरोपों के चलते बुल्डोजर चला दिया गया हो और वही व्यक्ति कालांतर आरोपमुक्त हो जाए, तो ध्वस्त घर बनाने की जिम्मेदारी किसकी होगी? शासन-प्रशासन के अधिकारियों को अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने के बजाय विवेक व न्यायसंगत तरीके से कोई निर्णय लेना चाहिए। निस्संदेह, अतिक्रमण का संकट देशव्यापी है, जिसे धर्म-जाति से परे कानून की दृष्टि से देखा जाना चाहिए। बल्कि तमाम तरह के अतिक्रमणों को बढ़ावा देने में राजनेताओं की बड़ी भूमिका होती है। कालांतर वोट बैंक बनाने के लिये वे इन अवैध निर्माणों को वैध बनाने की कोशिश में जुट जाते हैं। बहरहाल, देश में अतिक्रमण हटाने और बुलडोजर के इस्तेमाल को लेकर देशव्यापी दिशा-निर्देश तय होने चाहिए। जिससे राजनीतिक दल अपने निहित स्वार्थों के लिये इस कार्रवाई को तार्किक ठहराने की कोशिश न कर सकें। साथ ही अवैध निर्माण गिराने की प्रक्रिया सबके लिये एक समान होनी चाहिए। वैसे तो अवैध निर्माण हटाने की प्रक्रिया निरंतर सालभर चलने वाली प्रक्रिया है, इसका चुनाव या लक्षित समय में उपयोग करना गलत होगा। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सभी हितधारकों से सुझाव मांगे हैं ताकि पूरे देश में बुलडोजर के इस्तेमाल के बाबत तार्किक व एकरूपता वाले दिशा-निर्देश राज्य सरकारों को दिए जा सकें। सवाल अधिकारियों का अपनी विश्वसनीयता कायम करने का भी है।

## पशुवध निंदनीय-दंडनीय कर्म

सतोगुण में किये गये पुण्यकर्मो का फल शुद्ध होता है, अतएव वे मुनिगण, जो समस्त मोह से मुक्त हैं, सुखी रहते हैं। लेकिन रजोगुण में किये गये कर्म दुख का कारण बनते है। भौतिक सुख के लिए जो भी कार्य किया जाता है, उसका विफल होना निश्चित है। उदाहरणार्थ, यदि कोई गगनचुम्बी प्रासाद बनवाना चाहता है, तो उसके पूर्व अत्यधिक कष्ट उठाना पड़ता है। मालिक को धन-संग्रह के लिए कष्ट उठाना पड़ता है और प्रासाद बनाने वाले श्रमिकों को श्रम करना होता है। अतएव भगवद्गीता का कथन है कि रजोगुण के अधीन होकर जो भी कर्म किया जाता है, उसमें निश्चित रूप से महान कष्ट भोगने होते हैं। इससे यह मानसिक तृप्ति हो सकती है कि मैंने यह मकान बनवाया या इतना धन कमाया, लेकिन यह वास्तविक सुख नहीं है। जहां तक तमोगुण का सम्बन्ध है, कर्ता को कुछ ज्ञान नहीं रहता, अतएव उसके समस्त कार्य उस समय दुखदायक होते हैं और बाद में उसे पशु जीवन में जाना होता है। पशु जीवन सदैव दुखमय है, यद्यपि माया के वशीभूत होकर वे इसे समझ नहीं पाते। पशुओं का वध भी तमोगुण के कारण है। पशु-बधिक यह नहीं जानते कि भविष्य में इस पशु को ऐसा शरीर प्राप्त होगा, जिससे वह उनका वध करेगा। यही प्रकृति का नियम है। मानव समाज में यदि कोई किसी मनुष्य का वध कर दे तो उसे प्राणदंड मिलता है।

## प्रेरणाप्रद मोती



संयम, सेवा और सहिष्णुता की साधना ही गृहस्थ का तपोवन है।

**पं श्रीराम शर्मा आचार्य**
**(गायत्री परिवार)**

## राशिफल

मेष राशि :- मानसिक खिन्नता, कार्य विफलता, असमंजस किन्तु बड़े लोगों से मेल मिलाप मिलन होगा।

वृष राशि - व्यावसायिक गति अनुकूल, कार्य संपन्नता से संतोष चिन्ता कम होगी, विशेष ध्यान रखे।

मिथुन राशि - कार्यकुशलता से संतोष हो, अर्थ व्यवस्था अनुकूल होगी, बिगड़े कार्य बन जाएगे।

कर्क राशि - अधिकारी से विशेष लाभ सुख एवं सफलता मिलेगी, रुके कार्य बना लेगे।

सिंह राशि - अनायास परिश्रम होगा, विशेष कार्य स्थिगित रखे व्यवस्था उत्तम बनी रहेगी।

कन्या राशि - सामाजिक कार्यो में प्रभुत्व, प्रतिष्ठा वृद्धि, दृढ़ता से कार्य निपटा लेंगे, ध्यान रखे।

तुला राशि - दुर्घटना का शिकार होने से बचिए, भाग्य का सितारा साथ देगा, रुके कार्य बन जाएगा।

वृश्चिक राशि - असमर्थता का वातावरण, क्लेश युक्त रहेगा तथा मानसिक बेचैनी अवश्य ही बढ़ेगी।

धनु राशि - अर्थलाभ कार्य कुशलता से सहयोग मिले, दैनिक समृद्धि के साधन बनेंगे, कार्य पूर्ण संपन्न होगे।

मकर राशि - धन का व्यय असमर्थता का वातावरण रहेगा, कार्य व्यवसाय में ध्यान सदैव रखे कार्य संपन्न होगे।

कुंभ राशि - स्थिति यथावत बनी रहेगी, प्रयत्न जारी रखे किन्तु परिणाम अच्छा लाभकारी नहीं होगा।

मीन राशि - मनोबल उत्साहवर्धक होगा, कार्य कुशलता से संतोष होगा, रुके कार्य एक-एक करके बनेंगे।

# अरिघात के आने से भारत की बढ़ी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता



सुरेन्द्र कुमार मिश्र

परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलेस्टिक प्रक्षेपास्त्रों से लैस अरिहंत श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी हाल ही में नौ सेना में शामिल हो गयी। परमाणु पनडुब्बी अरिघात (एस-3) को विशाखापट्टनम में भारतीय नौ सैनिक बेड़े में जुड़ गयी। बहुचर्चित एवं शक्तिशाली परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिधात को भारत की नौसैनिक शक्ति और परमाणु प्रतिरोध क्षमताओं की वृद्धि की दिशा में एक प्रभावी एवं सामयिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इसके फलस्वरूप न केवल भारतीय नौ सेना की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी, बल्कि निरन्तर बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच भारत की रणनीतिक स्थिति भी सुदृढ़ एवं सशक्त होगी। यह चर्चित परमाणु पनडुब्बी 750 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली के-15 परमाणु बैलिस्टिक प्रक्षेपास्त्रों से लैस 6000 टन भार वाली यह पनडुब्बी भारत की समुद्री क्षमताओं में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में इन नयी परमाणु पनडुब्बी आई.एन.एस अरिघात को भारतीय नौ सेना में शामिल किया गया। इस श्रेणी की परमाणु पनडुब्बी के संचालन से भारत की समुद्री, हवाई तथा जमीनी परमाणु आक्रमण करने को क्षमता बढ़ेगी। परमाणु उर्जा से संचालित पनडुब्बियां एक लम्बी अवधि तक पानी के अन्दर रह सकती हैं। जिससे उनकी दृश्यता और भेद्यता बहुत ही कम हो जाती है। जबकि पारम्परिक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों के विपरीत, जिन्हें अपनी बैटरी रिचार्ज करने के लिए समय-समय पर समुद्री सतह में आने की आवश्यकता पड़ती है।

अरिधान परमाणु पनडुब्बी देश की परमाणु तिकड़ी यानी परमाणु ट्रायडंट को और मजबूत करेगी, परमाणु प्रतिरोध क्षमता को बढ़ायेगी, क्षेत्र में रणनीतिक संतुलन और शान्ति स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी तथा देश की रक्षा व सुरक्षा में निर्णायक भूमिका भी निभायेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे राष्ट्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि और सरकार के रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के अटूट संकल्प का ही एक स्पष्ट प्रमाण बताया। इस क्षमता को हासिल करने



में कड़ी मेहनत और तालमेल के लिए भारतीय नौ सेना तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डी.आर.डी.ओ.) व सम्बन्धित उद्योगों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से देश के औद्योगिक क्षेत्र, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मन्त्रालय (एमएसएमई) को भारी बढ़ावा मिला है और रोजगार के अधिक अवसर पैदा हुए है। अरिहंत श्रेणी को दूसरी पनडुब्बी अरिधान अरिहंत का ही एक उन्नत एवं नवीन स्वरूप है, जोकि अत्याधुनिक हथियार प्रणाली व उपकरण से लैस है। इस अरिघात परमाणु पनडुब्बी की लम्बाई 112 मीटर तथा चौड़ाई 11 मीटर है और इसकी गहराई 9.5 मीटर है। इसकी प्रमुख विशेषता यह है कि यह दुश्मन को आश्चर्यचकित करके उसकी पकड़ में आये बिना हमला करने में सक्षम हैं। यह समुद्री सतह में डेढ़ हजार फुट से अधिक गहराई में जाकर अपना संचालन कर सकती है। परमाणु शक्ति सम्पन्न होने के कारण आईएनएस अरिघात पनडुब्बी परम्परागत अन्य पनडुब्बियों की तुलना में महीनों तक पानी के अन्दर रह सकती है। इसमें 83 मेगावाट के लाइट वाटर रिएक्टर लगे हैं, जिनके माध्यम से इसका संचालन किया जाता है।

आईएनएस अरिघात' भारत की परमाणु क्षमता को और अधिक सशक्त क्षमता प्रदान करेगी। इससे क्षेत्रीय सामुद्रिक सामरिक संतुलन और शान्ति स्थापित करने में भी सक्रिय सहयोग प्रदान करेगी। इस समय अमेरिका, रूस और चीन आदि देशों के पास लम्बी दूरी तक मार करने वाले प्रक्षेपास्त्रों वाली बड़ी बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियां (एस. एस. बी. एन.) है। अमेरिका के पास 14 ओहियों श्रेणी की बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियां हैं, जबकि चीन के पास 6 जिन-क्लास बैलिस्टिक मिसाइल युक्त पनडुब्बियां हैं जो जे एल.- 3 प्रक्षेपास्त्रों से लैस है। इनके प्रक्षेपास्त्रों की मारक क्षमता 10,000 किलोमीटर तक है।

देश की यह स्वदेश निर्मित दूसरा परमाणु पनडुब्बी है जो हिन्द महासागर एवं हिन्द प्रशान्त क्षेत्र में अपने सामुद्रिक हितों की सुरक्षा में सक्रिय भूमिका निभायेगी। इसके प्रक्षेपास्त्रों के प्रहार क्षमता समुद्र से समुद्री सतह पर, समुद्र से जमीन पर तथा समुद्र से हवा में परमाणु प्रक्षेपास्त्रों का प्रहार किया जा सकेगा। यह परमाणु पनडुब्बी भारत के स्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमाण्ड का एक प्रमुख हिस्सा भी होगी। स्टेटेजिक फोर्स से जुड़े होने के कारण इस परमाणु पनडुब्बी की कमीशनिंग के सन्दर्भ में अधिकारिक पुष्टि शेयर या साझा नहीं की गयी है। इसी के साथ भारत अमेरिका, रूस, फ्रान्स, बिट्रेन और चीन के अतिरिक्त दुनिया का छठवां परमाणु बथ (न्यूक्लियर ट्रायट) देश बन चुका है। इस परमाणु प्रक्षेपास्त्र युक्त 'अरिघात पनडुब्बी के सन्दर्भ में चीन के सरकारी समाचार पत्र' ग्लोबल टाइम्स' ने चीनी विशेषज्ञों के हवाले से कहा कि भारत को शक्ति प्रदर्शन की बजाय इस शक्ति को एक गंभीर उत्तरदायित्व के अनुसार रखना चाहिए और शान्ति तथा स्थिरता में सक्रिय सहयोग करना चाहिए। परमाणु ऊर्जा संचालित इस प्रक्षेपास्त्र युक्त पनडुब्बी से भारत की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता बढ़ गयी है, लेकिन इसके साथ ही इस तरह की ताकत रखने से जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। चीन की इस प्रतिक्रिया का जवाब देते हुए भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने एक्स पर लिखे पोस्ट पर कहा - आज के दिन निश्चित रूप से चीन की नौ सेना दुनिया में सबसे बड़ी है और वह शक्ति प्रदर्शन नहीं करता है, बस दोस्तों के बन्दरगाहों पर जाता है। (चीन का) कितना बड़ा पाखण्ड है। बता दें कि चीन ताइवान, जापान, फिलीपीन्स, वियतनाम जैसे पड़ोसी देशों को अवसर अपनी नौ सेना भेजकर डराता धमकाता रहता है। इसके बाद भी चीनी सरकारी समाचार पत्र भारत को ज्ञान दे रहा है।

भारत सरकार की योजना दीर्घकालिक खरीद एवं क्षमता विकास रणनीति के तहत सरकार की योजना परमाणु और पारम्परिक दोनों प्रकार की पनडुब्बियों के निर्माण की है। इसमें पांच अरिहन्त श्रेणी की पनडुब्बियों और छह परमाणु प्रक्षेपास्त्र प्रहार करने में सक्षम पनडुब्बियां शामिल है। इनका निर्माण तीन चरणों में किया जायेगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति 6000 टन की दो 'हण्टर किलर' एस एस एन (परभानु उर्जा संचालित हमलावर पनडुब्बियों के निर्माण हेतु लगभग 40 हजार करोड़ रुपये की परियोजना पर विचार कर रही हैं। ये तारपीडो, जलयान विरोधी (एण्टी-शिप) व जमीनी हमलावर प्रक्षेपास्त्र (लैण्ड अटैक मिसाइलों) से युक्त होगी। निःसन्देह वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य में रक्षा सहित हर क्षेत्र में तेजी के साथ विकास करना देश के लिए आवश्यक है। हमें आर्थिक वृद्धि के साथ-साथ सुदृढ़ एवं सक्षम सेना की भी जरुरत है। हमें आर्थिक वृद्धि के साथ-साथ सुदृढ़ एवं सक्षम सेना की भी जरुरत है।

**(लेखक, सामरिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)**

# किसान के लिए लाभदायक सिद्ध हो रही है बांस की खेती



के. पी. मलिक

देश के गन्ना किसानों के लिए वरदान साबित हो सकती है बांस की खेती। दरअसल, बांस की हिंदुस्तान में 60 से 70 प्रजातियां पाई जाती हैं। इसमें कांटा बांस की तार की बाड़ से भी कई गुना अच्छी बाड़ बनाई जा सकती है। तार की बाड़ कराने में किसान का बहुत पैसा खर्च होता है। कांटा बांस की बाड़ कराने से किसान की आय शुरू हो जाती है, जो हर साल अच्छी आमदनी देता है व जंगली जानवरों से फसल का भी बचाव होता है। बांस गन्ने व अन्य फसलों की अपेक्षा किसान की आमदनी बढ़ाने में सहायक होता है। इसे पैदा करने के बाद किसान बांस से थरमस, कप, गिलास, चम्मच, दोने, पत्तल, फर्नीचर आदि बनाकर अच्छी आमदनी भी कर सकते हैं। जिस खेत में किसान बांस की फसल करेंगे, उस खेत में कुछ समय बाद केंचुआ बहुत अधिक संख्या में पैदा हो जाता है। इससे हम गोबर व पत्ते डालकर वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाकर एक अच्छी आमदनी कर सकते हैं। जिस जमीन में हम ये काम करेंगे, वो जमीन केंचुए द्वारा ताकतवर बन जाएगी। बैम्बू बांस में किसी भी प्रकार की जहरीली दवाई लगाने की आवश्यकता नहीं होती है, क्योंकि बांस की फसल में कोई रोग आता नही नहीं है। इस तरह हम बिना जहर की खेती करके भूमि व जलवायु को दूषित होने से बचा सकते हैं व आने वाली पीढ़ियों को हम अपने हाथों से जहरीला भोजन व पानी देने से बचा सकते हैं। बांस की खेती में लाभ इसलिए दिखाई देता है, क्योंकि इसमें लागत जीरो है यानि बिल्कुल भी नहीं है। इसमें कोई भी खर्चा भी नहीं होता है और हर साल



इसके पौधों की संख्या बढ़ती रहती है। जब आप 10 डंडे काटते हैं, तो कम से कम 20 से 30 डंडे यानि कल्ले ज्यादा निकलते हैं। इंडस्ट्री के लिए भी बांस की बहुत आवश्यकता है।। भविष्य में बेंच, बांस से कागज, गत्ता, कपड़ा, एथनोल, प्लाई, बोर्ड, टाइल्स, मकान, फैंसी उपकरण. किचन में इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं बन सकती हैं। इस तरह बांस से लगभग 15 सौ वस्तुएं बनाई जा सकती हैं। जिन क्षेत्रों में भूकंप के मामले सामने आते रहते हैं, उन क्षेत्रों में बांस के मकान का विशेष लाभ है।

पर्यावरण के लिहाज़ से भी बांस एक अद्भुत पौधा है। बांस अन्य सभी पौधों की अपेक्षा 35 फीसदी कार्बन डाइ आक्साइड ज्यादा ग्रहण करता है और करीब 35 फीसदी आक्सीजन ज्यादा देता है, जो आने वाले समय में जीवन जीने के लिए सबसे उपयोगी है। आज जिस प्रकार हर साल पेड़ कट रहे हैं और धरती पर गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है, उसे देखकर तो यही लगता है कि धरती पर मनुष्य ज्यादा समय तक जिंदा नहीं रह पाएंगे। ये एक गंभीर समस्या है। हम प्रकृति से जल, हवा, अन्न. फल आदि ले तो रहे हैं, पर हम प्रकृति को दे क्या रहे हैं, केवल धुआं और प्रदूषण। अगर हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को कुछ अच्छा देना चाहते हैं, तो बांस से अच्छा कुछ नहीं है। सबसे बड़ी बात है कि बांस की फसल करीब तीन सालों में कटने के लायक हो जाती है, लेकिन इसके बेत को डेढ़ से दो साल में भी उपयोग में लाया जा सकता है। बांस की फसल को एक बार लगा देने के बाद इसकी फसल से तीन पीढ़ियों को मुनाफा हो सकता है। इसकी फसल करीब 40 साल तक चलती रहती है। हालांकि बांच की अच्छी फसल लेने के लिए मेहनत की जरूरत होती है। बांस की खेती से कई सालों तक तो बंपर कमाई होती ही है, लेकिन अगर हम एक एकड़ की बात करें, तो इससे 4 साल में 20 लाख रुपए से 40 लाख रुपए तक कमाए जा सकते हैं। हालांकि बांस की बिक्री के लिए व्यापारियों से संपर्क पहले से ही किसान कर लें और अच्छा बाजार तलाश लें। लेकिन अच्छी बात ये है कि अगर किसान को कोई बांस खरीदने वाला व्यापारी नहीं मिलता है, तो खुद का बांस से बनने वाली वस्तुओं का लघु उद्योग खोल सकता है, जिससे आमदनी बढ़ भी बढ़ जाएगी। बांस की एक और खासियत ये है कि इसकी फसल कहीं भी हो जाती है, सिर्फ रेत में इसकी खेती नहीं हो पाती।

पश्चिम उत्तर प्रदेश के जिले बिजनौर में स्थित तोमर एग्रीकल्चर के मालिक और अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर सुरजीत सिंह कहते हैं कि किसान भाई अपनी सामर्थ के अनुसार कुछ बांस के पौधे जरूर लगाएं, क्योंकि जिस क्षेत्र में बांस के पौधे ज्यादा लगे होते हैं, उस क्षेत्र में मनुष्य को सांस संबंधी रोग नहीं होते। अगर रोग है, तो बांस वाले क्षेत्र में रहने से वे रोग दूर हो जाएंगे। और जिस क्षेत्र में बांस के पौधे लगे होते हैं, वहां वर्षा भी ज्यादा होती है और उस जगह का वाटर लेवल भी बढ़ता रहता है। अगर हम कुछ बड़े क्षेत्र में बांस का बन लगा दें, तो आप आश्चर्यजनक परिणाम देखेंगे। जहां वाटर लेवल 80 या 100 फुट है वहां 25-30 फुट पर आ जाएगा। पश्चिम उत्तर प्रदेश में जलस्तर और गन्ना किसान की परेशानियों को देखते हुए बस की खेती गन्ने का एक अच्छा पर्याय हो सकती है इसलिए किसानों को इसकी खेती पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। बांस में और क्या चाहिए। बांस है, तो खास हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)**

# सतत अध्ययन, मनन, पढ़ने, पढ़ाने, सीखने व समझने का प्रेरणा दिवस

मनुष्य का जीवन चुनौतियों से भरा है । हर चुनौती के समाधान का अपना मार्ग होता है । जीवन को सफल और समुन्नत बनाने केलिये स्वयं को योग्य बनाने का मार्ग बताने वाला शिक्षक ही होता है । इसलिये पूरा संसार किसी न किसी दिन शिक्षकों का आयोजन करता है ।

विभिन्न देशों में शिक्षक दिवस मनाने की अपनी अपनी तिथियाँ और प्रतीक हैं । भारत में यह शिक्षक दिवस राष्ट्रपति रहे सर्वपल्ली डाक्टर राधाकृष्णन के जन्मदिन पाँच सितम्बर को मनाया जाता है । इसी प्रकार संसार के अलग-अलग देशों ने अपने आदर्शों के स्मरण के लिये शिक्षक दिवस की तिथि निर्धारित की है ।

मनुष्य जन्म के साथ ही जिज्ञासु होता है । सीखना, समझना समझाना उसके स्वभाव में होता है । यह दिशा सकारात्मक हो, निर्माणात्मक हो, गलत दिशा में जाकर मनुष्य विध्वंसक न बन जाये इसके लिये शिक्षण परंपरा आरंभ हुई । यह दो प्रकार की थी । एक निर्धारित विषय और उसके क्रमानुसार । और दूसरी बालक की प्रतिभा, क्षमता, और रुचि के अनुसार व्यक्तित्व का विकास करना । आरंभिक शिक्षण के बाद गुणों और प्रतिभा की दिशा का आकलन करके अध्यापन आरंभ करने वाले को गुरु कहा जाता था । समय के साथ गुरुकुल परंपरा का स्थान पर अब विद्यालय स्थापित किये गये । इन विद्यालयों में शिक्षक आने वाली पीढ़ी का भविष्य संवारने हैं। उनके सम्मान के लिये शिक्षक दिवस आयोजित होता है । यह उभय पक्षीय होता है । बच्चे भी सम्मान करें और शिक्षक भी समय की जरूरत के अनुरूप स्वयं का विस्तार करें।

**विश्व शिक्षक दिवस :** शिक्षा और शिक्षक की महत्ता स्थापित करने के लिये प्रत्येक देश अपने प्रयास हैं । इसके निरंतर शोध और अनुसंधान के साथ शिक्षण व्यवस्था तो हो ही रही है । साथ शिक्षा और शिक्षण की महत्ता स्थापित करने केलिये लगभग सभी देशों में शिक्षक दिवस के आयोजन होते हैं । सबकी अपनी तिथियाँ हैं और सबके अपने आदर्श हैं। जैसे चीन में महान दार्शनिक कन्फ्यूशियस की स्मृति में 8 सितंबर को शिक्षक मनाया जाता है । इसी प्रकार थाईलैंड, इंडोनेशिया आदि देशों में शिक्षक दिवस मनाने की अपनी




तिथियाँ हैं। फिर विश्व स्तर पर भी शिक्षक दिवस माने का पहल आरंभ हुई। संसार की विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने वर्ष 1960 में इस विषय पर विमर्श किया और शिक्षक दिवस मनाने की पहल की । विश्व स्तर पर ₹विश्व शिक्षक दिवस₹ मनाने का आयोजन 1966 से आरंभ हुआ । ₹विश्व शिक्षक दिवस₹ की तिथि 5 अक्टूबर है । यह पहल यूनीसेफ ने की और संसार के विभिन्न देशों में बैठकें करके सरकारों को सहमत किया । 1994 तक इस अभियान में सौ से अधिक देश सम्मलित हो गये जो पाँच अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस मनाते हैं।

**भारत में शिक्षक दिवस :** ज्ञान परंपरा को सर्वोच्च सम्मान देने की परंपरा भारत में अति प्राचीन है । अतीत में जहाँ तक दृष्टि जाती है यह परंपरा मिलती है । तब भारत में विद्यालय को गुरुकुल कहा जाता था । इसमें आचार्य द्वारा शिक्षा एवं गुरु द्वारा दीक्षा देने की परंपरा रही है । भारत में गुरु को सर्वोच्च स्थान रहा है । और गुरु पूजन केलिये तिथि आषाढ़ की पूर्णिमा रही है । जिसे गुरु पूर्णिमा कहते थे । आज भी गुरुपूर्णिमा पर गुरू पूजन होती है। वर्तमान में आधुनिक शिक्षा ग्रहण करने वाली पीढ़ी पाँच सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाती है । प्रति वर्ष पाँच सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाना 1962 में आरंभ हुआ। पाँच सितम्बर की तिथि भारत के द्वितीय राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिन है। एक बार राधा कृष्णन जी के कुछ शिष्यों ने मिलकर उनका जन्मदिन मनाने का विचार बनाया । जब वे डा राधाकृष्णन जी से अनुमति लेने पहुंचे तो राधाकृष्णन ने सहमति नहीं दी । डाक्टर राधाकृष्णन जी जब ने इंकार किया तो शिष्यों ने उनके जन्मदिन पर उन्हें एक शिक्षक के रूप सम्मानित करने की अनुमति माँगी । जिस पर डाक्टर राधाकृष्णन जी सहमत हो गये । 1962 के इस प्रथम आयोजन में डाक्टर राधाकृष्णन जी उपस्थित हुये और उन्होंने कहा था कि पूरी दुनिया एक विद्यालय है जहां प्रतिक्षण कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। कार्यक्रम में उन्होंने अपने जीवन की उपलब्धियों का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया और कहा कि जीवन में शिक्षक हमें केवल पढ़ाते ही नहीं है बल्कि जीवन के अनुभवों से गुजरने के दौरान अच्छे-बुरे के बीच फर्क करना भी सिखाते हैं जो जीवन पथ पर आगे बढ़ने का संबल होते हैं। आगे चलकर भारत सरकार ने पाँच सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाने की अधिकृत घोषणा कर दी । इस प्रकार भारत में 1962 से पाँच सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाने की परंपरा आरंभ हुई ।

**जीवन परिचय : सर्वपल्ली राधाकृष्णन :** भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक और सनातन परंपरा के आस्थावान विचारक सर्वपल्ली डाक्टर राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर 1888 को तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेन्सी के चित्तूर जिले के तिरूत्तनी ग्राम में हुआ था। यह तिरुत्तनी ग्राम चेन्नई से लगभग 84 किलोमीटर दूर है । तब यह ग्राम आंध्रप्रदेश के अंतर्गत था लेकिन अब तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले के अंतर्गत है। उनके पूर्वजों की परंपरा अति विद्वान और सम्मान की रही है । है।उनके पिता 'सर्वपल्ली वीरासमियाह संत प्रकृति के एक आध्यात्मिक पुरुष थे और माता 'सीताम्मा' भारतीय संस्कृति और परंपराओं के लिये समर्पित गृहणीं। पिता राजस्व विभाग में काम करते थे। राधाकृष्णन जी पाँच भाई बहन थे । एक भाई बड़े और तीन उनसे छोटे थे । उनका बाल्य जीवन अपने जन्म ग्राम तिरूतनी एवं तिरुपति जैसे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थानों में बीता । पिता आध्यात्मिक जीवन के साथ आधुनिक शिक्षा के भी समर्थक थे । इसलिए उन्होंने राधाकृष्णन जी को प्रारंभिक शिक्षा के लिये क्रिश्चियन मिशनरी संस्था लुथर्न मिशन स्कूल तिरूपति पढ़ने के लिये भेजा । आगे की शिक्षा वेल्लूर में हुई। महाविद्यालयीन शिक्षा चैन्नई के क्रिश्चियन कॉलेज में हुई । वे पढ़ने और विषयों को समझने में बहुत कुशाग्र थे । उन्होंने अपनी सभी परीक्षाएँ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कीं और छात्रवृत्ति भी प्राप्त की । वे अपना पाठ्यक्रम तो स्मरण करते ही थे, आसपास घटी घटनाओं का भी अनूठा विश्लेषण करते थे । इससे वे अपने साथियों और शिक्षकों दोनों में लोकप्रिय थे । उन्होंने श्रीमद्भगवत गीता और रामायण का अध्ययन किया और बाइबिल के भी अनेक महत्त्वपूर्ण अंश कंठस्थ किये । इसके लिये उन्हें विशिष्ट योग्यता का सम्मान मिला । अपने शिक्षण काल में उन्हें एक विषय ने बहुत कचौटा। वह था कुछ ईसाई परंपरा के कट्टरपंथी शिक्षक और छात्रों का भारतीय परंपराओं का परिहास करना और उसके अनुरूप जीवन जीने वालों का अपमान करना ।

**- रमेश शर्मा**
**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# दिसम्बर तक आगरा में जाम से मुक्ति,उत्तरी बाईपास पर वाहन भरेंगे फर्राटे

## उत्तरी बाईपास पर 2022 में कार्य प्रारंभ हुआ था निर्माण कार्य



**भास्कर ब्यूरो**

मथुरा। आगरा में जाम से मुक्ति मिलेगी और उत्तरी बाईपास पर वाहन फर्राटे भरेंगे, उत्तरी बाईपास पर दिन और रात सैकड़ों इंजीनियर व मजदूर भारी भरकम मशीनों से कार्य कर रहे हैं। जमुना ब्रिज पर काफी कार्य हो चुका है इसके अलावा बाईपास में बनने वाले बॉक्स और कलवट कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं। आगरा में बनाए जा रहे इनर रोड को पूर्ण करने के लिए मथुरा के गांव रैपुराजाट से शुरू होकर हाथरस के गांव मिडावली तक बनाये जा सिक्स लाइन रोड़ यमुना एक्सप्रेस में जाकर मिलेगा। उत्तरी बाईपास पर 2022 में कार्य प्रारंभ हुआ था जो कि 2024 दिसम्बर तक उत्तरी बाईपास से वाहन फरार्टा भरने लगेंगे। उत्तरी बाईपास को उत्तराखंड की कंपनी हिलवेज द्वारा बनाया जा रहा है और इस रोड में कुल लागत करीब 305 करोड़ आएगी, उत्तरी बाईपास को यमुना एक्सप्रेस वे की तरह ही डिजाइन किया गया है इसमें एक यमुना ब्रिज और दो इंटरचेंज बनाए जा रहे हैं उत्तरी बाईपास बनने के बाद आगरा में लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी और कानपुर, इलाहाबाद फिरोजाबाद जाने वाले वाहनों को भी समय के साथ दूरी भी कम होगी। आगरा,दिल्ली हाईवे के चौनज नंबर 174 से शुरू होकर यमुना एक्सप्रेस वे के चौनज नंबर 141 पर कनेक्ट होने वाले उत्तरी बाईपास में 360 लम्बा एक यमुना ब्रिज भी बनाया जा रहा है जिस पर सैकड़ों मजदूर, इंजीनियर भारी मशीनों से कार्य करने में जुटे हुए हैं। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर शेखर पांडेय सिंह ने बताया कि बरसात से पहले यमुना ब्रिज बनने में जमीन में होने वाले कार्य को पूर्ण कर लिया गया जिससे कि बरसात में कार्य में कोई रुकावट नहीं हुई है। इसके अलावा 12 किलोमीटर बनने वाले इस उत्तरी बाईपास में 35 बॉक्स कल्वर्ट अंडरपास बनाए जा रहे हैं जिसमें अधिकांश सभी पर कार्य चल रहा है। इस उत्तरी बाईपास में मथुरा, महावन, और सादाबाद तहसील के एक दर्जन गांवों के किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है, जो शहजादपुर, पीरी, रैपुराजाट, भदाया, कंजौली घाट, अकोस, कनौरा बांगर, मुर्शदाबाद, सराय सलवन, नेरा, गुखरौली, मिडावली के गांवों के किसानों की जमीन है।

### 2 किलोमीटर में आ रही परेशानी

12 किलोमीटर लंबे उत्तरी बाईपास के बीच 2 किलोमीटर रोड से होकर फिरोजाबाद जाने वाली गैल इंडिया लिमिटेड गैस लाइन आने के कारण दो किलोमीटर लंबे कार्य में रुकावट है उसके लिए कई एक बार चिट्ठी भी लिख चुके हैं और गैल इंडिया लिमिटेड व हाईवे नेशनल हाईवे के अधिकारी भी विजिट कर चुके हैं उम्मीद जताई जा रही है गैस पाइपलाइन को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा उसे शिफ्ट करते हैं कार्य और तेजी पकड़ लेगा।

# महावन में हुई सीमेंट सप्लायर की हत्या का खुलासा

- कारोबारी के साथ हत्या के बाद की गई थी लूटपाट
- मुठभेड़ में दो हत्यारोपी गोली लगने से हुए घायल



**भास्कर ब्यूरो**

मथुरा। एक सितम्बर को महावन क्षेत्र में हुई सीमेंट सप्लायर की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। सीमेंट सप्लायर की हत्या कर लूटपाट की गई थी। कारोबारी का कार के अंदर बरेली जयपुर हाईवे पर शव मिला था। गमछा से गला घोटकर हत्या की गई थी। थाना महावन पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम की थाना महावन क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त हरेन्द्रपाल उर्फ गांधी पुत्र महीपाल निवासी मनोहरपुर थाना महावन व गीतम सिंह पुत्र स्व. राजबहादुर निवासी मनोहरपुर थाना महावन लक्ष्मीनगर महावन रोड पर नगला पापरी तिराहा के पास मुठभेड़ के दौरान घायल हो गये। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त गीतम सिंह के दोनों पैर में व अभियुक्त हरेन्द्रपाल उर्फ गांधी के एक पैर में गोली लगने से घायल हुए हैं। इनके कब्जे से मृतक से लूटी गयी एक चैन व एक अंगूठी व नगदी तथा असलाह, कारतूस तथा एक मोटर साईकिल बिना नम्बर की बरामद हुई है। दोनों को उपचार के लिए पुलिस निगरानी में जिला अस्पताल मथुरा भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक मृतक जितेन्द्र सिंह की कर्मयोगी बालाजीपुरम मथुरा में बिल्डिंग मिटेरियल व थोक में सीमेन्ट बिक्री की दुकान है। हरेन्द्रपाल की ग्राम मनोहरपुर में बिल्डिंग मिटेरियल की दुकान है। हरेन्द्रपाल करीब दो वर्ष से मृतक जितेंद्र सिंह से सीमेंट खरीदता चला आ रहा था, करीब एक महीने से हरेन्द्रपाल ने मृतक जितेन्द्र सिंह से सीमेन्ट खरीदना बन्द कर दिया तथा मृतक जितेन्द्र सिंह से पूर्व में खरीदे गये सीमेंट के करीब 75000 रुपये बकाया थे। हरेन्द्रपाल नहीं दे रहा था, उधारी के रुपयों का मृतक जितेन्द्र सिंह लगातार तगादा कर रहा था। हरेन्द्रपाल ने मृतक जितेन्द्र सिंह से 300 कट्टा सीमेन्ट और मंगाया तथा कहा कि सीमेन्ट उतरने पर पूरा पेमेन्ट करने को कहा।31 अगस्त को मृतक जितेन्द्रपाल ने 300 कट्टा सीमेन्ट हरेन्द्रपाल की गांव मनोहरपुर में बिल्डिंग मिटेरियल की दुकान पर उतारकर इस सीमेन्ट के करीब 90000 रुपये व पुराने 75000 रुपये पूरा पेमेन्ट करने के लिये कहा तो हरेन्द्रपाल ने रुपये नहीं दिये और बाद में देने के लिये कहने लगा तो मृतक जितेन्द्र सिंह ने हरेन्द्रपाल से बदतमीजी व गाली गलौज की और एक दिन के अन्दर रुपये देने की कहकर चला आया।इसी कारण हरेन्द्रपाल उर्फ गांधी ने अपने साथी गीतम सिंह उपरोक्त के साथ योजना बनाकर दिन में कुमरगढ़ के पास निमार्णाधीन बरेली हाइवे पर बुलाकर बातचीत करने के लिये मोटर साईकिल से पहुंचे।

## सार सुर्खियां

### जटवारी रजवाहा पर बन रहे पुल निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



कोसीकला। यमुना की तलहटी के गांव विशम्भरा एवं शेरनगर को जोडने वाला जटवारी रजवाहा पर बन रहे पुल का जिला पंचायत सदस्य आरपी सिंह ने ग्रामीणों के साथ निरीक्षण किया और कार्य गुणवत्ता के साथ कराए जाने संबंधी दिशा निर्देश दिए। कहा कि पुल निर्माण से इस मार्ग पर आ रही आवागमन की दिक्कतें जल्द दूर हो जाएंगी। विशम्भरा से शेरनगर की ओर जाने वाले मार्ग पर पडने वाले इस पुल की हालात बेहद खस्ता थी। जर्जर हाल को देखते हुए ग्रामीणों ने इससे निकलना बंद कर दिया था। जिसके बाद ग्रामीणों को लम्बा रास्ता तय कर गंतव्य के लिए जाना पडता था। समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ने विभागीय अधिकारियों के समक्ष आवाज उठाई ओर लिखित शिकायत कर पुल निर्माण की मांग की थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए सिंचाई विभाग ने पुल निर्माण के लिए करीब सात लाख रूपए स्वीकृत कर दिए। जिसके बाद इस पुल का निर्माण अब शुरू हो गया है। जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। बुधवार को जिप सदस्य आरपी सिंह ग्रामीणों के साथ पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल रखने संबंधी दिशा निर्देश दिए।

### उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई ने सौपा ज्ञापन




मथुरा। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई द्वारा शिक्षक कर्मचारियों से सम्बंधित 26 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला समन्वयक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। शिक्षक संघ ठकुराई के प्रान्तीय कोषाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद अग्रवाल ने बताया की संगठन के प्रतिनिधियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक की अनुपस्थिति में जिला समन्वयक भवानी शंकर को माध्यमिक शिक्षा 26 सूत्रीय मांगों में ऐडेड माध्यमिक विद्यालयों का राज्यकीयकरण कराने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, सेवा सुरक्षा सम्बन्धी चयन बोर्ड की धारा 21 को लागू करने, कार्यवाहक प्रधानाचार्य को प्रधानाचार्य वेतनमान देने,50% कोटे के तहत पदोन्नति के सुस्पष्ट निर्देश जारी करने, मथुरा वृन्दावन नगर निगम क्षेत्र के शिक्षक कर्मचारियों को अन्य नगर निगमों की भांति संशोधित आवासीय भत्ता सहित 26 सूत्रीय मांग की गयी है। सत्यवीर सिंह जिला अध्यक्ष,डा प्रमोद गौतम जिला मंत्री,डा राकेश माहेश्वरी,डा गिर्राज सिंह,डा पदम सिंह, चौधरी के पी सिंह, गोवर्धनसिंह,श्यामवीर सिंह, अनिल पाल,बांके बिहारी अग्रवाल,मनोज कुमार, छोटे लाल ,व वीरेंद्र शर्मा मौजूद रहे।,

### छाता मे बिजली विभाग ने चलाया चेंकिग अभियान



छाता। बिजली विभाग द्वारा कस्बे के लल्लू मोहल्ला, खारा कुआ, सिंगू थोक, जाटव जाटान, मोहल्ला में बुधवार को चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान में बिजली चोरी करने वाले व बिल जमा न करने वालों के खिलाफ कार्यवाई की। एसडीओ नवनीत कुमार ने बताया कि अभियान में 10 हजार रूपए से अधिक 38 बकायदारों के कनैक्शन काटे और एक लाख से अधिक बिल 8 बायदारों के मीटर उतार कर स्थाई विचेदन किया। इसमें जेई छाता केशव चौधरी, जेई पैगांव कुलदीप सिंह व जेई दिनेश सहित अन्य विद्युत कर्मी मौजूद थें।

### कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

मथुरा । लॉयंस क्लब ऑफ मथुरा के तत्वधान मे अयोजित होने जा रही श्रीमद्भागवत कथा की कलश यात्रा का भव्य शुभारंभ यमुना पैलेस द्वारकाधीश मंदिर से किया गया। कलश यात्रा में परम पूज्य श्री इंद्रेश जी महाराज भी श्री मद्भागवत पुराण के साथ भक्तों को दर्शन हेतु शामिल हुए। इस दौर श्री केशव सेवा मंडल के पदाधिकारियो ने भी श्री मद्भागवत पुराण व महाराज श्री का आरती, पूजन व पुष्प वर्षा की तथा साथ चल रहे भक्तों का स्वागत किया। इस दौरान शेलेंद्र शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, गिर्राज वकील साहब, हेमंत शर्मा (एड .) , आशीष शर्मा, विवेक शर्मा, अभिषेक, आदित्य आदि उपस्थित रहें

### अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

चौमुहां। थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना जैंत क्षेत्र के गांव नगला मोहर सिंह निवासी रणवीर सिंह 55 वर्ष पुत्र गोपी मंगलवार रात्रि खेत से वापस आ रहा था। नगला मोहर सिंह के समीप छटीकरा राल रोड पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही रणवीर की मौत हो गई। मृतक के दो लड़के व दो लड़की हैं। जिनकी शादी हो चुकी है। थाना प्रभारी जैंत अश्वनी कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मथुरा रिफाइनरी ने 65वां इंडियन ऑयल दिवस मनाया




**भास्कर ब्यूरो**

रिफाइनरी। मथुरा रिफाइनरी ने 65वां इंडियन ऑयल दिवस उत्साह के साथ मनाया और सभी रिफाइनरी कर्मियों ने अपने सभी विचारों और कार्यों में राष्ट्र को प्रथम रखते हुए निगम को गौरव के शिखर पर ले जाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उत्सव की शुरूआत एमआर अस्पताल में रक्तदान के नेक काम से हुआ। कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख अजय कुमार तिवारी ने शिविर का उद्घाटन किया। बाद में श्री तिवारी द्वारा ऑर्गेनिक वेस्ट कन्वर्टर का उद्घाटन और बहुमंजिला डी टाइप क्वार्टर बिल्डिंग का भूमिपूजन भी किया गया। इस विशेष अवसर पर शपथ ग्रहण और केक कटिंग समारोह हुए। सभा का स्वागत करते हुए, सीजीएम (एचआर) भास्कर हजारिका ने इंडियन ऑयल की शानदार यात्रा और इस लंबी यात्रा में मथुरा रिफाइनरी के योगदान पर प्रकाश डाला। मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ के महासचिव मुकेश शर्मा और ओफिसर्स एसोसिएशन के सचिव रवींद्र यादव ने भी शुभकामनाएं दीं और आईओसी के झंडे को ऊंचा रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आग्रह किया। एमआर के सेवानिवृत्त यूनिट प्रमुख जेएल रैना को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के अंत में, धन्यवाद ज्ञापन श्री के. गोपीनाथ, जीएम (एचआर) द्वारा प्रस्तावित किया गया।

# मंडी उपनिदेशक ने मंडी को बेहतर बनाने को व्यापारियों से की चर्चा

- समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन, फल मंडी स्थिानातरण मांग स्थल का निरीक्षण



**भास्कर ब्यूरो**

कोसीकलां। कृषि अनाज मंडी के उपनिदेशक प्रशासन अनिल कुमार एवं उपनिदेशक वाणिज्य पवन कुमार ने टीम के साथ मंडी को बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत मंडी का निरीक्षण किया और व्यापारियों से चर्चा कर सुझावों विचार किया। लोगों के लिए मीठे पेयजल के लिए आर ओ की व्यवस्था कराए जाने के लिए निर्देशित किया तो वहीं नीचे पडे टीन शैडों की ऊंचाई बढाने के लिए उनका निरीक्षण किया। इसके अलावा फल एवं सब्जी मंडी स्थल को स्थानांतरित करने वाली मांग को भी सुनकर उनके सुझाव अनुसार निरीक्षण किया। अधिकारियों ने व्यापारियों को सहयोग का आश्वासन दिया है मंडी उपनिदेशक अपनी टीम के साथ बुधवार को दोपहर करीब एक बजे मंडी परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने अखिल भारतीय उद्योग मंडी के प्रदेश अध्यक्ष संजय गर्ग, जिलाध्यक्ष धर्मवीर शर्मा एवं जिला महामंत्री ललित कुमार एडवोकेट सहित व्यापारियों से मुलाकात की। इस दौरान उनके 29 अगस्त को कृषि मंडी के चेयरमेन को विभिन्न समस्याओं को लेकर भेजे पत्र को लेकर चर्चा की। उन्होंने उनके सुझावों को लेकर भी चर्चा की। इसके बाद वे व्यापारियों के साथ उन दुकानों एवं टीन शैड का निरीक्षण करने पहुंचे जहां टीन शैड नीचा था। उन्होंने ऐसे फडों का भी निरीक्षण किया जहां वाहनों के जाने के लिए रैंप नहीं बने थे। इसके अलावा नाला सफाई के लिए पालिका को मंडी की ओर से गेट दिए जाने के सुझाव पर भी चर्चा की। वहीं फल एवं सब्जी मंडी को गौशाला मार्केट वाली जमीन पर स्थानांतरित करने वाली मांग को लेकर भी चर्चा की और उक्त स्थल का निरीक्षण किया। हालांकि उन्होंने इसको लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया व्यापारियों ने उस पर पडी गंदगी को हटवाकर पार्क बनाए जाने का भी प्रस्ताव रखा। अधिकारियों ने कहा कि वे सभी बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगे। मंडल पदाधिकारियों ने बताया कि उन्हें समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन मिला है। इस दौरान महेश पाल, नेमचंद गर्ग, शिवकांत चैधरी, पप्पू,, वरूण कुमार , सचिव उमेश कुमार, आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा अभी तक नाम MOHAMMAD ABUL KHEIR था। अब मुझे MOHAMMAD ABUL KHAIR के नाम से जाना जाए। मोहम्मद अबुल खैर पुत्र इदरीश खां निवासी ग्राम हैवतपुर, थाना रजबपुर, जनपद अमरोहा

# राधा दामोदर मंदिर में हुआ सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन



**भास्कर ब्यूरो**

वृंदावन । नगर के सप्त देवालयों में से विशेष ठाकुर राधा दामोदर मंदिर में मंगलवार को मंदिर के बड़े गोसाई आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज की अध्यक्षता में ब्रजमंडल के भागवत आचार्य एवं विद्वानों के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने स्वर में सुंदरकांड पाठ का गायन किया। इस मौके पर ठाकुर जी का विशेष भोग और विशेष श्रृंगार किया गया। जिसमें ठाकुर जी ने स्वर्ण भेष धारण कर अपने भक्तों को दर्शन दिए। इस मौके पर बोलते हुए ठाकुर राधा दामोदर लाल के अंग सेवी दामोदर चंद्र गोस्वामी महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर में मंगलवार के शुभ दिन पर ब्रजमंडल के भागवत आचार्य एवं प्रकांड विद्वानों के द्वारा सुंदरकांड पाठ का गायन किया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि मंदिर के बड़ी गोसाई आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज के द्वारा सभी आए हुए अतिथियों का माला और पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया है। साथ ही सभी को ठाकुर राधा दामोदर लाल की प्रसादी की भेंट की गई है। वहीं उन्होंने बताया कि आज मध्यकालीन बेला में करीब 200 वृद्ध विधवा माताओ को खाद्य सामग्री भी वितरण की गई है। दिन प्रतिदिन ठाकुर राधा दामोदर लाल की कृपा से मंदिर में आए दिनों धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। मंदिर के बड़े गोसाई आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज के द्वारा गौ सेवा एवं दीन दुखियों की सेवा निरंतर की जाती है।

# फुटपाथ पर गंदगी फैलाने पर वसूला 5400 का जुमार्ना

- प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर लगाया 19 हजार का जुमार्ना



**भास्कर ब्यूरो**

मथुरा। प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन के विक्रय एवं प्रयोग के विरुद्ध नगर निगम एक्शन में है। नगर निगम मथुरा वृंदावन के अंतर्गत नगर आयुक्त के द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में बुधवार को सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान ने टीम के साथ नगर निगम मथुरा वृंदावन के अंतर्गत मंडी चौराहा से सौंख रोड तक प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलिथीन के विक्रय, भंडारण एवं प्रयोग के विरुद्ध अभियान चलाया। अभियान के दौरान प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल किए जाने वाले प्रतिष्ठान संचालकों पर छापामार कार्यवाही कर प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन जब्त की गई एवं 19000 का जुमार्ना वसूला किया गया। साथ ही अतिक्रमण एवं गंदगी करने वालों के विरुद्ध भी अभियान चलाया गया अभियान के दौरान कुछ प्रतिष्ठान संचालकों के द्वारा सामान सड़क, फुटपाथ पर रखकर विक्रय किया जा रहा था एवं कुछ दुकानदार, व्यक्तियों द्वारा गंदगी की जा रही थी। अभियान के दौरान सामान जब्त किया गया। अतिक्रमण एवं गंदगी करने वालों से 5400 का जुमार्ना वसूला गया। अभियान में नगर निगम प्रवर्तन दल निहाल सिंह सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दीपक शर्मा आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर- नॉलेज पार्क 4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
**जिला गौतमबुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम / सैक्टर रिठोरी की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-आरआई टी 0170, भूखण्ड संख्या-14, क्षेत्रफल-710 वर्ग मीटर श्री देवी राम पुत्र स्व० श्री रामबल, निवासी ग्राम रिठोरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री देवी राम पुत्र स्व० श्री रामबल की मृत्यु के उपरांत इनको वारिसान श्री प्रेम कुमार वर्मा पुत्र स्व० श्री देवी राम उर्फ देवी राम वर्मा, सर्वश्री प्रवीन कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा पुत्रगण स्वः श्री टेकचन्द वर्मा पौत्रगण स्व० श्री देवी राम उर्फ देवीराम वर्मा, श्रीमती प्रोमिला वर्मा पत्नी श्री संजय सिंह पुत्री स्व० श्री टेकचन्द वर्मा पौत्री स्व० श्री देवी राम उर्फ देवीराम वर्मा, निवासी-ग्राम-मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० हाल नि० मकान नं0-185, गली नं0-4, रामेश्वर नगर, आजादपुर दिल्ली में से श्री प्रेम कुमार वर्मा पुत्र स्व० श्री देवी राम उर्फ देवी राम चर्मा, सर्वश्री प्रवीन कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा पुत्रगण स्व० श्री टेकचन्द वर्मा पौत्रगण स्व० श्री देवी राम उर्फ देवीराम वर्मा, निवासी-ग्राम-मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० हाल नि० मकान नं0-185. गली नं0-4. रामेश्वर नगर, आजादपुर दिल्ली के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रयत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री प्रेम कुमार वर्मा पुत्र स्व० श्री देवी राम उर्फ देवी राम वर्मा, सर्वश्री प्रवीन कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा पुत्रगण स्व० श्री टेकचन्द वर्मा पौत्रगण स्व० श्री देवी राम उर्फ देवीराम वर्मा, निवासी ग्राम मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० हाल नि०-मकान नं0-185, गली नं0-4, रामेश्वर नगर, आजादपुर दिल्ली के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (कृषक आबादी)**
**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

# चौमुहां में बन रहे 18 आंगनबाड़ी केंद्रों में से एक का हुआ उद्घाटन

- जमुना देवी के कार्यकाल में हो रहा चौमुहां का विकास: पंडित राजाराम शर्मा



**भास्कर ब्यूरो**

चौमुहां। विकास खंड की ग्राम पंचायत पाली में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित राजाराम शर्मा एवं बीडीओ देवेंद्र पाल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पंडित राजाराम शर्मा ने बताया कि चौमुहां ब्लॉक की ग्राम पंचायत पाली में 11 लाख 84 हजार की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया गया है। ब्लॉक प्रमुख जमुना देवी के कार्यकाल में चौमुहां ब्लॉक की प्रत्येक ग्राम पंचायत में तेजी के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। बीडीओ देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद मथुरा के 144 आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन किया है। चौमुहां ब्लॉक की ग्राम पंचायत पाली में बने आंगनबाड़ी केंद्र का भी आज उद्घाटन हुआ है। ब्लॉक में 18 आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाने प्रस्तावित है। 17 आंगनबाड़ी केंद्र अभी निमार्णाधीन है। कार्य पूर्ण होने पर उनका भी जल्द उद्घाटन किया जाएगा। बाल विकास परियोजना अधिकारी वंदना शर्मा ने बताया कि नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र पर बिजली, शौचालय, पीने के लिए मीठा पानी, एवं बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था कराई गई है। इस अवसर पर प्रधान बदन सिंह,प्रधान प्रतिनिधि कन्हैया, पूर्व जिलापंचायत सदस्य राकेश कुमार, छीतर सिंह एवं आंगनबाड़ी सोना देवी, सरोज रानी,संतोष राजपूत मौजूद रही।

# सांसद तेजवीर सिंह, विधायक मेघश्याम को दिलाई भाजपा की सदस्यता

- मथुरा महानगर में हुआ सदस्यता अभियान का औपचारिक शुभारंभ



**भास्कर ब्यूरो**

मथुरा। भाजपा के सदस्यता अभियान का विधिवत शुभारंभ प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर किया गया। गुरुवार को धोली प्याऊ स्थित एक होटल में भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी द्वारा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आए प्रदेश परिषद सदस्य गोपाल अंजान ने राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह एवं गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह को मिस कॉल के द्वारा पार्टी की सदस्यता दिलवाई। भाजपा नेता गोपाल अंजान ने सभी से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा इस अभियान के जरिए जो लक्ष्य का रखा गया है, उसे पूरा करें। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से इस बार सदस्यता का नया रिकॉर्ड बनेगा और भाजपा फिर विश्व की सबसे बड़ा राजनीतिक पार्टी बनेगी। राज्यसभा सांसद चौ तेजवीर सिंह ने कहा कि पार्टी अपनी रीति और नीति के साथ आगे बढ़ रही है इसलिए देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार है और आम जनता के लिए लगातार काम कर रही है। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संगठन पर्व के रूप में अभियान को चलाएं। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर जनता के बीच में जाएं और आम जनता को पार्टी से जोड़ें। गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह ने कहा हमारी पार्टी राष्ट्र निर्माण की पार्टी है, जबकि अन्य दलों में एक ही व्यक्ति पार्टी के पीछे लगा हुआ है। भाजपा के लिए 140 करोड़ देशवासी परिवार हैं। अभियान दो चरणों में चलेगा। पहला चरण 25 सितंबर तक और दूसरा चरण एक से 15 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लॉक-पी-2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा सिटी-201 308 गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवंटित भूखण्ड संख्या-610, ब्लाक-एन, सैक्टर-20 क्षेत्रफल-300 वर्गमीटर, आवंटन सख्या - YEA008219 के आवंटी LATE. SH. RAKESH SINGH पति की मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी SMT. MANISHA SINGH द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है । अतः इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आंवटी LATE. SH. RAKESH SINGH की मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी SMT. MANISHA SINGH का नाम दर्ज कर दिया जायेंगा ।

**भवदीय**
**विशेष कार्याधिकारी (एस0बी0)**

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क 4, ग्रेटर नोएडा सिटी -201310
**जिला-गौतमबुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम/सेक्टर-मायचा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-एम.ए.आई.0129 भूखण्ड संख्या-109, क्षेत्रफल 480 वर्ग मीटर श्री देवी राम पुत्र स्व० श्री रामबल, निवासी ग्राम रिठोरी, जिला गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री देवी राम पुत्र स्व० श्री रामबल की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री प्रेम कुमार वर्मा पुत्र स्व० श्री देवी राम उर्फ देवी राम वर्मा, सर्वश्री प्रवीन कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा पुत्रगण स्वः श्री टेकचन्द वर्मा पौत्रगण स्व० श्री देवी राम उर्फ देवीराम वर्मा, श्रीमती प्रोमिला वर्मा पत्नी श्री संजय सिंह पुत्री स्व० श्री टेकचन्द वर्मा पौत्री स्व० श्री देवी राम उर्फ देवीराम वर्मा, निवासी ग्राम-मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० हाल नि०-मकान नं0-185, गली नं०-4, रामेश्वर नगर, आजादपुर दिल्ली में से श्री प्रेम कुमार वर्मा पुत्र स्व० श्री देवी राम उर्फ देवी राम वर्मा, सर्वश्री प्रवीन कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा पुत्रगण स्व० श्री टेकचन्द वर्मा पौत्रगण स्व० श्री देवी राम उर्फ देवीराम वर्मा, निवासी-ग्राम-मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० हाल नि०- मकान नं0-185. गली नं0-4, रामेश्वर नगर, आजादपुर दिल्ली के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री प्रेम कुमार वर्मा पुत्र स्व० श्री देवी राम उर्फ देवी राम वर्मा, सर्वश्री प्रवीन कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा पुत्रगण स्व० श्री टेकचन्द वर्मा पौत्रगण स्व० श्री देवी राम उर्फ देवीराम वर्मा, निवासी-ग्राम-मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० हाल नि०-मकान नं0-185, गली नं0-4, रामेश्वर नगर, आजादपुर दिल्ली के पक्ष में आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (कृषक आबादी)**
**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

जीवन न तो भविष्य में है, न अतीत में है, जीवन तो बस इस पल में है।

# चयनित अवर अभियंता को नियुक्ति पत्र का वितरण

## यूपी सरकार में युवाओं को मिल रहे अपार रोजगार, पारदर्शी चयन प्रक्रिया से हो रहे चयन: योगी





**भास्कर ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम लोक भवन सभागार लखनऊ में किया गया। उक्त के क्रम में जनपद मुजफ्फरनगर के एमडीए भवन सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम व लखनऊ से लाइव प्रसारण जनप्रतिनिधि माननीय विधान परिषद सदस्य वंदना वर्मा अध्यक्ष जिला पंचायत वीरपाल निर्वाल ,नगर पालिका अध्यक्ष चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, जिला अध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, जिला अध्यक्ष लोकदल संदीप मलिक, अधिकारियों में जिला अधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी, मुख्य विकास अधिकारी संदीप भगिया, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण कविता मीना , ग्रामीण अभियंत्रण सेवा आरईएस विभाग रवि, उपाध्यक्ष उद्योग जैस्मिन ,अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत पवन कुमार गोयल आदि की गरिमामय में उपस्थिति में किया गया। जनपद में जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा नव चयनित अवर अभियंता के पद पर नियुक्त अभ्यार्थी रोहित कुमार, जयपाल सिंह, राजवीर सिंह, केशोराम, सचिन देव धीमान, निर्देश कुमार, अंकुश कुमार, निशु तोमर आदि को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया तथा उन्हें शुभकामनाएं देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

# आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल संपन्न

## डीएम व एसएसपी ने उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन के लिए किया रवाना





**भास्कर ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उत्तर-प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा की उत्तर पुस्तिका ओएमआर शीट को मूल्यांकन हेतु सुरक्षित रवाना किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। मुजफ्फरनगर में उक्त परीक्षा को 23/24/25/30/31.08.2024 को प्रतिदिन 02 पालियों में 16 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित किया गया था। मुजफ्फरनगर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में उक्त परीक्षा को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराया गया तथा लिखित परीक्षा की उत्तर पुस्तिका व ओएमआर शीट को सुरक्षित रखने हेतु कोषागार में स्ट्रांग रूम बनाया गया था जिसके लिये त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी।
बुधवार को डीएम अरविन्द मलप्पा बंगारी व एसएसपी अभिषेक सिंह ने उत्तर-पुस्तिका ओएमआर शीट को मूल्यांकन हेतु भर्ती बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनूरूप सीलबन्द कर बन्दबॉड़ी कन्टेनर वाहन में पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों के साथ सुरक्षित रवाना किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात भर्ती परीक्षा नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# भुवापुर मेले में दंगल प्रतियोगिता का किया आयोजन



**भास्कर ब्यूरो**

**ककरौली।** क्षेत्र के गांव भुवापुर में आयोजित मेले में दंगल प्रतियोगिता का अतिथियों ने फीता काटकर शुभारंभ किया तथा पहलवानों के हाथ मिलवाकर कुश्ती शुरू कराई। क्षेत्र के गांव भुवापुर निवासी समा. जसेवी वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि गांव में मोहनबाबा के प्राचीन मंदिर पर हर साल मेला लगता है तथा दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। बुधवार शाम गांव के मेले में दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा किसान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने फीता काटकर किया। पहलवानों के हाथ मिलवा कर कुश्ती शुरू कराई। कुश्ती में गांव जटवाड़ा, बसेड़ा, भोकरहेड़ी, टंढ़ेड़ा, ककरौली आदि से पहलवानों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि अमित राठी ने कहा कि कुश्ती व अखाड़े भारत देश की सदा से पहचान रहे हैं। गांव के खेलों में प्रतिभाग करके देश के युवा अंत. रराष्ट्रीय स्तर तक अपनी धाक जमा रहे हैं। इस दौरान ग्राम प्रधान राणा प्रताप, बिन्नू राठी, पुनीत खोखर, नरदेव, प्रीतम, खेमसिंह बाबूजी, भान सिंह, सतीश मौजूद रहे।

# निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन



**खतौली।** होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज जड़ौदा में रमा देवी आई हॉस्पिटल मुजफ्फरनगर के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जहां शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डा. मोहित गुप्ता तथा डा. अंजु गुप्ता के निर्देशन में डेढ़ सौ लोगों की आंखों की जांच की गई एंव निशुल्क दवाइयां वितरित की गई तथा 30 लोगों को निशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए भेजा गया। शिविर में प्रवेंद्र दहिया, मदन कश्यप,नरेंद्र कश्यप, पूर्व प्रधान,रोहित कुमार, योगेश कश्यप ,नकुल उपाध्याय आदि का सहयोग रहा।

# भाकियू तोमर के कार्यकर्ताओं का तहसील में धरना प्रदर्शन



**जानसठ।** तहसील में भाकियू तोमर के कार्यकर्ताओं में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहस. ीलदार सतीश चंद बघेल को सौंपा। बुधवार को भाकियू तोमर के जिलाध्यक्ष चौधरी नरेश कुमार के नेतृत्व में तहसील में कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष चौधरी नरेश कुमार ने कहा कि तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। किसानों को परेशान किया जाता है। इस बार गन्ने का भाव बढ़ाया जाए, डीजल व पेट्रोल के दाम कम किए जाएं। किसानों के कर्ज माफ हो, आवारा पशुओं की समस्या से किसानों को निजात दिलाया जाए। उन्होंने इसके अलावा अन्य किसानों की समस्या को लेकर भी शासन व प्रशासन से निस्तारण कराने की मांग की। इसके अलावा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार सतीश चंद बघेल को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में रोहित चौधरी, अंकित गुर्जर, शहजाद प्रधान, नीशू त्यागी, राहुल, मेहरबान, नितिन शर्मा, अर्जुन, आशीष राठी आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बुढ़ाना क्षेत्र के शिक्षा मित्र लखनऊ के लिए हुए रवाना



**भास्कर ब्यूरो**

**बुढ़ाना।** बीआरसी से क्षेत्र के शिक्षामित्र लखनऊ आंदोलन में शामिल होने के लिए बस द्वारा रवाना हो गए। लखनऊ में गुरुवार को शिक्षामित्र अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे। शिक्षामित्रों की मुख्य मांग है कि सरकार अध्यादेश लाकर शिक्षामित्रों का समायोजन करें अथवा समान कार्य-समान वेतन दिया जाए। लखनऊ जाने वालों में मुख्य रूप से विपिन कुमार, बृजपाल सिंह, रामपाल ठाकुर, योगेंद्र बालियान, संजीव कुमार, अरविंद कुमार, अरुण कुमार, पूनम, राखी, अंजू, केशोराम, कुलदीप कुमार, संदेश आदि शिक्षामित्र शामिल रहे।

# राष्ट्रीय मुएथाई चैम्पियनशिप में कस्बे के खिलाड़ियों ने मारी बाजी



**भास्कर ब्यूरो**

**बुढ़ाना।** हरियाणा राज्य के पंचकूला इलाके में स्थित ताऊ देवीलाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बीती 30 अगस्त से लेकर बीती 1 सितम्बर के बीच अयोजित डब्ल्यूबीसी राष्ट्रीय मुएथाई चौम्पियनशिप के लिए श्री बालाजी मुएथाई एकेडमी बुढाना के चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। टीम प्रशिक्षक और एमएमटीए के प्रमुख बबलू बिरला और उनके कुल 08 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनके नाम और वजन वर्ग कुछ इस प्रकार से हैं। जूनियर खिलाड़ियों की श्रेणी में श्रेया बिरला स्वर्ण पदक 28 किलोग्राम भार, शौर्य बिरला दो स्वर्ण पदक 32 किलोग्राम भार, कुनाल कुशवाह रजत पदक 30 किलोग्राम भार और प्रिंश स्वर्ण पदक 47 किलोग्राम भार, युवा श्रेणी में गोरी गर्ग ने स्वर्ण पदक मे 48 किलोग्राम भार और आरुष कांस्य पदक 63.5 किला. ग्राम भार और अंत में सीनियर श्रेणी जिसका नेतृत्व मोहित चौधरी कर रहे थे। रजत पदक 60 किलोग्राम भार और सर्वेश कुमार रजत पदक 55 किलोग्राम भार।
बुढ़ाना नगर मे पहुंचने के बाद बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन जितेंद्र त्यागी ने कहा कि मुएथाई मार्शल आर्ट सीखना लड़के और खासकर लड़कियो के लिये बहुत महत्वपूर्ण है और सभी का स्वागत किया। कोच और एमएमटीए अध्यक्ष बबलू बिरला ने बताया कि सभी स्वर्ण और रजत पदक विजेता खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय मुएथाई प्रशिक्षण शिविर और चैपियनशिप के लिए चुना गया है। जो आने वाले समय मे वेरेना औल इटली शहर में अयोजित की जायेगी।

# जैन स्थानक मे आठ दिवसीय अध्यात्मिक शिविर प्रारम्भ

**भास्कर ब्यूरो**

**शाहपुर।** जैन धर्म के अध्यात्मिक पर्युषण पर्व प्रारम्भ हो चुके है। इसी श्रंखला मे जैन स्थानक मे पिछले कई वर्षो से शिविर का आयोजन होता आ रहा है। श्री स्वेतांबर स्थानकवासी जैन समाज के प्रचार मंत्री व शिविर के आयोजक हर्षित जैन व पारस जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि जैन धर्म के स्वेतांबर परम्परा के अनुसार पर्युषण पर्व 1 सितंबर से प्रारम्भ हो चुके है जो 8 सितंबर को समाप्त होंगे। जिसमे 8 सितंबर को संवत्सरी पर्व के रूप मे मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि जैन संत गुरु सुदर्शन लाल महाराज के शिष्य राजृषि राजेंद्र मुनी महाराज कि प्रेरणा से पिछले काफी वर्षो से लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे स्वाध्यायी संजीव जैन शाहपुर व नितिन जैन बुढ़ाना द्वारा अनंतगड़ सूत्र की वाचना की जा रही है। स्वाध्यायी ने प्रवचन करते हुआ कहा कि पर्युषण पर्व हमे सात्विक व आध्यत्मिक जीवन व्यतीत करने की प्रेरणा देता है। क्योंकि हमारे कर्म ही हमारे जीवन का परिणाम है। हमारे जीवन की दिशा व दशा हमारे कर्मो के मार्ग से होकर गुजरता है। उन्होंने पर्युषण पर्व के बारे मे बताया कि यह पर्व उत्कृष्ट गुणों को अपनाने और आत्मशुद्धि के लिए प्रेरित करता है. इन दिनों में उपवास, तप, साधना और आत्मालोचना के माध्यम से अपने पापों से मुक्ति पाने और भविष्य में उनसे बचने की प्रतिज्ञा करते हैं। इस पर्व के दौरान जैन अनुयायियों के लिए पांच प्रमुख कार्य होते हैं। स्वाध्याय धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन उपवास प्रतिक्रमण आत्मालोचना क्षमायाचना माफी मांगना और दान देना। पर्युषण पर्व का उद्देश्य धार्मिक आचरणों को जीवन में अपनाना और आत्मा को शुद्ध करना है, जिससे व्यक्ति जीवन में सच्चे आनंद और शांति की प्राप्ति कर सके। इस दौरान शीलचंद सतीश जैन राजेंद्र पारस संजीव जैन नितिन जैन अमित अंकुर शुभम जैन पंकज जैन रिषभ जैन नवीन जैन अक्षय जैन अमन जैन अरिहंत जैन हर्षित जैन आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### फेसबुक दोस्त महिला को ब्लैकमेल कर दी जान से मारने की धमकी

**छपार।** महिला ने छपार थाने पहुंच न्याय की फरियाद लगाई गई। छपार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कुछ दिन पूर्व उसका फेसबुक से दिल्ली निवासी एक युवक से दोस्ती हो गई। उक्त महिला युवक के बुलावे पर उसके पास दिल्ली चली गई। जहां वह कुछ दिन रही। लेकिन युवक के आवारा निकलने पर उससे नाराजगी के चलते वह वापिस अपने गांव आ गई। आरोप है कि उक्त युवक फेसबुक पर उसे ब्लैकमेल कर रहा है तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। युवक की धमकी से परेशान होकर थाने पहुंची महिला ने पुलिस से कार्यवाही की फरियाद लगाई। महिला ने पुलिस को युवक द्वारा धमकी दिए जाने की वीडियो आदि भी सौंपी गई। छपार पुलिस ने तहरीर लेकर महिला को जांच एवं कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया।

### ट्रक ने मारी पिकप में टक्कर ,चालक घायल

**छपार।** मुजफ्फरनगर से अखबार की रद्दी लेकर मंगलोर जा रही पिकप ने गाडी पीछे से ट्रक में टक्कर मार दी जिससे गाड़ी चालक व मालिक गंभीर घायल हो गए। ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय भेज दिया है। सुबह लगभग छह बजे एक पिकप अखबार की रद्दी भरकर मुजफ्फरनगर से उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार कस्बा मंगलोर जा रही थी। हाइवे पर जब गांव बरला धर्म कांटे के निकट पहुंची तो आगे चल रहे एक ट्रक में जा घुसी जिससे गाड़ी के परखचे उड़ गये ओर उसका चालक मुजफ्फरनगर के मोहल्ला मिमलाना रोड निवासी रियासत व गाड़ी मालिक मोहल्ला कृष्णापुरी निवासी अरिहंत जैन गंभीर घायल हो गये। ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को बाहर निकाल कर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया ओर ट्रक को कब्जे में ले लिया है ।

### निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

**मीरापुर।** गांव कैथोड़ा में बहन के यहां पर रहने आई एक युवती ने गांव के ही एक युवक पर निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। हरिद्वार के पथरी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने मीरापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है कि गांव कैथोड़ा में उसकी बहन की ससुराल है तथा वह अपनी बहन के यहां पर रहने के लिए आई थी। आरोप है कि कैथोड़ा निवासी सुहैल पुत्र साबू ने उससे निकाह करने की बात कही तथा निकाह करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मैडिकल के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा आरो. पित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सर्राफा व्यापारीयों ने सुरक्षा के लिए लगाए सीसीटीवी कैमरे

**भास्कर ब्यूरो**

**खतौली।** कोतवाली में सीओ राम आशीष यादव की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें इंस्पेक्टर उमेश रोरिया तथा सर्राफा व्यापारी उपस्थित रहें। बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना था।
बैठक में सीओ राम आशीष यादव ने व्यापारियों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और उन्हें सुरक्षा उपायों को लेकर सुझाव दिए। चोरियों तथा लूटपाट की घटनाओं को रोकने के लिए सभी व्यापारियों को सतर्क रहने के साथ ही, सभी व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की सलाह दी ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में पुलिस को जांच में सहूलियत हो। इंस्पेक्टर रोरिया ने भी सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन के इस कदम की सराहना की और अपनी समस्याओं को साझा किया। इस अवसर पर पंकज जैन, सोनू शर्मा, प्रवीण गुप्ता, संजीव , कैलाश अग्रवाल, सतीश गुप्ता, मोहन वर्मा, रजनीश वर्मा, अरविंद वर्मा, बिल्लू, बबली, सर्राफा व्यापारी उपस्थित रहें।

# मेला देखने गए युवक की कार चोरी

**भास्कर ब्यूरो**

**बुढ़ाना।** मेला देखने गये एक व्यक्ति की सेंट्रो कार को अज्ञात चोरों ने चोरी कर अन्य वाहन चाल. कों मे सनसनी फैला दी जबकि बुढाना पुलिस घटना को संदिग्ध मानते हुए जांच करने में लगी है। पीड़ित ने बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देकर उक्त सैंट्रो कार बरामद किए जाने की गुहार लगाई है।
बुढ़ाना पुलिस ने पीड़ित कार चालक की तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चोर की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार इरफान अहमद पुत्र रहीसुद्दीन निवासी मंदवाडा रोड ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि वह बीते 2 सितम्बर की रात 9 बजे पुरानी सैंट्रो कार को लेकर बडौत रोड पर लग रहे मेले को देखने गया हुआ था। तब उसने कार को मेरे के बाहर खड़ी कर दी और मेला देखने के लिए चला गया।
लगभग 2 घंटे के बाद जब वह मेला देखने के बाद बाहर आया तो उसकी कार उक्त स्थान से गायब थी। पहले तो उसने अपनी कार को इधर उधर तलाश किया और बाद में उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के आधार पर बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार की तलाश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।
अब बुढ़ाना पुलिस ने उक्त तहरीर के आधार पर सैंट्रो कार चोर की तलाश शुरु कर दी है। चोरी हुई उक्त सैंट्रो कार को हेमंत नाम के किसी व्यक्ति के नाम रजिस्टर्ड बताई गई है।

# श्री राधाष्टमी जन्म बधाई महोत्सव का दिया निमंत्रण



**भास्कर ब्यूरो**

**बुढाना।** श्री राधाष्टमी जन्म बधाई महोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारियां बुढ़ाना कस्बे में जोरों शोरों से शुरु कर दी गयी हैं। इसके लिए बाकायदा आयोजकों ने बुधवार के दिन बुढ़ाना कस्बे में पुलिस अधिकारियों के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य लोगों और धार्मिक लोगों को कार्यक्रम के निमंत्रण पत्र दिये और उनको कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कहा गया। तब निमंत्रण पत्र पाने वाले सभी लोगों ने उक्त कार्यक्रम के आयोजकों को कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही। इस दौरान उक्त निमंत्रण पत्र बांटने वालों में मुख्य रूप से धर्मप्रेमी संजीव लोमश, गौरव गोयल और नितिन गोयल इत्यादि उपस्थित रहे।

# निरीक्षण में जिनकी हुई शिकायत वे अस्पताल सही मिले

**भास्कर ब्यूरो**

**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी महावीर सिंह फौजदार के निर्देश पर बुधवार के दिन अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अशोक कुमार अपनी टीम के साथ आकस्मिक रुप से बुढ़ाना कस्बे में पहुंचे और काफी समय से कई अस्पतालों की मिल रही शिकायतों को लेकर कई हस्पतालों का निरीक्षण किया। जिसमें सुत्रों के मुताबिक निरीक्षण के दौरान जिन अस्पतालों की शिकायतें मिली थी वह सभी आयुर्वेदिक रजिस्टर्ड मिले।
इनमें से कुछ अस्पताल बंद भी मिलें। निरीक्षण अधिकारी ने सीएमओ को सभी अस्पतालों की जांच रिपोर्ट सौंपी। इस दौरान अस्पताल संचालकों में हड़कंप मचा रहा कि कहीं जांच अधिकारी कोई कमी बताकर उनका अस्पताल सीज ना कर दें या उनको कोई नोटिस ना थमा दें।
फिर भी सब कुछ सही पाया गया ऐसा सुत्र बताते हैं। बताया जाता है कि बीते दिनों कस्बे के युवा वर्ग और कुछ संगठनों ने सीएमओ को बताया था कि बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में बड़े ही धड़ल्ले से फर्जी अस्पताल संचालित हो रहे हैं। इसी शिकायत के मद्देनजर आज जांच टीम आई तो ऐसा कुछ नहीं मिला जिसमें ये प्रतीत होता हो कि अस्पताल फर्जी तरीके से चलाए जा रहे हैं। इस संबंध में जब एसीएमओ से बात करनी चाही तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा बीती 01 सितंबर से लेकर आगामी 15 सितंबर तक के अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता दिवस एवं सितंबर के प्रथम बुधवार को विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को शिक्षकों ने सफाई करते हुए बच्चों को दिखाकर, संगीत तथा एक्टिविटी के माध्यम से स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि सामुदायिक सहभागिता स्वच्छता के लिए आवश्यक है सामुदायिक स्वच्छता एक दूसरे के निकट रहने वाले लोगों के समूह को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने तथा बीमारियों की रोकथाम के लिए सहयोगात्मक प्रयास किया गया। इसके बाद विद्यालय में सितंबर के प्रथम बुधवार में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक के दौरान स्काउटिंग व गाइडिंग को प्रभावी ढंग से चालू रखने के संबंध में इको क्लब के गठन के संबंध में नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा के संबंध में तथा स्वच्छता मनाए जाने के संबंध में भी जोरदार तरीके से चर्चा की।

# एसएसपी व बैंक ऑफ बडौदा ने स्वर्गीय आरक्षी की पत्नी को आर्थिक सहायता के लिए किया 60 लाख का चैक



**भास्कर ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व बैंक ऑफ बड़ौदा ने स्वर्गीय आर्क्षी अंकुर सहरावत की पत्नी को पुलिस कार्यालय पर 60 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात आरक्षी अंकुर सहरावत निवासी ग्राम व थाना भोपा मुजफ्फरनगर की बुधवार को सड़क हादसे में दुखद मृत्यु हो गयी थी। आरक्षी अंकुर जीआरपी कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैनात थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह व बैंक ऑफ बड़ौदा ने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर स्वर्गीय आरक्षी अंकुर सहरावत की पत्नी सोनिया को 60 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि स्वर्गीय आर्क्षी अंकुर सहरावत का सैलरी अकाउंट हमारे यहां था और सड़क हादसे में इनका दुखद निधन हो गया था। आज बैंक द्वारा 60 लाख रुपए का चेक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के द्वारा स्वर्गीय आरक्षी अंकुर की पत्नी को सौंपा गया है। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने पुलिस सैलरी पैकेज के अन्तर्गत बीमा राशि का चेक सौंपने के साथ ही स्वर्गीय आर्क्षी अंकुर सहरावत के परिवार का कुशलक्षेम जाना। स्वर्गीय आर्क्षी अंकुर सहरावत के परिवार को पुलिस विभाग की कल्याणकारी योजनाओं के तहत सभी सुविधाए प्रदान की जाएगी।

# खुर्जा व अरनिया पुलिस की गौकशों से हुई मुठभेड़

- पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तीन गौकश गोली लगने से घायल





**भास्कर ब्यूरो**

खुर्जा। गौकशी करने वाले बदमाशों से थाना अरनिया व खुर्जा नगर पुलिस की संयुक्त रूप से मुठभेड़ हो गई। इस कार्रवाई में तीन बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। शातिरों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, पशु काटने के औजार एवं बाइक पुलिस ने बरामद की है। एसपी देहात रोहित मिश्रा ने बताया कि मंगलवार देर रात को थाना अरनिया पुलिस एक अभिसूचना के आधार पर क्षेत्र के गांव नायसर के निकट संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी। उसी समय ग्राम डांवर की ओर से एक बाइक पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति आते हुये दिखाई दिए। रोकने पर वह बाइक को मोड़कर ग्राम बलराऊ की ओर तेजी से भागने लगे। बदमाशों की बाइक हड़बड़ाहट में रजवाहे की पटरी किनारे आम के बाग के पास कच्चे रास्ते पर अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे बदमाशों द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाश अफजाल व अकरम गोली लगने से घायल हो गए। जबकि एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकला। जिसकी सूचना थाना खुर्जा नगर पुलिस को आरटी सेट द्वारा दी गई। खुर्जा पुलिस टीम ने बिना देर किए फरार बदमाश को उस्मापुर गांव के निकट चेकिंग के दौरान घेर लिया। एसपी ने बताया कि खुद को पुलिस से घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग की और जवाबी फायरिंग में बदमाश जुल्फिकार गोली लगने से घायल हो गया। इस तरह अरनिया व खुर्जा पुलिस तीनों घायलों को गिरफतार कर लिया। जिनकी पहचान अलीगढ़ के थाना चंडौस क्षेत्र के गांव रामपुर शाहपुर अकरम पुत्र जुल्फिकार, अफजाल पुत्र अनवार व जुल्फिकार पुत्र अहसान के रुप में हुई है। घायल बदमाशों को उपचार के लिए जिला अस्पताल बुलन्दशहर में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से तीन तमंचे, चार ज़िंदा व तीन खोखा कारतूस, पशु काटने वाले औजार व एक बाइक बरामद हुई है। एसपी देहात रोहित मिश्रा ने बताया कि संयुक्त मुठभेड़ में घायल हुए बदमाशों ने विगत 30 अगस्त को अरनिया क्षेत्र के ग्राम बलराऊ के पास आम के बाग में गोकशी की घटना कारित की थी।

# मूसलाधार बारिश में मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त



**भास्कर ब्यूरो**

फिरोजाबाद। बीती रात फिरोजाबाद शहर में हुई मूसलाधार बारिश के चलते नगर निगम क्षेत्र वार्ड नंबर 66 अशरफगंज रोड गली नम्बर सात चांद ग्लास नैनी ग्लास चौराहे के पास से एक ताला लगा बंद मकान गिरकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त, मकान मालिक का नाम अब्दुल गफ्फार, पड़ोसी बताया गया। उनका कहना था हमारा पूरा परिवार शादी में गया था गली में पानी भर गया था फिर गिरी थी आकाशीय बिजली इसके बाद पूरा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। वह काम आदि करते थे चूड़ी के तोड़े आदि भी नष्ट हो गए। बताया गया पड़ोसी जमील अहमद का मकान भी क्षतिग्रस्त हुआ, पूर्व पार्षद शाहिद अंसारी ने मीडिया तक बात पहुँचाई, वहीं क्षेत्रीय पार्षद शाहनवाज ने भी घटनास्थल पर जाकर मौका मुआयना किया, और पीड़ित को जो भी सम्भव मदद हो प्रशासन से कराने की बात कही।

# अजीत सिंह पाल शिवम होटल में मीडिया से हुये रूबरू, बोले तीन सितंबर शाम तक दस लाख लोगों ने ग्रहण की यूपी में भाजपा की सदस्यता





**भास्कर ब्यूरो**

फिरोजाबाद। प्रभारी मंत्री फिरोजाबाद अजीत सिंह पाल का फिरोजाबाद आगमन हुआ। इसके साथ ही बुधवार की दोपहर दो बजे करीब वह शहर के शिवम रेस्टोरेंट में मीडिया से रूबरू हुये। उन्होंने कहा कि तीन सितंबर सायं पांच बजे तक उप्र में दस लाख लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर चुके थे। इसके साथ ही बुधवार अर्थात अब से पांच सितंबर तक प्रभारी मंत्री, जिला प्रभारी, सांसद, विधायक, पदाधिकारी द्वारा प्रदेश सदस्यता अभियान का शुभारंभ अपने अपने जिलों में किया जा रहा है। 31 अगस्त 2024 को बताया सभी बूथ समितियों की तैयारी बैठक कर चुके हैं। भाजपा सदस्यता अभियान का प्रथम चरण दो सितंबर से 25 सितंबर 2024 तक चलेगा। द्वितीय चरण एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा। 16 अक्टूबर से 31 अक्अूबर तक तृतीय चरण पूर्ण होगा। प्रत्येक बूथ पर 250 सदस्य बनाना है। एक मोबाइल नंबर से एक ही सदस्य बन सकता है। वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष भाजपा राकेश शंखवार, महापौर कामिनी राठौर, टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर, जिला मीडिया प्रभारी अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# देश हित में गुर्जर समाज की अपनी जान न्यौछावर की : जिलाध्यक्ष अधाना



**भास्कर ब्यूरो**

सिकन्दराबाद। भारतीय गुर्जर परिषद के जिला अध्यक्ष चौधरी अजय अधना का क्षेत्र के मंजू पुर गांव में सम्मान समारोह सभा के दौरान भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा संगठन 'भारतीय गुर्जर परिषद' पूरे देश में समाज सेवा का कार्य सभी 36 कौमों व 198 जाति के लिए कार्य कर रही है। देश की आजादी में अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले वीर जवान व स्वतंत्रता सेनानियों जो 1965 व 1971 में भी लड़ चुके हैं। उन वीरों को भी ऐसे सम्मान समारोह में एक सम्मानित राशि देकर सम्मिलित करें। ताकि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हमारे देश के वह नौजवान युवाशक्ति के अंदर देशभक्ति जागे। जिससे वह सब कुछ छोड़कर देश सेवा में अपना योगदान दें। इसी के साथ ही उन्होंने अपने समाज के नौजवानों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि जब हमारे बच्चे अच्छी शिक्षा लेकर अन्य पदों पर बैठेंगे तो वह अपने परिवार की उन्नति के साथ-साथ देश सेवा में अपनी भागीदारी कर सकेंगे, और राजनीति व प्रशासनिक उच्च पदों पर स्थापित होकर अपने समाज व देश हित में अपना योगदान कर सकेंगे। 1857 की क्रांति में हमारी कौम ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बागी होकर लड़ाई लड़ी, जिससे 1871 में अग्रोनो ने गुर्जर समाज को क्रिमिनल ड्राइव एक्ट को डिनोटिफाइड किया था और देश के लिए जान से लड़ने वाली गुर्जर जाति को एक काला कानून बनाकर उसे क्रिमिनल ड्राइव एक्ट कानून के तहत गुर्जर जाति को जेल में डालकर फांसी पर लटकाना शुरू किया था। जिसमें बुलंदशहर के कालाआम पर 147 गुर्जरों को एक साथ फांसी दी थी। आज भी अंग्रेजों के बनाए गए कानून के तहत गुर्जर जाति को भिन्न-भिन्न जातियां भी लड़ाकू कौम ही मानती हैं। जबकि सरकार व सभी जातियों को गुर्जर कौम पर गर्व करना चाहिए कि जिस जाति ने अपने पूरे परिवार को देश हित में न्यौछावर किया हमें इस कानून को खत्म करना चाहिए। कार्यक्रम में सुनील प्रधान, दीपक, पवन गुर्जर व नवाब सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अंत में सभा संयोजकों द्वारा भारतीय गुर्जर परिषद के जिला अध्यक्ष चौधरी अजय अधाना का आभार व्यक्त किया गया। इस सम्मान समारोह सभा का संचालन राजू व सोया ने किया।

# बारिश से गर्मी और उमस से लोगो को मिली राहत मिली

**भास्कर ब्यूरो**

नरसेना। विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र में बारिश होने से मौसम का मिजाज बदल गया और भीषण गर्मी, उमस से लोगों को राहत मिली है। वहीं जगह-जगह बरसाती पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

क्षेत्र में बुधवार की सुबह तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे। दोपहर के समय अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और आसमान में काले घने बादल छा गए। इसके बाद तेज बारिश होने लगी, जिससे कई स्थानों पर बरसाती पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई। बाजारों में भी लोगों की रौनक कम रही। शाम तक रुक-रुक कर हुई बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। गांव में कई स्थानों पर पानी भर गया।

# शिक्षा का उजाला कर समाज को रौशन करें शिक्षक : विकास चौहान



**भास्कर ब्यूरो**

सिकंदराबाद। बीआरसी सिकंदराबाद पर खंड शिक्षा अधिकारी सिकंदराबाद विनोद कुमार के निर्देशन में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का अनुश्रवण भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विकास चौहान द्वारा किया गया । जिसमें सत्र के लिए बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के कौशल विकसित करने हेतु एनसीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित नवीन पाठ्य पुस्तकों व कक्षा 3,4 व 5 के लिए एस सी इ आर टी पाठ्यक्रम आधारित पाठ्य पुस्तकों के क्रियान्वयन की वार्षिक योजना की समग्र समझ विकसित करने हेतु कक्षा कक्षीय शिक्षण प्रक्रिया में जो बदलाव किए गए हैं, पर समग्र समझ विकसित करने हेतु ब्लॉक के संदर्भ दाताओं द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है । जिलाध्यक्ष द्वारा शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा गया के उक्त प्रशिक्षण से लाभान्वित होकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से निपुण भारत मिशन को सफल बनाने की अपेक्षा की गई।

उनके द्वारा कहा गया कि सरकार सरकारी विद्यालय में पढ़ने वालों बच्चों की प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है । आप सभी समाज का सहयोग लेते हुए अपने विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता को इस दिशा में लेकर जाएं कि समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगों के बच्चे सरकारी विद्यालयों में पढ़ने आएं । विद्यालय को एक आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापित कर शिक्षा के उजाले से सारे समाज को रोशन करने की अपेक्षा शिक्षकों से की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष द्वारा यह भी आश्वासन शिक्षकों को दिया गया विद्यालय के कायाकल्प संबंधी या अन्य किसी समस्या के लिए वह तन मन धन से प्राथमिक विद्यालयों के लिए समर्पित रहेंगे । खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला अध्यक्ष महोदय का आभार प्रकट कर स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया । इस दौरान उनके साथ, हितेश गर्ग, दीपक दुल्हेरा, दीपक गौड़ भी उनके साथ रहे ।

## अवैध खनन : मौके पर नायब तहसीलदार ने तीन ट्रैक्टर पकडे



**भास्कर ब्यूरो**

फिरोजाबाद। शहर के स्मार्ट सिटी के लालऊ रोड स्थित मीरा चौराहे के पास से गुजरते हुए नायाब तहसीलदार सदर हृदेश कुमार प्रिंस ने अवैध खनन होने की शंका होने पर विभागीय टीम के साथ साथ इंडस्ट्रियल एरिया के चौकी इंचार्ज योगेश गौतम से संपर्क किया और अवैध खनन करते हुये तीन ट्रैक्टरों को मौके से पकडा। प्रथम दृष्टतया जांच पड़ताल करने पर पता चला कि, इनके पास परमीशन नहीं थी। नियमनुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। नायब तहसीलदार ने बताया कि, जब, वे ट्रैक्टरों का पीछा कर रहे थे तो, उन्होंने, रफ्तार इतनी तेज कर दी कि कई एक मोटरसाइकिल भी चपेट में आते आते दुर्घटनाग्रस्त होने से बचीं।

# आंगनबाड़ी केंद्र से राशन नहीं मिलने पर महिलाओं ने किया प्रदर्शन



**भास्कर ब्यूरो**

नरसेना। ऊंचागांव विकासखंड क्षेत्र के गांव कपसाई महमदपुर में आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों व गर्भवती लाभार्थियों को ड्राई राशन व दाल, चावल, रिफाइंड तेल आदि के वितरण में लापरवाही पर बुधवार को गांव की महिलाओं ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने इस संबंध में उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रत्येक माह लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में चावल व दाल रिफाइंड तेल का वितरण स्वयं सहायता समूह एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं के हाथों वितरित करने का शासन से फरमान जारी है। इसमें बच्चों व गर्भवती महिलाओं को रिफाइंड तेल, चावल, दाल आदि चीजों का वितरण भी किया जाना है। इसके बावजूद गांव में लाभार्थियों को राशन नहीं मिल पाया है। जिसको लेकर गांव की दर्जनों महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बाल विकास परियोजना अधिकारीयों हरेंद्र कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। कपसाई गांव आंगनबाड़ी केंद्र की इंचार्ज नीलम सिंह है। इस संबंध में नीलम सिंह से फोन दोबारा संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा हैं।

## सार सुर्खियां

### श्री सप्त भवानी अखाड़ा का हुआ विधिवत शुभारम्भ

भास्कर ब्यूरो/बुलंदशहर। श्री सप्त भवानी अखाड़ा (रजि0) द्वारा मंगलवार देर शाम राजराजेश्वर मंदिर पर विधिवत अखाड़े का शुभारम्भ किया गया। जिसमें अखाड़े के पदाधिकारी व दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। अखाड़े के संस्थापक / अध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने बताया कि अखाडा अब 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम को 6 बजे से 9 बजे तक राजराजेश्वर मंदिर परिसर में निरंतर चलेगा। जिसमें पुराने व नए खिलाडी प्रतिदिन वहां अभ्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि माँ शमशानवासिनी जी की शोभायात्रा 9 अक्टूबर को मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य बाजारों से होती हुई 10 अक्टूबर को महाआरती के बाद समापन होगी। श्री अग्रवाल ने बताया कि तैयारी जोरशोर से चालू हो गयी हैं और निश्चित ही गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भक्त उत्तर प्रदेश की प्रसिद्द शमशान वासिनी मईया का विकराल रूप के दर्शन कर सकेंगे। जिसमें हजारों श्रद्धालु माँ का दर्शन लाभ उठाने कई वर्षो से जनपद से बाहर से भी आते रहे हैं इस वर्ष गत वर्ष से भी कई गुना अधिक भक्तो की संख्या बढ़ने का अनुमान है। कार्यक्रम शुभारम्भ में रजिस्टर्ड कमेटी के पदाधिकारी मोहित गर्ग, मुकेश राजपूत, शिवम राजपूत, अतुल अग्रवाल, लव पाटनिया, सौरभ राजपूत समेत सीनियर कमेटी के सदस्य व दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पर्यावरण पर गेसूपुर विद्यालय में गोष्ठी का आयोजन

भास्कर ब्यूरो/सिकंदराबाद। मेरठ प्रांत के पर्यावरण सह सयोजक महिपाला व राकेश ,रिक्की नोएडा योगेन्द्र कुमार प्रवक्ता गेसूपुर ने विद्यालयों में उपस्थित होकर स्वक्ष भारत स्वस्थ भारत प्लास्टिक मुक़्त भारत जल है तो कल है आदि विषयों पर गोष्ठी की । सभी बच्चों को अध्यापकों को प्रतिज्ञा कराई गई जिसमें कि स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत प्लास्टिक मुक्त भारत जल संरक्षण वृक्षारोपण आदि पर जोर दिया गया। इसमें कमलेश प्रधानाचार्य भराना, सुनीता प्रधानाचार्य सैनोटा,नीरज प्रधानाचार्य पीरबियाबानी ,श्याम सुंदर गुप्ता प्रधानाचार्य गुलावठी ,शशि कांत प्रधानाचार्य गेसूपुर ,सुनील कुमार प्रबंधक आदि ने भाग लिया।



### विभागीय गणित विज्ञान प्रश्न मंच प्रश्नमंच प्रतियोगिता का समापन

भास्कर ब्यूरो/सिकंदराबाद। नगर के विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर में विभागीय गणित/ विज्ञान प्रश्नमंच, प्रयोग व पत्र वाचन प्रतियोगिताएं आयोजित हुई । जिसमें 16 विद्यालयों से 144 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मी राज सिंह विशिष्ट अतिथि मनीष सिंघल व पूर्णिमा सिंह क्षेत्राधिकारी पुलिस विभाग सिकंदराबाद कार्यक्रम संयोजक देवेन्द्र कुमार शर्मा व अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित व्यवस्थापक नवीन गुप्ता कोषाध्यक्ष जगदीश बजाज ने मां सरस्वती के मन्दिर में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा समापन समारोह पर विशिष्ट अतिथि युवा व यशस्वी ऊजार्वान विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने विजयी छात्रों को शील्ड देकर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के सम्मानित अध्यक्ष, प्रबन्धक, कोषाध्यक्ष, समिति के सदस्यों व प्रधानाचार्या ज्योति सिंह ने विधायक जी व आगंतुक अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी का आभार व्यक्त किया।



### तेज बरसात से मौसम हुआ सुहाना

भास्कर ब्यूरो/बुगरासी। बुधवार को अचानक हुई तेज बरसात से मौसम तो सुहाना हो ही गया भंयकर पड रही गर्मी से भी निजात मिल गई। डाक्टर संतोष चौहान ने बताया कि काफी दिनों से पड रही तेज गर्मी के बाद अचानक हुई तेज बरसात से बिमारियों के आने का खतरा बढ गया है। वहीं दूसरी ओर इस बरसात से सभी फसलों को भी फायदा हुआ है । बरहाना निवासी भूदेव त्यागी का कहना है कि इस बरसात से ईख आम की फसल को अधिक फायदा हुआ है। इस समय हुई बरसात से फायदा ही फायदा है कोई नुकशान नही है। उनका ये भी कहना है कि भादों बरसात का आखरी महिना है इसमे तो अधिक बरसात ही होती है। अब बारिश होने से मच्छरों का साम्राज्य हो जायेगा क्योंकि गाँवों मे मच्छर मार दवा का छिडकाव नही कराया गया है जिससे मच्छर जनित बिमारियां भी पैदा होगी। जो नई नई बिमारियों को जन्म देगी।



# माता-पिता से मिले संस्कारों ने ही सिखाई जनसेवा: शैलेश तेवतिया

- चेयरमैन शैलेश तेवतिया की माता चमन देवी को पुण्यतिथि पर जिपं अध्यक्ष ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि



**भास्कर ब्यूरो**

गुलावठी। माता-पिता से अच्छे संस्कार, जनसेवा की प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़े चेयरमैन गुलावठी चौधरी शैलेश तेवतिया आज अपने माता-पिता का नाम तो रोशन कर ही रहे हैं, साथ ही गुलावठी में वो विकास कार्य कराने का बीड़ा उठाए हुए हैं, जो दशकों से अन्य चेयरमैन ठंडे बस्ते में रखे रहे। शैलेश तेवतिया जैसी अच्छी सोच का चेयरमैन गुलावठी को मिला, इसे लोग भी स्वीकार करने लगे हैं। शैलेश तेवतिया को अच्छे संस्कार देने वाली माता श्रीमति चमन देवी की बुधवार चार सितंबर को पुण्यतिथि का दिन आया तो लोग भी उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित करने सुबह से ही पहुंचने लगे। चेयरमैन शैलेश तेवतिया की माता स्वर्गीय चमन देवी की पुण्यतिथि पर सैकड़ों लोग उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे तो वरिष्ठ भाजपा नेत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया भी श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचीं। इस मौके पर आरएसएस, भाजपा के सैकड़ों कार्यकताओं के अलावा अनिमेश अगस्तीन समेत सभासदगण, व्यापारी नेता, धार्मिक एवं सामाजिक, शिक्षण संगठनों से जुड़े अनेकों लोग भी श्रद्धासुमन अर्पित करने चेयरमैन शैलेश तेवतिया की माता को श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे। इस दौरान चेयरमैन शैलेश तेवतिया ने कहा कि मां तो मां होती है। भले ही आज मेरी माता मेरे साथ नहीं हैं, लेकिन उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन मुझे हमेशा मिलता रहेगा, जिससे मैं अपने गुलावठीवासियों को हर संभव सुविधा देने का काम करता रहूंगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सम्बन्ध में मीडिया कर्मियों को दी जानकारी



**भास्कर ब्यूरो**

फिरोजाबाद। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लिए सभी बेघर एवं आवास विहीन परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। इसमें नये सिरे से सर्वे का कार्य कराया जा रहा है, साथ ही पात्र लोग ही इसका लाभ प्राप्त कर सके। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि पात्र परिवार, लाभार्थी का नाम सर्वेक्षण के पश्चात तैयार की जाने वाली पात्रता सूची में सम्मिलित हो इसके लिए निम्न मानक निर्धारित किए गए हैं। आश्रय विहीन परिवार, बेसहारा एवं भीख मांगने वाले, जीवन यापन करने वाले परिवार, हाथ से मैला ढोने वाले, आदिम जनजातीय समूह, वैधानिक रूप से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर। इसके अलावा वह लोग अपात्र समझ जाएंगे जो इन मानको के तहत आते हैं, जिनके पास मोटर युक्त तिपहिया, चैपहिया वाहन हो, मशीनी तिपहिया चैपइयां कृषि उपकरण हो, 50 हजार या इससे अधिक की ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड धारक, वह परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, सरकार के पास पंजीकृत गैर कृषि उद्यम वाले परिवार, वह परिवार जिनका कोई सदस्य रुपए 15 हजार से अधिक प्रतिमाह कमा रहा हो, आयकर देने वाले परिवार, व्यवसाय करने वाले परिवार, वह परिवार जिनके पास ढाई एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो, वह परिवार जिनके पास 5 एकड़ या इससे अधिक की असिंचित भूमि हो। इस संबंध में जिलाधिकारी रमेश रंजन ने संबंधितों को निर्देशित किया कि इस योजना का प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक कराया जाए जिससे इस योजना से पात्र लाभार्थियों को मदद मिल सके पात्रता एवं अपात्रता के मानको को ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थानों पर वॉल राइटिंग कराई जाए जिससे जन सामान्य को इस योजना के संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि तहसील एवं थाना दिवसों में खंड विकास अधिकारी प्रचार प्रचार की व्यवस्था कराएंगे। योजना के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के लिए विकासखंड में निर्मित किए गए मॉडल आवासों को चिन्हित लाभार्थियों को दिखाया जाए। जिलाधिकारी ने इस योजना के विषय में मीडिया कर्मियों का अवगत कराते हुए बताया कि इस योजना में नई सिरे से सर्वे होगा। साथ ही साथ इसमें दो महत्वपूर्ण बदलाव भी ले गए हैं पहले जिन व्यक्तियों की प्रतिमाह औसत आय 10000 होती थी उनको इसका पात्र नहीं माना जाता था परंतु अभी सीमा को बढ़ाकर 15000 कर दिया गया है साथ ही पहले दो पहिया वाहन रखने वालों को भी इस योजना का लाभ नहीं दिया जाता था परंतु अब उन्हें इस सीमा से बाहर कर दिया गया है।

असफलता यह सिद्ध करती है प्रयत्न पूरे मन से नहीं बल्कि अधूरे मन से हुआ था।

# गणेश चौथ मेलाः डीएम, एसपी ने किया निरीक्षण, देखी व्यवस्था

## सजीं दुकानें, गणेश रथ यात्रा को लेकर झांकियों को मिल रहा अंतिम रूप

- मेला कमेटी और प्रशासन की तैयारियां पूर्ण, रूट डायवर्ट
- साफ सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था पर सख्त निर्देश





**भास्कर ब्यूरो**

चंदौसी/संभल। चंदौसी में गणेश चौथ के अवसर पर लगने वाले गणेश चौथ मेला की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। रथ यात्रा को भव्य रूप दिया जा चुका है। मेला कमेटी और प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने मेला स्थल का निरीक्षण किया तथा तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मेला ग्राउंड का भ्रमण करते हुए रथ यात्रा के मार्गों का निरीक्षण करते हुए मेला कमेटी के सदस्यों से वार्ता की तथा आवश्यक निर्देश दिए। चंदौसी में लगने वाले गणेश चौथ के मेले में देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। जिसकी तैयारियां महीने भर से चल रही थीं और अभी भी अंतिम चरण में हैं। लगभग 150 से अधिक कारीगर रथ यात्रा को तैयार करने में लगे हुए हैं। लगातार प्रशासन और मेला कमेटी द्वारा तैयारी का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था को पूरा कर लिया गया है। जहां पुलिस प्रशासन द्वारा रूट डायवर्ट करते हुए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। आज से शुरू होने वाला गणेश चौथ का मेला आगामी 25 सितंबर तक चलेगा। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की अलग व्यवस्था की गई है। दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा ली हैं। आज मेले का उद्घाटन होने के बाद 7 सितंबर को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसके लिए जगह-जगह बैरियर लगाए गए हैं। शोभायात्रा के दौरान अलग-अलग प्रकार की झांकियों के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 7 सितंबर को ही सुबह के समय पूजन होगा तथा दोपहर बाद रथ यात्रा निकाली जाएगी। व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए लगातार अधिकारियों तथा पुलिस प्रशासन द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। बुधवार को जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैंसिया व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने मेला ग्राउंड का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को चेक किया तथा मेला स्थल का जायजा लेते हुए शोभायात्रा निकलने वाले मार्गों का निरीक्षण कर, मेला कमेटी के सदस्यों से वार्ता की ओर आवश्यक निर्देश दिए। जहां उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, उप जिलाधिकारी चंदौसी, क्षेत्राधिकारी चंदौसी आदि सहित संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बदायूं के पांच युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

- युवाओं की योग्यता व क्षमता के सामने अवरोध उत्पन्न करने वालों की होगी संपत्ति जब्त

**भास्कर ब्यूरो**

बदायूँ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मिशन रोजगार के अंतर्गत नव चयनित 1334 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। जनपद बदायूँ के पांच युवाओं को भी नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए। कार्यक्रम में पांच अभ्यर्थियों को अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्राप्त हुआ। सभी ने पारदर्शी प्रक्रिया के तहत चयन पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। बदायूं के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण



किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों आदि ने देखा। चयनित अभ्यर्थियों में 05 जनपद बदायूँ के भी हैं। मुख्यमंत्री ने नव चयनित युवाओं से कहा कि अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा। उत्तर प्रदेश प्रगति पथ पर अग्रसर है उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है तथा जल्द ही देश की प्रथम अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी युवाओं की योग्यता व क्षमता के सामने अवरोध (बैरियर) बनेगा तो उसको बैरियर को हटाया व तोड़ा जाएगा तथा भ्रष्टाचार फैलाने वालों की संपत्ति जब्त की जाएगी। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को प्रदेश में 1334 अभ्यर्थियों को 12 से अधिक विभागों में अवर अभियंता व अन्य पदों पर नियुक्ति उपरान्त नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि इन चयनित अभ्यर्थियों में पांच अभ्यर्थी जनपद बदायूं के भी हैं। जिनमें से तीन को सिंचाई विभाग बाढ़ खंड में नौकरी करने का अवसर प्राप्त हुआ है वही एक को ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग में तथा एक को लघु सिंचाई में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि जनपद बदायूं के चयनित पांच अभ्यर्थियों को लखनऊ के कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक, अपर जिलाधिकारी वित्त वैभव शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए बलराम कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सार सुर्खियां

### यात्री शेड न होने के कारण यात्रियों को होती है परेशानी

सैफनी/रामपुर। नगर में बस स्टैंड पर यात्री शेड न होने के कारण यात्रियों को बस की प्रतीक्षा करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सैफनी ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बने हुए दो साल बीत चुके हैं लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी किसी ने भी यात्री शेड बनवाने की कोशिश नहीं की है। यात्री शेड न होने से चिल चिलाती धूप में और बरसात में यात्रियों को बस का इंतजार करने में काफी परेशानी होती है। बरसात के दिनों में यात्री इधर-उधर खड़े होकर अपने आप को बरसात से बचाते हैं अगर यात्री शेड बना हो तो यात्री बस की प्रतीक्षा खड़े होकर कर सकते हैं और धूप का बरसात से बच सकते हैं।

### पंकज पंत बनें कोतवाल शाहाबाद



शाहबाद /रामपुर। कार्य में शिथिलता के चलते एसपी रामपुर ने निवर्तमान कोतवाल शाहबाद को सीओ की जांच पर निलंबित कर दिया था। नवागत कोतवाल ने कोतवाली शाहबाद का चार्ज संभाला। बुधवार को नवागत कोतवाल पंकज पंत ने कोतवाली शाहबाद का चार्ज संभाल लिया इससे पहले नवागत कोतवाल थाना अध्यक्ष पटवाई व थाना सिविल लाइंस रामपुर में प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनात रह चुके हैं। निवर्तमान पहले कोतवाल शाहबाद प्रिंस शर्मा को कार्य में शिथिलता बरतने पर पुलिस क्षेत्राधिकार शाहाबाद संगम कुमार की रिपोर्ट पर एसपी रामपुर विद्यासागर मिश्र ने निलंबित कर दिया था। कोतवाली शाहाबाद का चार्ज लेने के बाद नवागत कोतवाल पंकज पंत ने बताया कि अपराध पर नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी वही शाहबाद जनता से सहयोग की अपेक्षा की है।

### नगर विकास मंत्री से मुलाकात कर चेयरमैन जुनैद फरीदी ने सौपा ज्ञापन



चांदीनगर। रटौल नगर पचायत के चैयरमैन ने लखनऊ में नगर विकास राज्य मंत्री से मुलाकात कर उन्हें नगर पचायत के सीमा विस्तार बढ़ाने और नगर को मूलभूत सुविधा देने की मांग की और नगर की समस्या से अवगत कराया। रटौल नगर पंचायत चैयरमैन जुनैद फरीदी ने बुधवार को लखनऊ में नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर उर्फ गुरु से उनके कार्यलय पर मुलाकात की और रटौल नगर पंचायत की विस्तार सीमा बढाने को ज्ञापन दिया इसके अलावा उन्होंने नगर मे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से भी अवगत कराया और सिवरेज व नाले के लिए धनराशि आवंटित कराने की मांग की उन्होंने बताया की रटौल नगर पंचायत एक प्रगतिशील नगर पंचायत है जो अपनी मूलभूत सुविधाओं से वचिंत है नगर में कालिज, मेडिकल कालिज की भी उन्होंने मांग रखी और नगर की समस्याओं से भी अवगत कराया उन्होंने कहा की वह नगर को प्रदेश का सबसे अच्छा नगर प पंचायत बनाना चाहते है जिसमे सरकार के योगदान की जरूरत है राज्य मंत्री राकेश राठौर उर्फ गुरु ने उनकी समस्या को सुन समाधान का आश्वासन दिया।

### डीएम व एसएसपी ने प्रभारी मंत्री के जनपद आगमन पर किया स्वागत



बदायूँ । जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में प्रदेश की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा विभाग व जनपद की प्रभारी मंत्री श्रीमती गुलाब देवी के जनपद आगमन पर उनका स्वागत किया। राज्य मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने अधिकारियों के साथ जनपद के विकास तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था आदि पर चर्चा की। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पुरब

बदायूँ । गुरुद्वारा जोगीपुरा में श्री गुरु-ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पुरब बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजूरी रागी जत्था भाई कुलदीप सिंह व जसप्रीत सिंह सागर जी ने शबद-कीर्तन द्वारा संगत को गुरबाणी के साथ जोड़ा। चण्डीगढ़ के रतवाड़ा साहिब से आये रागी जत्था देवेन्द्र सिंह ने गुरबाणी के शबद कीर्तन द्वारा संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया । दीवान की समाप्ति पर गुरुद्वारे के प्रधान सरदार प्रतिपाल सिंह ने सभी संगत को प्रकाश पुरब की बधाई देते हुए सबका धन्यवाद किया।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

मिलक/रामपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराध के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर जनपद रामपुर के कुशल नेतृत्व में थाना मिलक जनपद रामपुर पुलिस द्वारा बुधवार को थाना मिलक द्वारा तीन नफर वारन्टी गोपाली पुत्र लाले निवासी ग्राम लोहा पट्टी भागीरथ थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद सख्या 1482/15 मु.अ.स.424/2004 धारा 25 आर्म्स एक्ट नियत दिनांक 9.9.2024 मा. न्यायालय सी.जे.(एसडी द्वितीय)ए.सी.जे.एम रामपुर, नरेश पुत्र विश्व देव निवासी मौ. रौरा कला थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या 167/20 मु.अ.सं. 42/20 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट नियत दिनांक 4/9/24 मा. न्यायालय ए.सी.जे.(एस.डि.) क्क/ए.सी.जे.एम. रामपुर, अहमद पुत्र मौहम्मद अली निवासी ग्राम पैगूपुरा थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित 873/2017 मु.अ.सं. 858/2016 धारा 323/504/506 भादवि नियत दिनांक 4/9/24 मा. न्यायालय ए.सी. जे.(एस.डि.) क्क/ए.सी.जे.एम. रामपुर को उनके मस्कन से गिरफ्तार किये गये।

# पानी की निकासी के लिए डीएम ने किया निमार्णाधीन ओवरब्रिज का निरीक्षण



**भास्कर ब्यूरो**

रामपुर। बुधवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने तहसील सदर के ग्राम बगी के पास से निकाले जा रहे ओवरब्रिज के निर्माण कार्यों के कारण गांव के पानी निकासी की समस्या का संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) हेम सिंह, उप जिलाधिकारी सदर मोनिका सिंह और एनएचएआई के अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को समस्या का त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिये। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को पानी निकासी हेतु तत्काल नाला बनवाने एवं कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूल में इण्टर लॉकिंग और आवश्यकतानुसार मरम्मत व पुताई कराने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समस्त ग्रामवासियों से अपील की है कि वे पानी की टंकी के कनेक्शन कराएं और ग्राम प्रधान से अपेक्षा की है कि पानी के कनेक्शन कराने के कार्य में वह ग्राम सचिव का सहयोग करें। जिलाधिकारी ने गांव में फैली गंदगी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि गांव में समय-समय पर साफ सफाई कराएं और कूड़ा डालने की जगह भी निर्धारित कराएं।

# कब्रिस्तान में पेड़ पर लटका मिला नाबालिक का शव

**भास्कर ब्यूरो**



कासगंज। कासगंज जनपद के कोतवाली क्षेत्र ढोलना के गांव घिनौना में दिल दहला देने बाली घटना सामने आई है। आपको बता दें 3 सितंबर दिन मंगलवार को घिनौना गांव का ही निवासी सुबोध पुत्र महेश चंद्र जिसकी आयु 13 वर्ष है, का शव उसके खेत के पास कब्रिस्तान में पेड़ पर लटका हुआ मिला। सुबोध अपनी माता ,बहन और अपने छोटे भाई के साथ गांव में रहता था। सुबोध के पिता महेश चंद्र और सुबोध का बड़ा भाई दिल्ली में काम करते है। मृतक सुबोध के घर बालों का कहना हैं की वह कल दिनांक 3 सितंबर को करीब 2:30 बजे दोपहर के समय वह अपनी बकरी चराने के लिए गया था। देर शाम तक जब सुबोध वापस नहीं लौटा तो घर पर रह रही उसकी मां और बहन को मन में चिंता हुई। पहले तो मां ने आस पास उसकी खोजबीन की जब उसका कोई पता नहीं चला तो इसकी जानकारी गांव मोहल्ला के लोगो को दी। जब गांव मोहल्ला के लोगो के साथ मिलकर उसको खोजने के लिए खेतों की तरफ गए तो लगभग साम 8:30 बजे सुबोध का शव उसके खेत के पास कब्रिस्तान में एक पेड़ पर लटका हुआ मिला ' पेड़ पर लटके हुए सब को देखकर सभी के होश उड़ गए परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। इसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और क्षेत्राधिकारी ने फॉरेंसिक टीम के साथ शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।फॉरेंसिक टीम ने वहा से साक्ष्य एकत्रित कर जांच के लिए भेज दिए है। इस घटना में पुलिस जांच में जुट गई है वही क्षेत्राधिकार का कहना है कि जल्द से जल्द बारीकी से घटना की जांच कर खुलासा किया जायेगा और जो भी इस घटना से जुड़ा होगा उसके सजा दिलाई जाएगी। वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# आंगनवाड़ी केंद्र पर पड़ा रहता है ताला,बच्चे करते रहते हैं मैडम का इंतजार

**भास्कर ब्यूरो**





कासगंज। विकासखंड सोरों की ग्राम पंचायत बसुपुरा के ग्राम हरपाल पुर में बना आंगनवाड़ी केंद्र पर पड़ा मिला ताला बच्चे करते रहे इंतजार। आपको बता दें विकासखंड सोरों की ग्राम पंचायत बसुपुरा के ग्राम हरपाल पुर में बने आंगनवाड़ी केंद्र पर आज दिन ताला पड़ा रहता है। आंगनवाड़ी कार्यकत्री कभी भी समय से नही आती है जिससे बच्चों को घंटों इंतजार करना पड़ता है वही इंतजार करते करते कुछ बच्चे घर भी चले जाते है। बुधवार को हरपाल पुर आंगनवाड़ी केंद्र पर 10:15 पर भी ताला पड़ा रहा जबकि आंगनवाड़ी वाले बच्चे केंद्र पर पहुंच कर इंतजार करते रहे। वहीं हरपाल पुर के ग्रामीणों का कहना हैं कि वहा पर नियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्री कभी भी समय से नही आती है और हमेशा समय से पहले ही बंद कर देती है। न ही कभी आंगनवाड़ी केंद्र पर साफ सफाई होती है। जिससे वहा जहरीले मच्छर और कीट पनपते है जिससे बच्चों में बीमारी फैलने का खतरा हमेशा बना रहता है। आंगनवाड़ी केंद्र के मुख्य द्वार पर सीढ़िया भी नही बनी है इसलिए बच्चो को निकलने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। लोगो का ये भी कहना है कि हमने वहा के कर्मचारियों को और ग्राम प्रधान को कई बार बताया है कि आप वहा पर सीढ़िया बनवा दीजिए और साफ सफाई करा दीजिए लेकिन किसी के भी कान पर जूं नहीं रेंगती है। प्रधान जी तो हर बार कह देते है में सफाई कहा से करा दूं मेरे पास बजट ही नहीं है। आज दिन आंगनवाड़ी में आने वाले बच्चे वहा गिर जाते है उन्हे चोट भी लग जाती है।

# मुख्यमंत्री ने किया राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ

**भास्कर ब्यूरो**

बदायूँ । मुख्यमन्त्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में माह सितम्बर 2024 में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ 04 सितम्बर 2024 को लोकभवन ऑडिटोरियम लखनऊ में किया गया। जिसका सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार बदायूं में किया गया। जिसमें परियोजनाओं की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा भाग लिया गया। 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य फोकस द्वारा पोषण से सम्बन्धित सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन, सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाना है।

# बारिश का रोद्र रूप, बाजारों मार्ग पर बहती दिखी नदी कार और बाइक भी पानी में बहे

- लोगों पर टूटी आफत,दुकानों व मकानों में घुसा बरसात का पानी




**भास्कर ब्यूरो**

खेकड़ा। क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हो रही है। सुबह करीब साढ़े दस बजे शुरू हुई बारिश साढ़े 11 बजे के बाद भी जारी है। बारिश के पानी से खेकड़ा की सड़के नालों में तब्दील बनी हुई है। उन पर दो-दो फीट पानी बह रहा है। पानी की रफ्तार इतनी तेज है कि लोग उन पर चलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। पाठशाला रोड पर मोहल्ला चक्रसेनपुर, औरंगाबाद और मुडाला में तो लोगों के घरों में भी बारिश का पानी घुस गया। रेलवे रोड और बाजार में कई व्यापारियों की दुकान मैं भी पानी घुस चुका है। बारिश के कारण बिजली लाइनों में भी फाल्ट बन गए। जिससे खेकड़ा के साथ क्षेत्र के सभी गांवो में बिजली आपूर्ति ठप पड़ी है। धान और गन्ना फसल के लिए बारिश को वरदान बताया जा रहा है, लेकिन सब्जी की फसलों को बारिश से नुकसान भी पहुंचा है। अभी भी बारिश चल रही है।

# तेज हवाओं से लाइनों में आए फॉल्ट, बिजली गुल

- बड़ौत शहर के 75 फीसदी हिस्से में पूरी तरह ठप रही विद्युत आपूर्ति



**भास्कर ब्यूरो**

बागपत। बारिश और तेज हवाओं से बड़ौत शहर के 75 फीसदी इलाकों में बत्ती मंगलवार की शाम गुल हो गई। इससे ग्रामीण क्षेत्र भी अछूते नहीं रहे। बत्ती गुल होने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं से लाइनों में फॉल्ट आये जिन्हें घँटों की मशक्कत के बाद ठीक किया जा सका। कुछ हिस्सों में तो कज तड़के तक आपूर्ति सुचारू हो पाई। दरअसल, मंगलवार की शाम तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश से एक बार फिर विद्युत आपूर्ति पटरी से उतर गई। पट्टी चौधरान में कोतवाली के पास रखा ट्रांसफार्मर धमाके के साथ फुंक गया। इससे उपभोक्ताओं समेत विभागीय अधिकारियों की दिक्कतें और बढ़ गई। बड़ौत शहर के 75 फीसदी हिस्से की विद्युत व्यवस्था चौपट पड़ी रही। बड़ौत शहर, गांवों में भी इसके चलते कई इलाकों की विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई। नगर व देहात क्षेत्र में तकरीबन 25 से अधिक गांवों की बिजली व्यवस्था धड़ाम हो गई। पूरी रात लोग समस्या से जूझते रहे और निगम के अफसरों को फोन मिलाते रहे, लेकिन किसी ने फोन रिसीव करना तक उचित नहीं समझा। पट्टी चौधरान के निवासी वार्ड मेम्बर नरेंद्र तोमर को लेकर बिजलीघर पहुँचे। काफी प्रयास से वे ट्रैक्टर जोड़कर यहां से मोबाइल ट्रांसफार्मर लेकर आये। इसके बाद बुधवार की तड़के तकरीबन 3 बजे तक सप्लाई सूचारू हो सकी, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

### गांव भी नहीं रहे अछूते

बागपत। ग्रामीण क्षेत्र के लौहड्डा, गुराना, वाजिदपुर, जौहड़ी, अंगदपुर, बिनौली, बरनावा, संतनगर, रंछाड, बामनौली, बिजरौल, बड़ौत, जौनमाना, ढिकाना, बावली, मलकपुर, लुहारी, कोताना सहित तकरीबन 25 से अधिक गांवों में फाल्ट के कारण बिजली व्यवस्था ठप हो गई। उपभोक्ता कर्मचारियों को फोन मिलाते रहे, लेकिन किसी ने फोन तक रिसीव तक नहीं किया। बुधवार की सुबह तक सप्लाई सूचारू हो सकी।

# कोर्ट से लापता महिला अधिवक्ता की न्यायालय परिसर में खड़ी मिली स्कूटी

**भास्कर ब्यूरो**



कासगंज। मामों पर स्थित जिला न्यायालय कासगंज के मुख्य द्वार से महिला अधिवक्ता संदिग्ध परिस्थितियों में बीते दिन लापता हो गई। अधिवक्ता का मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। घर वापसी न होने पर महिला अधिवक्ता के पति ने कासगंज कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अधिवक्ता की सकुशल बरामदगी की मांग की है। कासगंज शहर के नदरई गेट मुहल्ला माधोपुरी कॉलोनी निवासी मोहनी तोमर पत्नी बृजतेंद्र तोमर, जोकि कासगंज न्यायालय में महिला अधिवक्ता है। 3 अगस्त की सुबह वह घर से लगभग 11 बजे स्कूटी लेकर न्यायालय गईं थी। दोपहर बाद उन्होंने अपने पति को कलेक्ट्रेट जाने के लिए कार मंगाई और 12:30 बजे कार से अपने पति के साथ गई थी। 2:30 बजे उनके पति न्यायालय के गेट पर छोड़कर घर चले आए।

# प्राथमिक विद्यालयों की व्यवस्था का लगातार जायजा ले रहे :जिलाधिकारी

- डीएम के लगातार निरीक्षण से शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की उम्मीद





**भास्कर ब्यूरो**

पवांसा/संभल। बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया द्वारा विकासखंड पवांसा के पी.एम श्री स्कूल कंपोजिट विद्यालय अतरासी का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में जाली लगाकर पोषण वाटिका को बनाने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल के सामने जो दुकान है संज्ञान में आया है कि दुकान पर गुटखा, बीड़ी आदि की बिक्री होती है उसको हटवाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय के 100 मीटर के दायरे में कोई भी पान, बीड़ी, गुटखा आदि की दुकान ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। विकासखंड अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में मिटटी डलवाकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाते हुए पानी की निकासी हरवेस्टिंग की तरफ कराई जाए जिससे विद्यालय में पानी का जल भराव ना हो और विद्यालय साफ सुथरा रहे। जिलाधिकारी ने एक्सईएन आर ई डी एवं विकास खंड अधिकारी पवांसा को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल में जो कार्य कराये गए हैं उसकी जांच करते हुए शीघ्र ही रिकवरी निकाली जाए और जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की जो रिकवरी निकले उसके आधार पर ग्राम सचिव को निलंबित किया जाए एवं ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि पर एफआईआर की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। स्कूल के निरीक्षण के समय रसोई का गेट टूटा हुआ पाया गया जिसको शीघ्र ही ठीक करने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया के द्वारा बच्चों की कॉपी को चैक किया गया जिसमें अध्यापकों द्वारा बच्चों की कॉपी को असंतोषजनक चैक करना पाया गया उसको लेकर भी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । जिलाधिकारी ने कहा कि 31अक्टूबर तक निपुण भारत अभियान के अंतर्गत विद्यालयों को निपुण बनाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूल के मुख्य गेट के पास रैंप के अनुसार सौन्दर्यीकरण कराते हुए विद्यालय का नाम लिखवाया जाए। स्कूल के भवन की सुरक्षा को देखते हुए जिलाधिकारी ने भवन के पीछे एवं चारों ओर सीसी का कार्य कराने के लिए निर्देशित किया। इसके उपरांत पीएम श्री स्कूल धुरैटा के उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने स्कूल का निरीक्षण करते समय संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक खिड़की एवं रोशनदान पर जाली लगवाते हुए शेड बन वायें । आंगनबाड़ी कार्यकत्री के आंगनबाड़ी केन्द्र पर देरी से आने पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस को निर्देशित करते हुए कहा कि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। हैंड वॉश एवं शौचालयों को लेकर भी जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया, एक्सईएन आर ई डी वर्षा गर्ग, बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, विकासखंड अधिकारी पवांसा अजीत कुमार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जो व्यक्ति समझदार होता है वो खुद गलतियां नही करता है, बल्कि दुसरो की गलतियों से ही सब कुछ सिख लिया करता है।



दैनिक भास्कर
गुरुवार, 05 सितम्बर 2024 नोएडा



# निगम ने सड़क पर रखा सामान, ईंट-बजरी की जब्त

## हसनपुर चौक से सर्किट हाउस तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर। नगरायुक्त संजय चौहान के दिशा निर्देशन में आज नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने हसनपुर चौक से सर्किट हाउस तक दोनों साइड अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों के बाहर लगाये गए होर्डिंग, बैनर हटवाने के अलावा सड़क पर फैलाकर रखा गया सामान जब्त कर निगम लाया गया। ईंट, बजरी, रेत आदि भी जब्त किया गया। नगरायुक्त संजय चौहान ने शहर के दुकानदारों से अपील की है कि वे सड़क या फुटपाथ पर सामान न रखे अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी और भारी जुमार्ना लगाया जायेगा। नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर निगम द्वारा हसनपुर चौक से सर्किट हाउस तक पहले मुनादी कराकर दुकानदारों से सड़क से अपना सामान उठाकर दुकान के भीतर रखने की अपील की गयी। नगरायुक्त संजय चौहान ने स्वयं भी निगम अधिकारियों के साथ हसनपुर चौक से पैदल भ्रमण करते हुए दुकानदारों को समझाया और सड़क पर अतिक्रमण न करने की अपील की। अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय भी उनके साथ रहे। बाद में अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में जेसीबी के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान करीब पचास दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया। जिन दुकानदारों ने समझाने और मुनादी के बाद भी सामान नहीं हटाया उनके होर्डिंग्स, बैनर, स्टूल आदि सामान नगर निगम द्वारा जब्त कर ट्राली में भर कर निगम लाया गया। जेसीबी की मदद से सड़क पर रखी ईंटें व रेत-बजरी भी जब्त कर निगम लायी गयी। इस दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व प्रवर्तन दल के जवान भी मौजूद रहे।



सहारनपुर में आईटीसी रोड पर अधिकारियों के साथ दुकानदारों से अतिक्रमण हटाने की अपील करते नगरायुक्त संजय चौहान।

### प्राण प्रतिष्ठा व कड़ी सुरक्षा के साथ स्थापित हुई काली मां की मूर्ति, नगर का माहौल खराब होने से बचा



भास्कर ब्यूरो/स्योहारा। गत रविवार को मंडौरी मार्ग पर स्थित प्राचीन सिद्ध बाबा के मंदिर पर कुछ अज्ञात लोगो द्वारा की गई मूर्ति खंडित करने के मामले में आज प्रशासन द्वारा काली की मूर्ति को पूर्ण प्रतिष्ठा और कड़ी सुरक्षा के बीच पंडित बाबू शर्मा के मंत्रोचार्ण द्वारा स्थापित किया गया। इस मौके पर विधायक पुत्र प्रियंकर राणा, श्वेत रस्तोगी, पीयूष रस्तोगी, विनोद तोमार, मुकेश रस्तोगी, के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे तो साथ ही प्रशासन की ओर से नायाब तहसीलदार राज कमल, थाना प्रभारी धीरज सिंह और भारी पुलिस और पी ए सी बल मौजूद रहा।

# जाहरवीर के बसेरे शुरू, रात भर चलता है छड़ी के सामने सोल्हे तथा भजन गाने कार्यक्रम

भास्कर ब्यूरो

चिलकाना। जाहरवीर के श्रद्धालुओं द्वारा बसेरों का आयोजन नाथ संप्रदाय के प्रमुख संत गुरु गोरखनाथ के शिष्य जाहरवीर की कर्मस्थली राजस्थान के बागड़ में स्थित है। जहां हर वर्ष हरियाली तीज से लेकर रक्षाबंधन तक लोग अपनी मानते पूरे होने पर बागड़ यात्रा करते हैं। श्रद्धालु मन्नत पूरी होने पर निशान लेकर वहां पहुंचते हैं तथा गुरु गोरखनाथ की गद्दी एवं जाहरवीर की समाधि पर निशान एवं प्रसाद चढ़ाते हैं। वहां से आकर श्रद्धालु अपने-अपने घरों में कंदूरी (भंडारा) करते हैं। जन्माष्टमी के बाद क्षेत्र में बेसरों का आयोजन शुरू हो जाता है। मान्यता है कि जाहरवीर तथा गुरु गोरखनाथ के समक्ष अपनी मन्नत रखी जाती है।



मन्नत पूरी होने के बाद लोग अपने घरों में बसेरों का आयोजन करते हैं। बसेरे में शाम के समय जाहरवीर की छड़ी बैंड बाजे तथा ढोल के साथ पहुंचती है। जहां पर छड़ी का पूजन तथा हवन होता है। छड़ी पूजन के उपरांत कढ़ी चावल का भंडारा होता है। उसके बाद भगत लोग डमरु बजाकर जाहरवीर तथा गुरु गोरखनाथ की शान में सोल्हे एवं भजन प्रस्तुत करते हैं। भजन एवं सोल्हे गाने का क्रम पूरी रात चलता है। सुबह के समय पुनः छड़ी का पूजन होने के बाद छडी अपने निवास के लिए प्रस्थान कर जाती है।

सहारनपुर निवासी सेवा समिति के संस्थापक पंकज उपाध्याय तथा चिलकाना के भगत सुंदरनाथ ने बताया कि बसेरों की परंपरा बहुत प्राचीन है। सभी बसेरे संपन्न होने के उपरांत सहारनपुर में गंगोह रोड स्थित गोगा म्हाड़ी पर भाद्र मास की शुक्ल पक्ष की दशमी को जाहरवीर का भव्य मेला लगता है। जहां आसपास की दर्जन छड़ियां पहुंचती हैं। जनपद के अलग-अलग कस्बों तथा गांवों में भी जाहरवीर के मेले परंपरा के अनुसार प्रारंभ हो गए हैं। जहां नेजा तथा छड़ियां शोभायात्रा के रूप में पहुंचती हैं।

# श्री गुरू ग्रंथ साहिब के प्रथम प्रकाश पूरब के उपलक्ष में निकाला महान नगर कीरतन

भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर। धन-धंन श्री गुरू ग्रंथ साहेब जी की सरपरस्ती में तथा पंच प्यारों की अगुवाई में श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी के प्रथम प्रकाश पूरब के उपलक्ष में आज महान नगर कीरतन का आयोजन किया गया। नगर कीरतन गुरूद्वारा संत भागमल जी से प्रारम्भ होकर घंटाघर, गुरू तेग बहादुर मार्ग, अम्बाला रोड, सुभाष नगर, गली माधोप्रसाद से होता हुआ श्री गुरु सिंहसभा गुरद्वारा रोड पर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। नगर कीरतन के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्टाल लगाकर प्रसाद वितरित किया। नगर कीरतन में सबसे आगे जीप पर नगारा रखा हुआ था। इसके बाद पंजाब से आया बैगपाईपर बैंड, छोटे बच्चे प्रारम्परिक वेशभूषा में थे, पंच प्यारे साहिब जी के बाद सुंदर सजी पालकी जिसमें श्री गुरू ग्रंथ साहेब जी की स्वारी सुशोभित थी जिसकी सेवा भाई अमरपाल सिंह जी कर रहे थे। इसके बाद स्त्री सत्संग का जत्था गुरबानी के शब्द गायन कर रहा था। प्रभातफेरी श्री गुरूसिंह सभा का शब्दी जत्था गुरबानी के शब्द गायन कर रहे थे। प्रभातफेरी संत भागमल जी प्रभातफेरी गुरूद्वारा नुमाइश कैंप, प्रभातफेरी पंजाबी गुरूद्वारा गुरू तेग के पब्लिक बहादुर के जत्थे शब्द गायन करते हुये नगर कीरतन की शान बढ़ा रहे थे। गुरू नानक गर्ल्स इण्टर कालेज एवं स्कूली बच्चे भी शब्द कीरतन कर रहे थे। गुरू नानक ब्वायज इण्टर कालेज से एनसीसी के कैडेट भी अपना योगदान दे रहे थे। सबसे बाद में सेवादार सड़क की सफाई करते हुऐ चल रहे थे। गुरूद्वारा सिंह सभा पंहुचने पर नगर कीरतन का भव्य स्वागत किया गया। बाद में सभी संगत ने गुरु का लंगर छका। इस दौरान प्रधान स. बलबीर सिंह धीर, सीनियर मीत प्रधान दलजीत सिंह कोचर, महासचिव गुरविन्द्र सिंह कालड़ा, कोषाध्यक्ष सुजसबीर सिंह, गुरपूरब कनवीनर सुरेन्दपाल सिंह, तरनजीत सिंह बग्गा, प्रभजोत सिंह, इंन्द्रजीत सिंह खालसा, अरविन्द्रपाल सिंह चावला, जसविन्द्र सिंह बग्गा, छवप्रीत सिंह, डा. स्वर्णजीत सिंह, अमरजीत सिह, परमिन्दर सिंह कोहली, डा. चरनजीत सिंह आन्नद, परमवीर सिंह, आई. पी. सिंह, गुरप्रीत सिंह बग्गा, नरेन्द्रपाल सिंह कोहली, रजिन्द्र सिंह कोहली, रनजीव सिंह हरजी, रनजीव सिंह प्रेमी, हरप्रीत सिंह, महेन्द्रपाल सिंह बतरा, प्रीतपाल सिंघ जुनेजा, बलबीर सिंह चावला, रमनदीप सिंह सेठी, आर.पी. सिंघ, गुरमीत सिंघ खरबन्दा, दीदार सिंह सेठी, गुरमीत सिंह शंटी, एम चावला, पुनीत सिंह धीर, रमनप्रीत सिंघ कालरा मौजूद रहे।



### 12 वाहनों का चालान कर 20 हजार रुपये समन शुल्क वसूला

भास्कर ब्यूरो/गागलहेड़ी। नवांगतुक थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने चार्ज संभालते ही हरकत में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए मंगलवार को 12 वाहनों का चालान कर उनसे 20 हजार रुपए समन शुल्क वसूला तथा कुछ को भविष्य में सुधार करने को लेकर चेतावनी देते हुए छोड़ दिया, जिस कारण वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। उन्होंने कस्बे में बढ़ते अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारी खुद ही बढ़ते अतिक्रमण को वहां से हटा लें अन्यथा उच्च अधिकारियों का आदेश प्राप्त कर अभियान के तहत अतिक्रमण को हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शरारती तत्व एवं अपराधी किसी भी घटना में संलिप्त पाए गए तो अपराध का अंजाम भुगतने के लिए भी तैयार रहें। सम्मानित बुजुर्गों तथा व्यक्तियों एवं महिलाओं का सम्मान उनके लिए सर्वोपरि है।



# मूसलाधार बारिश से चारों ओर हुआ पानी ही पानी

भास्कर ब्यूरो

गंगोह। बरसात के मौसम में पहली बार हुई मूसलाधार बारिश ने नगर व क्षेत्र में चारों ओर पानी ही पानी कर दिया। इंद्रदेव की कृपा इस बार गंगोह क्षेत्र में बहुत देर से हुई है। मानसून की पहली मूसलाधार बारिश ने जहां नगर में चारों ओर पानी ही पानी कर दिया तथा नगर में अघोषित कर्फ्यू लगवा दिया। वहीं खेतों में लबालब पानी भरने से जहां धान व गन्ने की फसल को संजीवनी मिली है। वहीं उड़द की फसल व सब्जी की फसलों को नुकसान होने की संभावना बढ़ी है, लेकिन लगातार गिरते भूजल के संकट से किसानों के माथे पर जो चिंता की लकीर थी। बरसात में उसकी भरपाई कर दी तथा भूजल का लेवल ऊपर आने में यह बारिश महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। वहीं इसके अलावा गन्ने की फसल तथा धान की फसल को पानी की ज ो लगातार कमी महसूस हो रही थी। उससे किसान को 15 दिन के लिए निजात मिल गई है। नगर में सड़कों पर पानी भरने के कारण सभी दुकानें व्यापारियों को बंद रखनी पड़ी क्योंकि पानी सड़कों को चीरता हुआ दुकानों तक भर गया कई दुकानदारों को सामान खराब होने से नुकसान भी उठाना पड़ा है। ककराली सरोवर पानी से लबालब हो गया। वहीं कंकाली रोड के दुकानदारों को भारी बरसात के कारण दुकानों में पानी भर गया जिसके कारण परचून रेडीमेड व अन्य दुकानों का सामान खराब हो गया। व्यापार मंडल ने नगर पालिका से पानी की निकासी करने की मांग की है। वहीं किसानों ने इंद्रदेव का शुक्रिया करते हुए अच्छी बारिश होने पर खुशियां मनाई हैं।



## सार सुर्खियां

### पुलिस ने नाजायज चाकू के साथ दबोचा एक आरोपी

सहारनपुर। मंडी कोतवाली पुलिस ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद कर लिया। जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी रोहित सजवाण के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक नेमचंद सिंह व उपनिरीक्षक मौ. राशिद के नेतृत्व में एक शातिर बदमाश फैसल पुत्र अनवर उर्फ जन्नी मन्नी निवासी नीम तले वाली मस्जिद मौहल्ला बंजारान थाना मंडी को शक्को वाली मस्जिद की बराबर वाली गले से दबोच लिया। पुलिस ने दबोचे गए आरोपी के कब्जे से एक चाकू नाजायज बरामद कर लिया। थाना प्रभारी नेमचंद सिंह ने बताया कि दबोचे गए बदमाश ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं छोटी-मोटी चोरी करता हूं तथा बरामद चाकू को मैं अपनी सुरक्षा व लोगों को डराने-धमकाने के लिए अपने पास रखता हूं। पुलिसा ने आरोपी का आर्म्स एक्ट की धारा-4/25 के तहत चालान कर जेल भेज दिया।



### खुशहालीपुर में गुलदार के हमले में गोवंश घायल

बिहारीगढ़। बिहारीगढ़ के निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों मे आए दिनों वन्य जीवों के हमले का आतंक देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार रात के समय बिहारीगढ़ की सीमा से लगते गांव खुशहालीपुर मे भाजपा नेता साहब सिंह पुंडीर के फार्म हाउस में अचानक एक गुलदार घुस गया और एक बछड़े के ऊपर हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। जैसे ही कर्मचारियों ने शोर मचाया गुलदार भयभीत होकर भाग निकला कुछ दिनों पहले भी गुलदार ने हमले में एक गोवंश को अपना निशाना बनाया है गुलदार के हमले के पश्चात वहां सभी कर्मचारी दहशत में है एवं आसपास के ग्रामीणों में भी भय का वातावरण है। गुलदार के हमले की सूचना वन विभाग को दे दी गई है एवं चिकित्सकों की टीम द्वारा बछड़े का इलाज हो रहा है।



# किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किया गया पंचायत का आयोजन



भास्कर ब्यूरो

बेहट। बुधवार को तहसील परिसर में ऋतु सैनी की आवाज पर किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए मासिक पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें जय जवान जय किसान के नारे लगाए गए। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की की वर्षों से बंद पड़ी पानी की टंकियों को दोबारा चलवाया जाए और घाड़ क्षेत्र में नदियों के पुल जल्दी से जल्दी बनवाये जाए और टूटे हुए पुलों की मरम्मत कराकर नया बनवाया जाए। किसानो पंचायत के दौरान ऋतु सैनी ने उपजिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह से मांग की कि क्षेत्र में संपर्क मार्ग सही नहीं होने से स्कूली बच्चों को पढ़ाई एवं परीक्षा के समय काफी समस्या पैदा होती हैं तथा घाड क्षेत्र में बंद पड़ी पानी की टंकियों से पानी की समुचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है। सरकार से आग्रह है कि सरकार बंद पड़ी पानी की टंकियों को दोबारा चालू करें। किसान नेता रविंद्र सैनी ने कहा कि किसने की फसलों का उचित मूल्य किसानों को नहीं मिल पा रहा है। सरकार इस तरफ ध्यान देकर किसानों की फसलों का उचित मूल्य देने का काम करे। किसान नेता सागर सैनी ने कहा कि सरकार किसानों का समर्थन मूल्य घोषित करें। इस दौरान गांव चौबारा से रामपाल सैनी ,नरेश सैनी, सूरत राम, मोहम्मद यामीन गदरहेडी से सुरेश सैनी, नरेश कुमार नौरंगपुर गांव से शुभम सैनी, अंकित सैनी, ताल्हापुर गांव से पूर्व प्रधान नाथीराम सैनी डॉक्टर धूम सिंह सैनी, पूनम सैनी, बबीता देवी, हलवाना से तेलुराम सैनी चौदाहेड़ी सागर सैनी, ब्रह्मपाल सैनी गांव शेखूपुर, सरदाहेडी लोदीपुर, सलेमपुर, समसपुर, रामपुर, नियामतपुर आदि दर्जनों गांवों के किसान नाथीराम सैनी, रामपाल सैनी ओमवीर सिंह आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# ट्रेन से कटकर मंदबुद्धि युवक की मौत

भास्कर ब्यूरो

गागलहेड़ी। 32 वर्षीय मंदबुद्धि युवक की सुनहेटी खड़खड़ी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उस समय कटकर मौत हुई जब वह हरिद्वार से आई ट्रेन से उतरकर घर जाने के लिए रेलवे लाइन पार कर रहा था। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार प्रातः पुलिस को युवक के ट्रेन से कटने की सूचना मिली थी।

सूचना पर पहुंचे एसआई शाहनवाज ने मृतक की पहचान कराई तो पता चला कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ 32 वर्षीय अनुज उर्फ सुक्कड़ पुत्र रामपाल सुनहेटी खड़खड़ी का रहने वाला था। परिजन ने बताया कि मंदबुद्धि होने के कारण अनुज कभी भी कही भी चला जाता था। मंगलवार को भी वह हरिद्वार गया था।

रात्रि में हरिद्वार से आई ट्रेन से उतरकर वह घर आने के लिए रेलवे लाइन पार कर रहा था। तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# शिवालिक पहाड़ियों एवं मैदानी क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के बाद कई बरसाती नदियां उफान पर



भास्कर ब्यूरो

बेहट। शिवालिक पहाड़ियों एवं मैदानी क्षेत्र में हुई भारी बारिश के बाद कई बरसाती नदियां उफान पर आ गई। शाकंभरी खोल में पानी आने के बाद जहां प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से भूरादेव मंदिर के निकट बेरीकटिंग लगाकर श्रद्धालुओं को रोक दिया गया, वहीं हिंडन, नागदेव नदी में बाढ़ के कारण बेहट-बिहारीगढ़ मार्ग भी कई घंटे तक बाधित रहा। बुधवार को शिवालिक पहाड़ियों एवं मैदानी क्षेत्र में भारी वर्षा शुरू हो गई थी जो शाम तक जारी रही। जिसके चलते पहाड़ियों के बीच से निकल रही शाकंभरी नदी, हिंडन नदी, नागदेव नदी, सहंसरा, गंजीराव सहित कई बरसाती नदियां उफान पर आ गई। शाकंभरी खोल में अचानक आए तेज बहाव के कारण श्रद्धालुओं व दुकानदारों में भगदड़ मच गई। सुरक्षा के दृष्टि से प्रशासन द्वारा भूरादेव मंदिर के निकट बेरीकटिंग लगाकर श्रद्धालुओं को रोक दिया गया। श्रद्धालु भूरादेव मंदिर पर ही दिनभर पानी कम होने का इंतजार करते रहे। इसके आलावा अन्य बरसाती नदियों में बाढ़ के चलते बेहट -बिहारीगढ़ मार्ग व अन्य कई संपर्क मार्ग भी बाधित रहे। नदियों के दोनों छोर पर यात्री पानी कम होने का दिनभर इंतजार करते नजर आए। कुछ वाहन चालक तो जान जोखिम में डालकर नदियां पार करते भी दिखाई दिए।

### पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार चौरसिया को दी विदाई, भावुक हुआ माहौल



भास्कर ब्यूरो

सिरसागंज/फिरोजाबाद । सिरसागंज पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार चौरसिया का तबादला होने पर उनके सम्मान में भाव विभोर होकर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद पुलिसकर्मियों और मीडिया कर्मियों ने उन्हें शाल ओढ़ाकर व फूल मालाओं से सम्मानित किया और उनके कार्यकाल की सराहना की। थाना प्रभारी सिरसागंज वैभव कुमार सिंह ने क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कार्यों की रूपरेखा एवं रणनीति की प्रशंसा की तथा उन्हें योग्य एवं कुशल प्रशासनिक अधिकारी कहा। तथा अन्य स्टाफ ने भी उनके मधुर संबंधों के बारे में बताया तथा भाव-विभोर होकर विदाई समारोह आयोजित किया। मालूम हो कि क्षेत्राधिकारी सिरसागंज अरुण कुमार चौरसिया ने सिरसागंज के क्षेत्राधिकारी के रूप में चार्ज संभाला था तबसे अपराधों पर काफी नियंत्रण किया था। तथा गुंडागर्दी पर भी अंकुश लगाया है।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 108/एस0टी0/एस0डी0एम0/2024 दिनांक 25.06.2024 स्व0 श्री धीरज सिंह पुत्र रम्भूला नि0 ग्राम-रबूपुरा, परगना-जेवर, तहसील-जेवर, जिला गौतमबुद्वनगर की मृत्यु दिनांक 17.10.2023 को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 320म 358म | श्री धीरज सिंह पुत्र रम्भूला नि0 ग्राम-रबूपुरा, परगना जेवर, तहसील जेवर जिला गौतमबुद्वनगर | सुशीला सिंह | पत्नी | 39 वर्ष | विधवा |
| | | | सचिन कुमार | पुत्र | 25 वर्ष | विवाहित |
| | | | अस्मित सिंह | पुत्र | 14 वर्ष | अविवाहित |
| | | | मुस्कान सिंह | पुत्री | 17 वर्ष | अविवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया 31वां स्थापना दिवस

## संगठन के आधार स्तम्भ विमल विरमानी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की सहारनपुर जिला एवं महानगर सहित अन्य सभी इकाइयों द्वारा आज राष्ट्रीय व्यापारी दिवस और संगठन के 31वें स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम व्यापार मंडल के आधार स्तम्भ स्वर्गीय विमल विरमानी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जगदीश कालरा ने कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के आधार स्तम्भ विमल विरमानी एक महान व्यक्तित्व थे जिन्होंने संगठन को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और व्यापारियों के हितों की लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ी। कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों से आए 13 वरिष्ठ व्यापारी, समाजसेवी, डॉक्टर्स, एडवोकेट्स को संगठन द्वारा सम्मान, स्मृति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अनित गर्ग ने कहा कि सरकारी विभागों में निचले स्तर के भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए व्यापारी प्रतिनिधित्व वाली जिला निगरानी कमेटी बनाई जाए तथा इंस्पेक्टर राज को समाप्त किया जाए। उन्होंने व्यापार मंडल की मांग व्यापारी कल्याण दिवस को स्वीकार करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। महानगर अध्यक्ष स. गुरमेहर सिंह ने कहा कि व्यापारी समाज देश की अर्थव्यवस्था का प्रहरी है। उन्होंने आह्वान किया कि वे संगठन मजबूत बनाने का करें और अधिक से अधिक व्यापारियों को संगठन से जोड़ने का काम करें।

जिला कोषाध्यक्ष अश्वनी अरोरा और युवा जिलाध्यक्ष देवांश गांधी, बेहट अध्यक्ष वशिष्ठ गुप्ता, चिलकाना अध्यक्ष यूसुफ कुरैशी ने कहा कि संगठन के बैनर तले अधिकारियों के भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान चलाने और घेराव करने का काम किया जाएगा।

कार्यक्रम में जगदीश कालरा, नरेंद्र सिंह, यशपाल त्रेहन, प्रेम सागर, विनीत विरमानी, रजत मित्तल, आशीष बासन स.तरनजीत सिंह राजा सिंह, रमन सेठी, रंजीव सिंह, मनोज चिटकारा, अमरदीप सिंघल, प्रदीप ठाकुर, शांतनु ठकराल, शशांक भाटिया, मुकेश चुग, आशु सैनी, हिमांशु धवन, चंदन कालरा, राजन अरोरा, नरेंद्र गर्ग, भारत भूषण, यश बंसल, ऋतिक बजाज सहित भारी संख्या में संगठन से जुड़े व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री हर्ष डाबर और अश्विनी अरोडा ने संयुक्त रूप से किया।



### पुलिस ने अवैध चाकू सहित युवक को किया गिरफ्तार



भास्कर ब्यूरो

गागलहेड़ी। पुलिस ने सूचना पर चेकिंग के दौरान हरियाबांस ठेके के निकट से युवक को चाकू समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, एस आई उपेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार व हेड कांस्टेबल राकेश राणा ने मुखबिर की सूचना पर हरियाबांस ठेके के निकट से गागलहेड़ी निवासी इनाम पुत्र मुशर्रत को चाकू समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 103/एस0टी0-एस0डी0एम/2023 दिनांक 06.11.2023 स्व0 श्री नवल सिंह पुत्र नेतराम नि0मौ0 विलोचान रबूपुरा, परगना-जेवर, तहसील-जेवर, जिला गौतमबुद्वनगर की मृत्यु दिनांक 28.09.2016 को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 744/1म 705/2म | स्व0 श्री नवल सिंह पुत्र नेतराम नि0 मौ0 विलोचान रबूपुरा परगना-जेवर तहसील जेवर जिला गौतमबुद्वनगर | हेमचन्द | पुत्र | 41 वर्ष | विवाहित |
| | | | राम प्रकाश | पुत्र | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | भरत सिंह | पुत्र | 38 वर्ष | विवाहित |
| | | | रोहित | पुत्र | 32 वर्ष | विवाहित |
| | | | भावना | पुत्री | 29 वर्ष | विवाहित |
| | | | पूजा | पुत्री | 33 वर्ष | विवाहित |
| | | | सोनी | पुत्री | 23 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 302/एस0टी0-एस0डी0एम/2024 दिनांक 19.03.2024 स्व0 श्री तोलाराम पुत्र बलवन्त नि0 ग्राम-नगंला पदम सिंह मा0रबूपुरा, परगना-जेवर, तहसील-जेवर, जिला गौतमबुद्वनगर की मृत्यु दिनांक 19.07.2023, को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 37 76 | स्व0 श्री तोलाराम पुत्र बलवन्त नि0 ग्राम-नगंला पदम सिंह मा0रबूपुरा परगना-जेवर तहसील जेवर, जिला गौतमबुद्वनगर | हरकेश | पुत्र | 46 वर्ष | विवाहित |
| | | | महेश | पुत्र | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | पुष्पा | पुत्री | 49 वर्ष | विवाहित |
| | | | आशा | पुत्र | 37 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण


# मेरठ पुलिस का सराहनीय कार्य: क्राइम कंट्रोल को एसएसपी विपिन ताडा की विशेष टीम ने बड़ी घटनाओं के त्वरित किए खुलासे

**जनपद में हुई लूट ,डकैती,मर्डर, अपहरण,रेप जैसी संगीन घटनाओं के किए जल्द खुलासे, पीड़ितों में जगी न्याय की आस**

अशोक सोम

**मेरठ।** मेरठ जनपद में जैसे ही एसएसपी विपिन ताडा ने चार्ज संभाला,उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि कानून व्यवस्था में सुधार होता दिखाई देगा। उसके लिये भले ही उन्हें अपने पुलिस महकमें के नकारा पुलिस कर्मियों पर बडे से बडा एक्शन लेना पडे,वहीं जो पुलिस कर्मी इमानदारी से क्राइम कंट्रोल के साथ जनता के बीच रहकर पुलिस की कार्यशाली के प्रति अच्छा संदेश दे रहे हैं,उनको प्रमोट किया जायेगा। जिसके बाद एसएसपी ने लापरवाह पुलिस कर्मियों के खिलाफ ताबड़तोड एक्शन लेना शुरू किया,वहीं जो इमानदारी से कार्य कर रहे थे,उन्हें प्रमोट करना।

इसी क्रम में कंकरखेड, बृह्मपुरी, मैडिकल समेत कई थानाध्यक्षों को निलंबित किया गया,काफी संख्या में पुलिस कर्मियों को थानों में इधर से उधर किया गया। जिसके बाद कानून व्यवस्था में सुधार के साथ क्राइम कंट्रोल होने के साथ ही बड़ी घटनाओं के खुलासों से पीडितों में न्याय की आस जगी है।एसएसपी की विशेष टीम के मजबूत खुफिया तंत्र एवं जनता के बीच आपसी तालमेल के चलते अधिकतर बडी घटनाओं के खुलासे के साथ ही,वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिये हॉफ इनकाउंटर अभियान तेजी से जारी है। जोकि पुलिस का जनता द्वारा सराहनीय कदम बताया जा रहा है।



### घटना: 01. बड़ी डकैती का किया खुलासा किया

लोहिया नगर थानाक्षेत्र के उमरनगर में रेशम करोबारी,एवं सपा विधायक रफीक अंसारी के यहां हुई लाखों रुपये की बड़ी डकैती की घटना के बाद व्यापारियों में रोष पैदा हो गया।जिसमें बाजार बंद करने तक की चेतावनी दी गई।एसएसपी विपिन ताडा द्वारा गठित ठीम ने इस घटना का तीन दिनों के भीतर ही खुलासा कर दिया।पुलिस ने घटना में शामिल सात बदमाशों में से तीन को मुठभेड़ के बाद लूटी गई ज्वैलरी व नकदी समेत गिरफ्तार किया।

### घटना: 02. रेप व हत्या के आरोपी को चंद घंटों में ही धर दबोचा

सदर थानाक्षेत्र में तीन वर्षीय मासूम बच्ची का अपहरण कर उसकी रेप के बाद हत्या के मामले में भी पुलिस ने तत्वरित एक्शन लिया। सीसीटीवी पुटेज के आधार पर हत्यारोपी को पकड लिया,जिसमें डाक्टरी को ले जाते समय उसने पुलिस से छूटकर भगाने का प्रयास किया तो पुलिस ने उसके पैर में गोली मारकर पकड,जिसके बाद उसे जेल भेजा,जिसमें मामला दो-अलग-अलग समुदायों से जुडा होने के कारण महानगर की शांति व्यवस्था बिगडने का खतरा बन सकता था,लेकिन पुलिस की तत्परता से बडी घटना का जल्द खुलासा किया गया।

### घटना: 03. हत्यारोपी पीएसी जवान को गिरफ्तार कर जेल भेजा

पल्लवपुरम थानाक्षेत्र में प्रोप्रटी व उधार के रुपये न चुकाने पडे उसके विवाद में पीएससी के जवान ने अपने ही साले की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसमें हत्यारोपी के द्वारा पुलिस को अपने साले की हत्या में दूसरों को फसाने के लिये मामले को डायवर्ट करने का प्रयास किया गया,लेकिन पुलिस की टीम ने मोबाइल सर्विलायंस व सीसीटीवी पुटेज के आधार पर उसे 4 दिनों के भीतर ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने का काम किया।

### घटना: 04. मासूम छात्रा के अपरहरणकर्ताओं को चंद घंटों में किया गिरफ्तार

वहीं तीन दिन पूर्व जल निगम के जेई की सात वर्षीय बेटी का स्क्ल से वापस घर लोटते समय कार सवार बदमाशों द्वारा अपहरण कर लिया गया।जिसका खुलासा करना पुलिस के लिए किसी बडे चेलेंज से कम नहीं था,लेकिन पुलिस टीम की घेराबंदी व मोबाइल सर्विलायंस टीम की तत्परता से बदमाश मासूम को घर के आसपास छोड़कर भाग निकले।जिसमें पुलिस ने चंद घंटो के भीतर ही तीन अपहरणकताओं में दो को पकड़कर सलाखों के पीछे भेज दिया। इसी तरह से कई बड़ी घटनाओं का खुलासा होने से जनता के बीच एसएसपी विपिन ताडा के द्वारा जो बात दो माह पूर्व पत्रकारों से प्रेसवार्ता में कही न कहीं कही गई थी,उस पर अब जनता भरोसा जताने के साथ ही पुलिस की तत्परता को देख सराहनीय कदम बता रही है।पुलिस पुलिस वांछित अपराधियों की धरपकड को मुठभेड अभियान चलाये हुये है,ताकि अपराधी अपराध न कर सके।

### कानून व्यवस्था बेहतर बनाने को अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान जारी



"भास्कर ब्यूरो, मेरठ। जनपद में बडी अपराधिक घटनाओं का खुलासे जो किये गये उसमें पुलिस टीम की मेहनत के साथ पीडित द्वारा दी गई जानकारी व जनता का भी सहयोग मिला,प्रयास रहता है,कि पहले तो घटना हो ही न सके,यदि हो तो उसका खुलासा भी जल्द से जल्द हो सके। क्राइम कंट्रोल को 31 अपराधियों की हिस्ट्रीसीट खोली गई है। मुठभेड़ के दौरान हाल ही में 13 हॉफ एनकाउंटर किये गये हैं। 25 बदमाशों पर इनाम घोषित किया गया जिसमें 10 अपराधियों को पकडकर जेल भेज दिया गया। 54 बदमाश चिन्हित किये गये हैं,जिसमें अधिकतर को जेलोजा जा चुका है ओर 24 बदमाश फरार चल रहे हैं,जिन्हें पकडने का प्रयास किया जा रहा है।

–आयुष विक्रम सिंह एसपी सिटी

### थाना कंकरखेडा पुलिस द्वारा माइक्रो-फाईनेंस कर्मी से बैग छीनने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार



**भास्कर ब्यूरो,मेरठ।** कंकरखेडा थाना पुलिस ने बुधवार को एक लूटपाट की घटना का खुलासा कर गुडवर्क किया। जिसमें सत्या माइक्रो-फाईनेंस कैपीटल लिमिटेड कंपनी के कर्मी संदीप पुत्र मुकेश कुमार निवासी ग्राम कैलावडा कलाँ खतौली मुजफ्फरनगर जब ग्राम पठानपुरा से ग्राम पुठखास थाना कंकरखेडा मेरठ के लिये जा रहा था तो रास्ते मे मोटर साईकिल सवार तीन व्यक्ति अज्ञात द्वारा उसका बैग छीन लिया जिसमे कुल 36,200 रुपये व टैब व अन्य सामान था फाईनेंसकर्मी से बैग छीनने वाले अभियुक्तगण 1.अनुज पुत्र कमल निवासी ग्राम पठानपुरा थाना सरुरपुर मेरठ, 2. दीपक पुत्र हरस्वरुप नि0 ग्राम पठानपुरा थाना कंकरखेडा मेरठ को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 12,000/- रुपए तथा अभियुक्तगण की निशादेही पर ग्राम पठानपुरा जंगल ईंख के खेत से एक लाल पिट्ठू बैग फास्टलेन कम्पनी जिसमें माइको-फाईनेंस कम्पनी का आई0डी0 कार्ड, एक पर्स, वादी का आधार कार्ड, दो एटीएम तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल स्पलेन्डर सं0 **UP15BS** 4933 बरामद किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर पूर्व से पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त मे धारा 317(2) व 3(5) बीएनएस की वृद्धि करते हुये लिखापढी कर चालान कर जेल भेज दिया।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि का 17वां दीक्षांत समारोह हर्षोउल्लास से मनाया

भास्कर ब्यूरो

**मेरठ।** दीक्षांत समारोह में वि0वि0 द्वारा 270 डिग्रियां व 20 मेडल प्रदान किये गये। मोदीपुरम स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 17वां दीक्षांत समारोह बुधवार को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की अध्यक्षता में भव्य रूप से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 20 पदक व स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी में छात्र-छात्राओ को कुल 270 उपाधियां प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पीपल के पौधे में जल अर्पित कर किया गया। मा0 राज्यपाल महोदया ने स्कूल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो व श्रेष्ठ आंगनबाडी को सम्मानित किया। उन्होने प्राथमिक विद्यालय के बच्चो को उपहार एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियो को बच्चो के लिए आंगनबाडी किट का वितरण किया। कुलपति महोदय द्वारा कुलाधिपति, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर राष्ट्रगीत गाया गया।

दीक्षांत समारोह में विभिन्न विषयों में स्नातक हेतु 254, स्नातकोत्तर 09 एवं पी-एच0डी0 में 07 छात्र छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गयी। शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए विभिन्न महाविद्यालयो के 15 छात्र-छात्राओं को कुलपति स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया।




विशिष्ट अतिथि के रूप में सूर्य प्रताप शाही मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उ0प्र0 ने अपने व्यक्तव्य की शुरूआत भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुये प्रारम्भ की तथा दीक्षांत समारोह में उपाधि तथा पदक प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी छात्रों से लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों का अनुसरण करते हुये अपने ज्ञान का प्रयोग भारतवर्ष के किसानों के उत्थान हेतु करने का आह्वान किया। लगभग रू0 100 करोड़ की सहायता का जिक्र करते हुए विश्वविद्यालय को सुदृढ करने हेतु 1000 व्यक्तियों के लिए बृहद ऑडिटोरियम के निर्माण हेतु धन अवमुक्त करने की घोषणा की।
विकसित भारत में छात्रों की भूमिका का जिक्र करते हुए छात्रों को अनुशासित होकर पढ़ाई करने एवं मेहनत से कार्य करने का आह्वान किया।
मुख्य अतिथि अध्यक्ष कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली डा0 संजय कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का अनुमान है कि भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2025 तक 4.2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जायेगी, इसमें कृषि का महत्वपूर्ण योगदान होगा। कुलपति प्रो0 के0के0 सिंह ने दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों तथा भविष्य में चलाये जाने वाले कार्यक्रमों, परियोजनाओं एवं शिक्षा शोध एवं प्रसार के बारे में विस्तार से बताया। कुलपति प्रो0 के0के0 सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य ऐसे छात्रों एवं छात्राओं को तैयार और प्रशिक्षित करना होता है।
कृषि विवि में 0 5.81 करोड़ की परियोजनाएँ संचालित की जा रही हैं। कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से 1750 ग्रामीण महिलाओं को लघु उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें से 86 महिलाओं ने अपना लघु उद्यम शुरू किया है।
इस अवसर पर विधायक अतुल प्रधान,डीएम दीपक मीणा, एसएसपी विपिन ताडा, अपर जिलाधिकारी बृजेश सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, कुलपति चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय संगीता शुक्ला, सहित अन्य संबंधित अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति, आंगनबाडी कार्यकत्री, छात्र-छात्राएं, अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## गृह कलेश के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भास्कर ब्यूरो, सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव खिर्वा नोआबाद में गृह कलेश के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार गांव खिर्वा नोआबाद निवासी हिमांशु पुत्र राजेन्द्र अपने पिता के साथ बिजली फिटिंग का कार्य करता है।मंगलवार को परिवार में किसी बात को लेकर उसका झगड़ा हो गया।ग्रामीणों ने बताया हिमांशु गृह क्लेश से आहत चल रहा था।मंगलवार रात हिमांशु व अन्य परिवार लोगों के साथ खाना खाने के बाद सो गए थे।जिसके बाद हिमांशु अपने कमरे में सोने चला गया।रात में ही हिमांशु ने कमरे में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।सुबह परिजन जब सोकर उठे तो उसे फांसी ओर लटका देख उनके होश उड़ गए और कोहराम मच गया। परिजनों ने कंट्रोल रूम पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह का कहना है कि मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार सुर्खियां

### भाकियू (प्रधान) के मंडल अध्यक्ष बने आजाद मैनापुठी




**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन(प्रधान) के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह पंवार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राजेश प्रधान के निर्देश पर मैनापुठी निवासी एवं भारतीय किसान यूनियन प्रधान के वरिष्ठ कार्यकर्ता आजाद को मेरठ मंडल का अध्यक्ष मनोनित किया है। बधाई देने वालों में शहजाद,अबरार,इस्लाम, चंद्रपाल ठाकुर,तौफीक, मंजूर, महताब,जुल्फी,हामिद, खालिद,अजय आदि शामिल रहे।

### सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज में पर्यावरण कार्यशाला



**भास्कर ब्यूरो,मेरठ।** नगर निगम एवं सामाजिक संस्था द ग्रोइंग पीपल के संयुक्त तत्वधान में बुधवार को गंगानगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पर्यावरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। गंगानगर में गठित स्टूडेंट ईको काउंसिल की प्रथम पर्यावरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के विषय पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और सरस्वती माता के चित्रों पर पुष्प चढ़कर और दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर अदिति चन्द्रा मुख्य अतिथि रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश त्यागी ने की। इस दौरान ब्रांड एंबेसडर अदिति चंद्रा ने पर्यावरण संबंधी विभिन्न जानकारियां दी। कार्यक्रम में राघवेंद्र पांडे, सौरभ, आशा, मंजू अवस्थी आदि अध्यापकों के साथ नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन की टीम के मुकेश पांडे, विपिन कुमार ग्रोइंग पीपल से सक्षम, कशिश तथा आशीष त्यागी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### डॉ.मीनाक्षी बनी यूपी राज्य महिला आयोग सदस्य



**भास्कर ब्यूरो, दौराला।** डॉ.मीनाक्षी भराला को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग का सदस्य नियुक्त किए जाने पर गांव में बना खुशी का माहौल। भाजपा से दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला के नेतृत्व में काफी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर जाकर फूल माला व गुलदस्ते देकर किया सम्मान और मिठाई खिलाकर शुभकामनाए एवं बधाई दी। इस दौरान किसान मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री सतेंद्र भराला,मंडल महामंत्री रवि पूनिया, डॉ विजय शर्मा, भरत चौधरी, मंजू चौधरी,मोहन गुज्जर, हितेश पाल, आदि लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोकदल: इकबाल मलिक जिला अध्यक्ष मनोनीत



**भास्कर ब्यूरो,मेरठ।** रालोद नेता कस्बा लावड़ के डॉक्टर इकबाल मलिक को राष्ट्रीय लोकदल ने जिला अध्यक्ष किया मनोनीत। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री भारत सरकार जयंत चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ व पूर्व विधायक दिल नवाज खान साहब के निर्देश पर प्रदेश महासचिव संगठन आतिर रिजवी और क्षेत्रीय अध्यक्ष हस्तिनापुर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मारूफ अली के द्वारा डॉ. इकबाल मालिक को जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मनोनीत किया गया। डॉ. इकबाल मलिक के जिला अध्यक्ष, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मनोनीत होने पर संगीता दोहरे प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल,सामाजिक न्याय मंच,जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़,नरेंद्र खजुरी सदस्य एससी एसटी आयोग, संजय पनवाड़ी, शबाब आलम उर्फ शब्बू, महानगर अध्यक्ष नईम सागर, आस मोहम्मद, आदि लोग मौजूद रहे।

### बैंक पर किसानों को परेशान करने का आरोप

**भास्कर ब्यूरो, सरधना।** तहसील क्षेत्र के कस्बा करनावल के किसानों ने बैंक पर किसानों का उत्पीडऩ करने का आरोप लगाकर भाजपा किसान मोर्चे के महामंत्री ने एसडीएम से शिकायत की है। बुधवार को भाजपा किसान मोर्चे के जिला महामंत्री कृष्णपाल ने एसडीएम से बैंक द्वारा किसानों के उत्पीडऩ को लेकर शिकायत की है। शिकायत पत्र में बताया कि बैंक द्वारा किसान केसीसी पर प्रोसेसिंग फीस के नाम अवैध वसूली की जा रही है। तीन लाख रुपए से अधिक लोन लेने पर भी अधिक ब्याज वसूला जा रहा है।

# शोषित क्रांति दल सामाजिक संगठन ने लखनऊ में लोकभवन के सामने धरना देने की चेतावनी दी

भास्कर ब्यूरो

**मेरठ।** थाना ब्रहमपुरी क्षेत्र के गौतम नगर में हुये पवन मर्डर केस में पीडित परिवार का आरोप है कि पर्याप्त साक्ष्य व चश्मदीदों की गवाही के बाद भी पुलिस दो लोगों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। जबकि एक आरोपी के खिलाफ टीपीनगर थाने में एक नाबालिग बच्ची के साथ छेड़खानी का मुकदमा भी दर्ज किया गया था।

थाना ब्रहमपुरी क्षेत्र में एक छात्रा के साथ दबंग मनचलों ने छेड़छाड़ कर मारपीट करते हुए पीड़िता के कपड़े फाड़ दिये थे। आरोप है कि घटना के एक दिन बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। जिसकी एफआईआर नंबर 291/24 धारा 75,78, 115(2), 351 (2) 351(3). 191(2) बीएनएस है। पीड़िता को दबग मनचलों ने उसके चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी दी थी। जिसकी शिकायत पीडिता ने एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह के समक्ष पेश होकर की थी। लोगों का आरोप है कि पुलिस अभी तक दबंग मनचलों को गिरफ्तार नहीं कर पायी है।थाना ककरखेडा क्षेत्र की निवासी दलित छात्रा थाना इचौली क्षेत्र के गाव सिखेडा से लापता है। आज तक पुलिस ने दलित छात्रा को बरामद नहीं किया है। एक महीने से अधिक समय बीत गया है। उधर इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है,कि मामले की निष्पक्ष जांच के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।




### जिमखाना के सामने स्थित अपार चेंबर में शोषित क्रांति दल ने की प्रेसवार्ता

**भास्कर ब्यूरो,मेरठ।** जिमखाना के सामने स्थित अपार चेंबर में शोषित क्रांति दल की ओर से गैंगरेप,अपहरण,हत्या, छेड़छाड़ नाबालिक बच्ची से छेड़छाड़ आदि के संबंध में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसको शोषित क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत ने संबोधित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की की उक्त मुद्दों को लेकर 11 सितंबर को लोक भवन मुख्यमंत्री कार्यालय लखनऊ के बाहर धरना दिया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेरठ महानगर अध्यक्ष वरुण कुमार, मुकेश प्रधान, हेमंत जाटव, निशु सागर, अजय गौतम, नितिन काले, प्रशांत बौद्ध, सनी सिंह, सूरज प्रकाश संघमित्रा अनिकेत सागर आदि मौजूद रहे।

### जीआरपी ने चोरी के सामान समेत आरोपी पकडा



**भास्कर ब्यूरो,मेरठ।** सिटी स्टेशन के जीआरपी थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बुधवार को मीडिया को बताया कि ट्रेन में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला एक आरोपी हत्थे चढ गया। जिसमें उन्होंने बताया कि अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद आशुतोष शुक्ला द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे गाजियाबाद के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी मेरठ सिटी के नेतृत्व में बुधवार 4 सितंबर को सिटी पुलिस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन मेरठ सिटी पर चैकिंग के दौरान एक नफर अभियुक्त मोहसीन पुत्र मुस्तकीम निवासी मौहल्ला पछाला बडौत रोड थाना बुढाना जिला मु0नगर को पकडा। जिसमें मु0अ0सं0 25/24 धारा 380 भादवि में चोरी किये गये नगद रूपयो व आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ गिरफ्तार कर अभियोग का सफल अनावरण किया गया।

## बुर्कानशीं शातिर चोर की तालाश में जुटी पुलिस



**भास्कर ब्यूरो, सरधना।** कस्बे के मोहल्ला मंडी चमारान में महिला को चाय में नशीला पदार्थ कर चोरी की घटना को अंजाम देने बुर्कानशीं शातिर तालाश में पुलिस जुटी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वही, तहरीर के आधार पर मुकदमा भी दर्ज कर लिया है। बता दे कि मोहल्ला मंडीचमारान निवासी समीर पुत्र इमरान की अशोक की लाट पर कपड़े की दुकान है। मंगलवार को उसका परिवार किसी रिश्तेदारी में घर से बाहर गया हुआ था। उसकी मां मन्नवर घर पर अकेली थी। इसी बीच दोपहर में बुर्कानशीं दो महिला घर में आई। आरोपी दोनों महिलाओं ने उनके परिवार के बारे में पूछा तो उसकी माता ने सभी के घर से बाहर होने की बात कही। जिसके बाद समीर की मां ने दोनों के बारे में जानकारी की तो शातिर आरोपी महिलाओं ने उसकी सास की रिश्तेदार होने की बात कही थी। जिस पर पीड़ित की मां मन्नवर ने उनको घर में बैठा लिया और तीन कप चाय बनाकर ले आई। जिसके बाद एक महिला ने उसको पानी लाने के लिए कहा पानी लाने को कहा। जब उसकी मां पानी लेने को गई तो आरोपी महिलाओं ने उसकी चाय में नशीला पदार्थ मिला दिया। जिसके बाद उसकी मां ने भी आरोपी महिलाओं के साथ बैठकर चाय पी। चाय पीते ही उसकी मां मन्नवर बेहोश हो गई। जिसके बाद बेहोशी का फायदा उठाकर दोनों शातिर महिलाओं ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोप है कि आरोपी माहिला उसके मां की पैरों की पाजेब व सेफ अलमारी में साढ़े चार लाख नकदी व सोने चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गई। जब वह घर पहुंचे तो मां को बेहोश देखकर उनके भी होश उड़ गए। महिला के होश में आने के बाद घटना की जानकारी हुई। दिनदाहड़े चोरी की घटना से पुलिस प्रशासन में भी हडकंप मच गया था। पीड़ित ने अज्ञात आरोपी शातिर चोर महिलाओं के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह कहना है कि मामले में आसपास के सीसीटीवी की जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलाशा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य में आई तेजी, जल्द शुरू हो सकता है आवागमन

भास्कर ब्यूरो

**मुंडाली।** मेरठ से प्रयागराज तक चल रहे गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण को 2025 में प्रयागराज में लगने वाले कुंभ से पहले तैयार करना है। इसके लिए हर स्तर पर तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। मेरठ जनपद के गांव बिजौली, बधौली व गोविंदपुरी गांव के जंगल में लगभग आठ किमी लंबी सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। साथ ही ओवरब्रिज और रेलवे ब्रिज का निर्माण कार्य भी लगभग पूरा कर लिया है। साथ ही मेरठ-बुलंदशहर हाईवे के ऊपर इंटरचेंज निर्माण का कार्य भी लगभग 80 प्रतिशत पूरा कर लिया है। मेरठ से प्रयागराज तक निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे का जनपद में करीब 60 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मेरठ जनपद के गांव बिजौली से शुरू हो रहे एक्सप्रेस-वे की मुख्य सड़क के आठ किमी लंबे भाग को गांव बधौली अटौला और गोविंदपुरी के जंगल में पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 10 किमी लंबी सड़क पर अंतिम लेयर बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। इसके अलावा, अन्य हिस्से पर गिट्टी डालने तथा अन्य कार्य तेजी से चल रहे है। उधर, गांव अतराडा में काली नदी के ऊपर मेजर ब्रिज बनकर तैयार हो चुका है। ऐसे ही गांव अटोला में हापुड़ किठौर सम्पर्क मार्ग और बिजौली में भी मेजर ब्रिज बनाने का कार्य अंतिम दौर में है। निर्माण कंपनी एलएंडटी के मैनेजर नारायण गुप्ता ने बताया कि गढ़ में गंगा पर बन रहे लगभग एक किलोमीटर के ओवरब्रिज का निर्माण कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है । 2025 में होने वाले कुंभ से पहले इस एक्सप्रेस-वे के तैयार होने से राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश के दूसरे हिस्सों से कुंभ में शामिल होने के लिए जाने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। इस एक्सप्रेस-वे के बनने के बाद दिल्ली से प्रयागराज तक का सफर महज 7 से 8 घंटे में पूरा हो सकेगा।
प्रोजेक्ट मैनेजर नारायण गुप्ता ने बताया कि एक्सप्रेस-वे पर कुल 1481 छोटे बड़े पुल और आरओबी बनने हैं। इसमें से 1085 स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि स्ट्रक्चर बनाने में सबसे अधिक समय लगता है। हालांकि ज्यादातर का काम पूरा हो गया है, इसलिए सड़क बनाने का काम लगभग छः से आठ महीने में पूरा कर 2028 के शुरूआती महीनो में पूरा कर लिया।













एक्सप्रेस वे बनने से व्यापारी वर्ग काफी उत्साहित है। सही मार्ग न होने के कारण माल ढुलाई महंगी पड़ती थी। उम्मीद है कि अब माल मंगवाना सस्ता होगा।
तथा मेरठ से प्रयागराज का सफर आसान हो जाएगा। दूसरे शहरों की जरूरत को समझ सकेंगे। उनके साथ अनाज व सब्जी के व्यापार को बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी

डॉ फुरकान त्यागी समाजसेवी।

गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण होने से दूर दराज से आने वाले मरीजों को रास्ते में जाम की वजह से जो समय लगता था उससे निजात मिलेगी और गम्भीर रोगियों को सही समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा। अब जल्द ही इसका कार्य पूर्ण होने की दिशा में है। कार्य तेजी से किया जा रहा है।

-डॉ सरफराज अहमद महलवाला किठौर।

एक्सप्रेस-वे का इस्तेमाल करने वालों को उच्च गति, अधिक सुरक्षा, ड्राइवरों और यात्रियों के लिए आराम और सुविधा के साथ साथ कम वाहन परिचालन लागत का लाभ मिलेगा। तथा देहात क्षेत्र के ग्रामीणों को देर सवेर आने में जो परेशानी का सामना करना पड़ता था उससे भी निजात मिलेगी। ग्रामिणवासियों में एक्सप्रेस-वे के बनाएं जाने से खुशी का माहौल है।

-वाहिद रिफाकत ग्राम प्रधान अजराड़ा।

अभी प्रयागराज तक जाने में दस से बारह घंटे का समय लगता है। गंगा एक्सप्रेस वे बन जाने से समय लगभग आधा ही लगेगा। जिससे मेरठ सहित आस-पास के लोग हाईकोर्ट में मुकदमों की पैरवी कर शाम में वापस आ सकेंगे। इसके बनने से मेरठ सहित यूपी के ग्रामीण क्षेत्रों को बहुत फायदा मिलेगा। जल्द इसका कार्य पूर्ण होने वाला है।

-सद्दाम इंतजार अजराड़ा अधिवक्ता।

# व्यक्ति को गोली मारने वाले चार हमलावर गिरफ्तार ,रुपए न देने और लेनदार को झूठे मुकदमे में फंसाने की रची साजिश

भास्कर ब्यूरो

मुरादाबाद । पिछले दिनों थाना कटघर के इलाके में व्यक्ति को गोली मारकर घायल करने वाले चार हमलावरों को कटघर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।जिसका खुलासा एसपी सिटी रणविजय सिंह द्वारा जिले की पुलिस लाइन में करते हुए घटना की पूरी जानकारी मीडिया को दी गई।इस प्रेसवार्ता के दौरान इंस्पेक्टर कटघर भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया कि राशिद जो मझोला इलाके का रहने वाला है उस पर साजिद की उधारी की रकम चार लाख 20 हजार रुपए निकल रही थीं ।एसपी सिटी ने बताया यह रुपए साजिद को ना देने पड़े इसलिए उसने अपने साथियों पड़ोस के ही जयंती पुर निवासी इस्माइल , टीचर कालोनी निवासी फईम और सूर्य नगर लाइन पार निवासी निशांत राघव उर्फ जानू के साथ फरार



चल रहे सूर्य नगर निवासी अनमोल को अपने साथ मिला लिया और साजिद को गोली मारने के केस में झूठा फसाने के लिए चारों साथियों को 80 हजार रुपए देने का वादा किया। प्लान के अनुसार राशिद कटघर के इलाके अनवर हाउस के पास पहुचा जहां अपने साथियों से उसने खुद गोली अपने मरवाई और थाना कटघर पहुचकर साजिद और अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज करा डाला ।एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया एसएसपी सतपाल अंतिल के आदेश पर इस मामले में जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया था। जब टीम ने गोलीबाजी की जांच मौके पर पहुच कर की तो सच सामने आ गया और राशिद को ही हिरासत में लेकर जब उससे पूछताछ की गई उसने पूरा सच पुलिस के सामने बयान कर डाला । राशिद ने बताया वह साजिद के रोज रोज के तकाजे से परेशान आ चुका था इसलिए अपने साथियों के साथ मिलकर उसे झूठे केस में फसाने के लिए यह साजिश रची थी। एसपी सिटी ने बताया इनके फरार साथी अनमोल को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

इन पकड़े गए हमलावरों के कब्जे से दस हजार रुपए की नगदी जो इन लोगों ने राशिद को गोली मारने के लिए ली थी एक तमंचा एक खाली कारतूस का खोखा और एक 315 का कारतूस भी बरामद किया गया है।

उन्होंने बताया पुलिस के लिए यह हमला एक चैलेंज बना हुआ था उन्होंने साजिश रचने वाले इन आरोपियों की गिरफ्तारी पर थाना कटघर पुलिस के इस कार्य की काफी प्रशंसा भी की है।

## शेहराज खलील ने सीसी रोड का निरीक्षण कर कार्य के निर्देश दिए



भास्कर ब्यूरो

नगीना।। नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन ताहिरा बेगम ने नगर की जनता को बेहतर सुविधा देने के लिये पाईप लाइन डालने के दौरान जल निगम द्वारा तोड़ी गई सड़कों को सीसी रोड बनवाने का कार्य प्रारंभ कर दिया हैं। नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के पुत्र व युवा समाजसेवी शेख शेहराज खलील ने बीते दिन मोहल्ला अकाबरान, पंजाबियान में निर्माण चल रहे रोड का निरीक्षण किया। शेहराज खलील ने खुद खड़े होकर अपने सामने ठेकेदारों द्वारा अच्छा सीमेंट डलवाया तथा गुणवत्ता के आधार पर ठेकेदार को अच्छा कार्य करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ पंजाबियांन, अकाबरान के सभासद सैयद उस्मान जैदी, शेख जमशेद, शेख शददन, अंजार सैफी, तफ़्सीर ऊर्फ गुड्डु आदि मौजूद थे।

# महिला सुरक्षा उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकताओं में शामिल: राज्यमंत्री

भास्कर ब्यूरो

बिजनौर। राज्य मंत्री व्यवसायिक शिक्षा कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ कोर कमेटी की मीटिंग में जिले के विकास कार्यों, कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा की गई। जिले में विकास निर्माण परियोजनाओं तथा शांति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री ने निर्देश दिए की विकास से संबंधित सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें तथा जो परियोजनाएं एवं निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, उनको भी निर्धारित समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। राज्य मंत्री व्यवसायिक शिक्षा कपिल देव अग्रवाल ने निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं अथवा शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें और उनको महत्व दें। इस दौरान उन्होंने व्यापार मंडल के



पदाधिकारी से वार्ता करते हुए उनके द्वारा उठाई गई शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए की जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को बलवती बनाए रखने के लिए पूर्ण सजगता और तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की महिला सुरक्षा उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए पुलिस अधिकारी महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए उनकी सुरक्षा के प्रति पूरी सजगता बरतें और महिला उत्पीड़न के मामलों की पूर्ण निष्पक्षता से जांच करते हुए दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। राज्य मंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित नवनियुक्त 04 अवर अभियंताओं को नियुक्त पत्र भी प्रदान किए गए।उन्होंने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की निष्पक्ष एवं पारदर्शिता चयन प्रक्रिया एवं आपकी कड़ी मेहनत, लगन से आप सबको यह रोजगार प्राप्त हुआ है। आप सभी पूरी ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ अपने-अपने विभागों में अपना योगदान प्रदान करें। बैठक के बाद मा0 मंत्री जी एवं जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा महिला बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई एवं बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## सार सुर्खियां

### वारसी नगर में छुरेबाजी , एक युवक घायल , मुकदमा दर्ज

मुरादाबाद ।थाना मुगलपुरा के इलाके जामा मस्जिद वारसी नगर में रात साढ़े सात बजे ई रिक्शा चलाने को लेकर दो युवकों के बीच हुए झगड़े में एक युवक ने छुरा मारकर ई रिक्शा के मालिक के बेटे 25 वर्षीय साजिद को छुरा मारकर घायल कर दिया है।घायल युवक के पिता शाकिर ने इंस्पेक्टर मुगलपुरा को बताया वारसी नगर भोला होटल के सामने उसकी ई रिक्शा खड़ी हुई थी तभी पड़ोस का ही युवक शानू ई रिक्शा चलाने के लिए चाबी



मांगने लगा बेटे साजिद ने जब चाबी देने से इंकार कर दिया तो शानू ने अंटी मे लगा छुरा निकालकर साजिद की गर्दन पर वार कर डाला यह गनीमत रही साजिद ने गर्दन पर अपना हाथ रख लिया जिससे गर्दन के साथ साथ उसकी उंगलियां कट गई ।गर्दन कट जाने के बाद खून से लथपथ हुए साजिद को पुलिस द्वारा तत्काल इलाज व मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल लाया गया ।जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई हैं।इंस्पेक्टर मुगलपुरा द्वारा घायल युवक के पिता की तहरीर पर हमलावर शानू के खिलाफ जान से मारने की नियत से हमला करने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी युवक की तलाश में टीम को लगा दिया गया है।

### प्राधिकरण आधिकारियों के आदेशों पर भारी सुपरवाइजर

पाकबड़ा ।दिल्ली के राजेन्द्र नगर में बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटर में छात्रा की मौत के बाद यूपी सरकार ने अवैध तरीके से बने बेसमेंट के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया है।साथ ही बेसमेंट में कोई अप्रिय घटना होने पर अफसर जिम्मेदार होंगे.सरकार ने अवैध रूप से बेसमेंट की खुदाई रोकने के निर्देश भी जारी किए है, इसके उलट जोन 19 में पंडित नंगला रोड पर लाजपतनगर में बर्फ खाने के पास प्राधिकरण में सुपरवाइजर ,जिनका नाम मुनी देव, बताया जाता है धड़ले से अवैध निर्माण बनवा रहे हैं ।



जावेद कुरैशी की फैक्ट्री में बेसमेंट ग्राउण्ड फ्लोर पर लिन्टर डाला जा चुका है, पर प्राधिकरण का कार्य देखने वाले सुपरवाइजर ही प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों व सरकार के किसी भी आदेश को न माने और अपनी मनमानी के चलतें लगातार अवैध निर्माण व बेसमेंटों की खुदाई करा रहे हैं।

### सम्पत्ति पर किया अवैध रूप से कब्जा , एसएसपी से शिकायत

मुरादाबाद ।थाना कटघर अंतर्गत ग्राम मछरिया निवासी एक पीड़ित परिवार ने अपनी निजि संपत्ति को हड़पने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग उठाई है ग्राम मछरिया निवासी महेंद्र की पत्नी आशा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक प्रार्थना पत्र भी पेश किया गया है जिसमें कहां



गया है कि उसके पति ने अपने भाई सोमपाल से गत 3 जनवरी 2023 को 29 वर्ग मीटर का एक बैनामा अपने नाम कराया था जिस पर वह परिवार सहित दाखिल व काबिज है आरोप है कि गांव का अमन उनकी मां हरवती व बहन आशा व रमा कुछ दिन पूर्व उसके घर में घुस आए और मकान पर कब्जा करने का प्रयास किया जिसकी शिकायत क्षेत्रीय थाना पुलिस से की गई लेकिन पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई है पीड़िता ने एसएसपी को पेश किए गए प्रार्थना पत्र में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग उठाई है पीड़िता आशा व उसके साथ आए समाजसेवी विशाल कुमार ने संयुक्त रूप से कहा पीड़ितों को इंसाफ मिलना चाहिए।

### चोरी की बाइक के साथ दो चोर दबोचे

अफजलगढ़।पुलिस ने गांव महावतपुर से चोरी की एक मोटर साइकिल के साथ दो बाइक चोरो को धर दबोचा।पुलिस ने आरोपियो के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस ने मंगलवार को चैंकिग के दौरान गांव महावतपुर से दो बाइक चोरो को चोरी की एक बाइक से पकड़ा ।पूछताछ में आरोपियो ने अपना नाम हरशिव पुत्र जितेन्द्र कुमार निवासी मौहल्ला छिपयान कस्बा थाना जसपुर जिला ऊधमसिंह नगर उत्तराखण्ड तथा दूसरे ने अपना नाम दिपेश पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम मेघावाला थाना जसपुर जिला ऊधमसिंह नगर उत्तराखण्ड बताया ।पुलिस ने आरोपियो के पास से चोरी की एक स्पलेन्डर बाइक बरामद की।पुलिस ने आरोपियो के विरुद्ध सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर, कार्रवाई की ।आरोपियो को गिरफ्तार कर चालान करते हुए जेल भेजा।प्रभारी निरीक्षक योगेश चौधरी ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजे जाने की पुष्टि की है।

# कुछ देर की बरसात , खुली नगर निगम के लंबे दावों की पोल

भास्कर ब्यूरो

मुरादाबाद। नगर निगम की खुली पोल नाला चौक होने से जेल रोड पर बारिश के पानी से हुआ जलभराव के बीच परेशानी से लोगों को गुजरना पड़ा कुछ देर की बरसात ने नगर निगम के लंबे दावों की पोल खोलकर रख दी है। गौरतलब है कि महापौर विनोद अग्रवाल सहित नगर आयुक्त द्वारा पिछले कई महीनों से लगातार यह दावा किया जा रहा था कि नगर में सभी नाले नालियों की तह तक सफाई हो चुकी हैं और बरसात में लोगों को जलभराव की समस्या से परेशान नही होना पड़ेगा लेकिन इस मामूली बरसात ने नगर निगम के महापौर के साथ साथ नगर आयुक्त के दावों को पूरी तरह



खोखला साबित कर दिया है। नगर के कुछ इलाके ऐसे पानी में भरे देखे गए जहां से किसी व्यक्ति का गुजरना आसान नहीं था । बरसात के पानी के साथ साथ नालों का गंदा कीचड़ तक सड़कों पर उतर आया था। जिसे देखकर स्मार्ट सिटी का खिताब देने वाले अधिकारियों को लोग कोसते नजर आए।

# रिश्वत लेते ट्रेप में फंसे स्टेनो बाबू को डीएम ने किया सस्पेंड

भास्कर ब्यूरो





मुरादाबाद । स्टेनो की घूसखोरी की गाज ठाकुरद्वारा की एसडीएम मनी अरोड़ा पर भी गिरी है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने एसडीएम मनी अरोड़ा को ठाकुरद्वारा एसडीएम पद से हटा दिया है। उन्हें फिलहाल कही पोस्टिंग नहीं दी गई है। उनके स्थान पर एसडीएम प्रीति सिंह को ठाकुरद्वारा का नया डिप्टीकलेक्टर बनाया गया है।

डीएम अनुज सिंह ने घूस लेते रंगे हाथों पकड़े गए एसडीएम मनी अरोड़ा के स्टेनो बाबू सचिन सिंह को सस्पेंड कर दिया है। विजिलेंस ने चार दिन पूर्व एसडीएम ठाकुरद्वारा के ऑफिस पर छापा मारकर स्टेनो सचिन शर्मा को पचास हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए दबोच लिया था यह रिश्वत एक किसान की भूमि को गैर कृषि घोषित करने की एवज में स्टेनो ने रिश्वत ली थी। स्टेनो के रंगे हाथ पकड़े जाने के कारण एसडीएम मनी अरोड़ा की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान उठ रहे थे।

जिस तरह विजिलेंस ने एसडीएम ऑफिस में ट्रैप करते हुए इस कार्रवाई को अंजाम दिया उससे एसडीएम खुद भी शक के घेरे में आ खड़ी हुई थीं। इस ट्रैप के बाद से ही एसडीएम पर भी कार्रवाई के कयास लगाए जा रहे थे।लेकिन मुरादाबाद मे मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर उनके खिलाफ यह कार्रवाई नहीं की गई थी उनके जाने के अगले ही दिन डीएम अनुज सिंह ने एसडीएम मनी अरोड़ा पर यह कार्यवाही कर डाली है। डीएम ने उन्हें फिलहाल कही पोस्टिंग नही दी है।

## बार्डर पर चला सघन वाहन चैंकिगअभियान एक ओवरलोड डंपर विरुद्ध की गयी कार्यवाही



भास्कर ब्यूरो

अफजलगढ़। रायपुरी बार्डर पर चला सघन वाहन चैंकिगअभियान एक ओवरलोड डंपर विरुद्ध की गयी कार्यवाही। अफजलगढ़ बीती रात पुलिस ने रायपुरी बार्डर पर सघन वाहन चैंकिग अभियान चलाकर एक ओवरलोड डंपर को सीज कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा है की अवैध खनन को लेकर भविष्य में भी कार्यवाही जारी रहेगी। गत रात्रि रेहड़ पुलिस ने यूपी उत्तराखंड स्टेट बार्डर पर पर खनन और परिवहन विभाग के सहयोग से सघन वाहन चैंकिग अभियान चलाया। अभियान में उत्तराखंड से यूपी आने वाले वाहनों तथा खनन में लगे 40 डंपरो की भी चैक किया गया। एस ओ के अनुसार 39 डंपर अंडरलोड जबकि एक डंपर ओवरलोड पाये गए डंपर को सीज कर दिया गया है।कार्यवाही में खनन विभाग और परिहवन विभाग का सहयोग रहा।

इस दौरान एआरटीओ गौरी शंकर , खनन अधिकारी शिवम कुमार,सी ओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी,प्रभारी निरीक्षक धीरज सिंह सोलंकी उपस्थित रहे।

# चीनी मिल क्षेत्र में रेड रॉट के प्रभाव के आकलन हेतु वैज्ञानिक दल का भ्रमण

भास्कर ब्यूरो

अफजलगढ़। बहादरपुर चीनी मिल क्षेत्र में रेड रॉट के प्रभाव के आकलन हेतु वैज्ञानिक दल का भ्रमण किया। बुधवार को द्वारिकेश शुगर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, बहादरपुर क्षेत्र में गन्ने में रेड रॉट बीमारी के प्रभाव के परीक्षण हेतु गन्ना शोध परिषद, मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा० अवधेश डागर तथा उनके वैज्ञानिक साथियों द्वारा ग्राम आसफाबाद चमन, टांडा बैरागी, पाबन्दीपुर, आलमपुर गोंबडी, सुआवाला, रामनगर, शेरगढ़, दूलीचन्दपुर, मौ०पुर राजौरी का भ्रमण कर गन्ने की फसल में रेड रॉट बीमारी की विभिषिका का अध्ययन किया गया। साथ ही मौके पर उपस्थित कृषकों को इसके बचाव के उपाय भी उनके द्वारा बताया गया। भ्रमण के समय ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अफजलगढ़ विश्वामित्र पाठक, चीनी मिल के उपाध्यक्ष एस.पी. सिंह, सहा० महाप्रबन्धक गन्ना डा० रजनीश सिंह, अनिल सिंह. के०के० सिंह आदि उपस्थित रहे। क्षेत्र भ्रमण के पश्चात ग्राम सुआवाला में एक कृषक गोष्ठी का



आयोजन किया गया। कृषक गोष्ठी में डा० डागर द्वारा ट्राइकोडर्मा के प्रयोग के विषय में विस्तृत चर्चा की गयी। उनके द्वारा यह बताया गया कि कृषक बन्धु ट्राइकोडर्मा का प्रयोग अनिवार्य रुप से बुआई के समय करें। ट्राईकोडर्मा 4 किग्रा. प्रति एकड़ की दर से 2 कुन्तल गोबर की सड़ी हुई खाद में मिलाकर 6-8 दिन छाये में रखकर तैयार कर लें तथा खाद में सफेद फफूंदी दिखाई देने पर आखिरी जुताई से पहले जमीन में बिखेर कर जुताई कर दें। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि बुआई के समय बीज शोधन थायोफिनेट मिथाइल (Systematic fungicide) की 250 ग्राम प्रति 100 ली० पानी में मिलाकर गन्ने के कटे हुए टुकड़े को 30 मिनट से दो घण्टे तक भिगोकर ही बुआई करें। इससे रेड रॉट रोग की सम्भावना कम हो जाती है। साथ ही उनके द्वारा यह भी बताया गया कि कृषक बन्धु को. 0238 गन्ना प्रजाति की बुवाई न करें, उसके स्थान पर को.शा. 13235, को.शा. 17231, को. 0118, को. 15023, को. लख. 14201, को. लख. 16202 प्रजातियों की बुवाई करें। गोष्ठी में कृषकों द्वारा रेड रॉट रोग व गन्ना बीज उपलब्धता के विष्य में प्रश्न किया गया जिसे ज्सेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक द्वारा गन्ना बीज की उपलब्धता के विषय में व चीनी मिल के सहयोग से पूर्ण कराने के विषय में कृषकों को संतुष्ट किया गया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा गोष्ठी में गन्ने की नई प्रजाति, पंचामृत के समी तकनीकों यथा ट्रेन्च विधि से गन्ना बुवाई, सहफसली द्वारा कृषक की आय दुगुना करने, ट्रेश मल्चिंग, जल संरक्षण व मृदा उर्वरता बढ़ाने, कम लागत में अधिक उत्पादन हेतु पेडी प्रबन्धन व ड्रिप सिंचाई द्वारा पानी की बचत एवं फटीर्गेशन करने हेतु कृषकों को प्रेरित किया गया। उन्होंने महिला समूह द्वारा उत्पादित सिडलिंग के माध्यम से विभाग द्वारा स्वरोजगार उपलब्ध कराना व नैनो यूरिया के प्रयोग से कम लागत और अधिक उत्पादन, मृदा उर्वरता एवं पर्यावरण सुरक्षा पर बल दिया। साथ ही समिति स्तर पर स्थापित फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध यन्त्रों जैसे पावर स्प्रेयर, आर.एम.डी., एम.बी.प्लाऊ, मल्चर आदि बहुत कम किराये पर किसानों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कृषक गोष्ठी में परिक्षेत्र के उन्नतशील किसान विपिन कुमार, महीपाल सिंह, मो० असल विजयपाल सिंह, नसीम अहमद, कुंवर आनन्द सिंह, वेदप्रकाश सिंह, राजेश सिंह, जय प्रकाश सिंह, वकील अहमद प्रधान आदि सहित लगभग 250 किसान उपस्थित रहे।

## टॉलिन्स टायर्स लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश 09 सितंबर, 2024 को खुलेगी

भास्कर ब्यूरो

गुरुग्राम / नोएडा । टॉलिन्स टायर्स लिमिटेड ("टीटीएल" या "कंपनी") सोमवार, 09 सितंबर, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के संबंध में अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी। इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु 5) का कुल प्रस्ताव आकार 230 करोड़ रुपये तक है, जिसमें 200 करोड़ रुपये तक का नया निर्गम और 30 करोड़ रुपये तक का बिक्री प्रस्ताव शामिल है ("कुल प्रस्ताव आकार")। एंकर निवेशक बोली की तिथि शुक्रवार, 06 सितंबर, 2024 होगी और बोली प्रस्ताव बुधवार, 11 सितंबर, 2024 को बंद हो जाएगा ("बोली विवरण")। प्रस्ताव का मूल्य बैंड 215 से 226 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है ("मूल्य बैंड")। न्यूनतम 66 इक्विटी शेयरों के लिए और

TOLINS TYRE
TOLINS TYRES LIMITED

उसके बाद 66 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं ("बोली लॉट")। टॉलिन्स टायर्स लिमिटेड, विविध उत्पाद रेंज के साथ पूरे भारत में मौजूद उद्योग में अग्रणी खिलाड़ियों में से एक है और यह उन कंपनियों में से एक है जो दोनों क्षेत्रों में मौजूद है – नए टायर और ट्रेड रबर का निर्माण (स्रोतः कंपनी कमीशन क्रिसिल रिपोर्ट)। यह मुख्य रूप से वाहनों की व्यापक श्रेणी (हल्के वाणिज्यिक, कृषि और दो/तीन पहिया वाहनों सहित) के लिए बायस टायर और प्रीक्योर्ड ट्रेड रबर के निर्माण में लगी हुई है और बॉन्डिंग गम, वल्केनाइजिंग सॉल्यूशन, टायर फ्लैप और ट्यूब जैसे सहायक उत्पादों के निर्माण में भी शामिल है।

## साउथ इंडियन बैंक ने यूनिफाइड कोलैटरल मैनेजमेंट सॉल्यूशंस के लिए एसएलसीएम के साथ साझेदारी की

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली।साउथ इंडियन बैंक ने खेती में किसानों और अन्य हितधारकों की मदद के लिए यूनिफाइड कोलैटरल मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्रदान करने के लिए सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। यह सहयोग प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर पोस्ट-हार्वेस्ट क्रेडिट तक पहुंच को बढ़ावा देगा। साथ ही किसानों को वैज्ञानिक भंडारण सेवाएं प्रदान की जाएंगी और मंडियों में कमोडिटी की निष्पक्ष कीमतें सुनिश्चित होंगी।इस साझेदारी के जरिए खेती में आने वाली कुछ प्रमुख चुनौतियों विशेषकर फसलों की कटाई के बाद के भंडारण और फाइनेंसिंग के क्षेत्रों में समाधान प्रदान किये जाएंगे।इसके



तहत, एसएलसीएम द्वारा प्रदान किए गए नए कोलैटरल मैनेजमेंट और वेयरहाउसिंग समाधानों का संयोजन साउथ इंडियन बैंक की वित्तीय विशेषज्ञता से किया जाएगा। नई साझेदारी को लेकर एसएलसीएम ग्रुप के सीईओ संदीप सभरवाल ने कहा, साउथ इंडियन बैंक के साथ हमारा गठबंधन हमारे कोलैटरल मैनेजमेंट और वेयरहाउसिंग बिजनेस मॉडल की मजबूती दशार्ता है।

## मिस एंड मिसेज इंटरनेशनल - वूमेन ऑफ सब्सटेंस 2024



भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता के 6 सफल आयोजनों के बाद आशीर्वाद कंसल्टेंट्स ने अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता के अपने सीजन 7 का सफल आयोजन किया तथा वहीं इस कार्यक्रम की आयोजिका डॉ. मधुर शर्मा संस्थापक और निदेशक तथा अंशु मुद्गल सह-संस्थापक और निदेशक पीआर, आरुषि शर्मा निदेशक यूएई ने बताया कि मिस एंड मिसेज इंटरनेशनल वूमेन ऑफ सब्सटेंस सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन 31 अगस्त 2024 को दुबई के ब्रिस्टल होटल में आयोजित किया गया था।यह कार्यक्रम नारीत्व पर केंद्रित था जिसमे विभिन्न आयु वर्ग और पृष्ठभूमि की महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया गया था। 4 दिवसीय कार्यक्रम में ग्रूमिंग सेशन, टैलेंट राउंड, फोटोशूट, भ्रमण, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन और बहुत कुछ जैसी कई शानदार और मजेदार गतिविधियाँ शामिल रही। इस कार्यक्रम के भारत में मीडिया पार्टनर एचवी मीडिया प्रा.लि.और दुबई में बोल इंडिया न्यूज और डीएक्सबी लाइव 24 द्वारा प्रचारित किया गया।कार्यक्रम की सेलिब्रिटी अतिथि सरगम कौशल मिसेज वर्ल्ड 2022 हैं ।जिन्होंने 21 साल बाद मिसेज वर्ल्ड का ताज वापस लिया है। मुख्य अतिथि एचएच बियू अब्दुल्ला, वीवीआईपी अतिथि एचई याकूब अल अली बंदरगाह मंत्री। आभूषण डिजाइनर बियानी ज्वेलर्स। क्राउनिंग मोमेंट ओल्ड स्टोरी ट्रेडिंग एलएलसी और उनके नए लेबल संजू एंड शिल्पा के लिए वार्डरोब डिजाइनर।

## गुलदार ने हमला कर महिला को किया घायल

भास्कर ब्यूरो

हल्दौर ।नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां गुलदार का आतंक बरकरार है। तो वहीं बुधवार की सुबह सवेरे क्षेत्र के ग्राम बागा नांगल निवासी अरुणा देवी पत्नी भोले सिंह तथा उसकी पड़ोस सत्यवती दोनों ही गांव के पूर्वी छोर पर कूडी पर कूड़ा डालने गई थी जहां पहले से घात लगाए बैठे गुलदार ने अरुणा पर हमला कर दिया जिससे दोनों महिलाओं की चीख निकल गई जबकि सत्यवती बेहोश होकर मौके पर गिर पड़ी चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके की दौड़ पड़े इतने में गुलदार गन्ने के खेत में घुस गया।हमले में अरूणा देवी घायल हो गई जिसका गांव स्थित निजी चिकित्सक से उपचार कराया गया।ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगवाकर उक्त गुलदार को पकड़वाने की मांग की है

मृत्यु से डरो नहीं बल्कि जो ज़िन्दगी अभी नहीं जी है उसके लिए डरो। तुम्हे हमेशा के लिए नहीं जीना है, तुम्हे बस जीना है।

# बारिश के चलते कुंडौल में गिरा मकान, वृद्धा की मौत

## नरि जाने वाली सड़क ध्वस्त, चार गांवों का आने-जाने वाला मुख्य मार्ग बंद

भास्कर ब्यूरो



**फतेहाबाद।** विगत मंगलवार की रात हुई तेज बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया गया। थाना डौकी क्षेत्र में बारिश के चलते एक मकान के गिरने से वृद्धा की मृत्यु हो गई। जबकि नरि और फतेहाबाद के ठीकुरा जाने वाली सड़क पानी के तेज बहाव के कारण ध्वस्त हो गई। जिससे कई गांवों का आवागमन ठप्प हो गया है।

विगत मंगलवार की रात थाना डौकी के गांव कुडौल के जाटव मौहल्ला में तेज बारिश के चलते रामरतन पुत्र राम खिलाड़ी का मकान गिर गया। मकान के मलवा में रामरतन की 72 वर्षीय मां अंगूरी देवी दब गई। मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। बचाव कार्य शुरू किया गया। लेकिन समस्या यह थी कि मकान का लेवल नीचा होने और खेतों का लेवल ऊंचा होने से खेतों का पानी



मकान के अंदर होकर चल रहा था। आधा घंटे बाद अंगूरी देवी को मृत अवस्था में निकाला जा सका। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर डौकी जयनारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर पंचनामा भर कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं डौकी से नरि जाने वाले मार्ग पर पानी के तेज बहाव के चलते डाबर की सड़क ध्वस्त हो गई। जिससे नरि, कांकर और गढ़ी भज्जी के लिए जाने वाले मुख्य रास्ता बंद हो गया है।

एसडीएम अनिल कुमार सिंह ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से जल्द से जल्द रोड को दुरुस्त कराने के लिए कहा गया है। ताकि ग्रामीणों को आवागमन करने में परेशानी न उठानी पड़े। वहीं फतेहाबाद क्षेत्र में तेज बारिश से ठीकुरा जाने वाली सड़क बारिश के चलते ध्वस्त हो गई है।

### निबोहरा में भी बारिश के कारण मकान गिरा

**निबोहरा।** थाना निबोहरा क्षेत्र के गांव लालपुर बिहारी में रात्रि 1:00 बजे के करीब तेज बारिश के चलते बबीता पत्नी पप्पू का पक्का मकान भरभराकर अचानक से गिर पड़ा तथा जानकारी पर बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार के लोग पहुंचे जहां बबीता को हल्की छोटे आई हैं जानकारी पर क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे तथा घर में रखा सामान मालवे के नीचे दबकर खराब हो गया वहीं पीड़ित ने सरकार से मुहावजे की मांग की है।

# थर्माकोल से भरा ट्रक किया जब्त

भास्कर ब्यूरो



**आगरा।** नगर निगम प्रवर्तन दल ने कार्रवाई कर बधुवार को थर्माकोल प्लेट की कार्टून से भरा ट्रक पकड़ा है। ट्रक में थमाकोल के सत्तर कार्टून लदे हुए थे। निगम प्रशासन ने ट्रक पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना अदा न करने तक पकड़ा गया ट्रक नगर निगम के कब्जे में रहेगा। प्रवर्तन प्रभारी डा. अजय कुमार सिंह ने प्रवर्तन दल के साथ जीएसटी टीम के सहयोग से ट्रक को सिकंदरा पर पकड़। उसमें थमाकोल की प्लेट्स से भरे कार्टून और टाइल्स लदे हुए हैं। इनका वजन लगभग साढ़े तीन कुंतल के करीब है। जब तक जुमार्ने की राशि अदा नहीं की जाएगी तब तक ट्रक नगर निगम के कब्जे में रहेगा। अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा सिंगिल यूज प्लास्टिक और थमाकोल के विरुद्ध विशेष अभियान आरंभ 4.0 चलाया जा रहा है। विगत दिनों नगर भ्रमण पर आये प्रमुख सचिव नगर विकास ने अमृत अभिजात ने भी थर्माकोल और सिंगल यूज पॉलीथिन के खिलाफ वृहद अभियान चलाने के निर्देश दिये थे।

# डंपर की टक्टर से कांवड़िये की मौत

भास्कर ब्यूरो

**सैंया।** कांवड़ लेकर आ रहे सोरों जी से दो सगे भाईयो में पीछे से आ रहे डम्पर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही एक की मौत हो गयी जबकि दूसरा साथी कांवड़िया गम्भीर रूप से घायल हो गया। गुस्साईं भीड ने ग्वालियर हाईवे जाम कर दिया। जाम लगने से हाईवे पर पांच किलोमीटर तक वाहनो की लम्बी कतार लग गयी।

थाना मनियां जिला धौलपुर राजस्थान के ग्राम हनोता चौकी निवासी दीपचंद व परमजीत सिंह पुत्रगण गोपाल सिंह सोरों जी कासगंज से कांवड़ लेकर अपने गांव हनोता चौकी जा रहे थे कि समय करीब 7:30 बजे ग्वालियर हाईवे स्थित नगला केसरी के पास पीछे से आ रहे डम्फर ने दोनों सगे भाइयों में टक्कर मार दी जिससे दीपचंद 23 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दूसरा साथी कांवड़िया एवम् सगा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव मय पुलिस फोर्स के



साथ मौके पर पहुंच गए। मृतक के परिवारीजन भी सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच गए तथा जाम लगा दिया। सूचना पर ए सी पी सैंया देवेश सिंह मय सर्किल फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिवार को समझाने का प्रयास किया। पीड़ित परिवार विधायक के आने व मुआवजे की मांग कर रहे थे । सूचना पर एस डी एम खेरागढ़ संदीप यादव भी पहुंच गए। एसडीएम के आश्वासन पर जाम खुल गया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# रसूलपुर में जमकर चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन लोग घायल

भास्कर ब्यूरो

**अछनेरा।** थाना अछनेरा के अंतर्गत गाँव रसूलपुर में ससुराल व मायका पक्ष के लोगों के बीच किसी पारिवारिक बात को लेकर हिंसक झड़प हो गयी व जमकर लाठी डंडे भी चले। विवाहिता ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसे ससुरालियो ने पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की है। दरअसल मामला मंगलवार शाम लगभग 5 बजे का है। रीना पुत्री विशंभर निवासी गांव सामोली जिला मथुरा का विवाह 6 वर्ष पूर्व रसूलपुर निवासी धर्मपाल पुत्र रघुवीर के साथ हुआ था। पीड़िता ने बताया कि शादी के बाद से ही



ससुरालीजनों के साथ अनबन बनी रहती थी। मंगलवार को पीड़िता का भाई उसे लेने आया था। लेकिन किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी और धीरे धीरे मामला बढ़ता गया। भाई ने मथुरा से अपने परिवार के अन्य लोगों को भी फोन के माध्यम से बुला लिया। जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया एवं दोनों पक्ष लामबंद हो गये। जमकर लाठी डंडे चले व ईंट पत्थर फेंके गये। घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत करवाया एवं घायलों सीएचसी अछनेरा भेजा। जहाँ दोनों पक्ष के घायल लोगों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं अछनेरा पुलिस ने स्तिथ पर काबू पा लिया है।

कपिल सिंह, इमरजेंसी डॉक्टर सीएचसी अछनेरा ने बताया कि उपचार के दौरान महिला के बताए अनुसार जब जांच की तो महिला के कपड़ों से पेट्रोल की स्मेल आ रही थी। फिलहाल महिला का इलाज जारी है।

प्रभारी निरीक्षक अछनेरा विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि पेट्रोल डालने के आरोप की पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है, लेकिन विदाई को लेकर हुए विवाद में छह लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश

सीएचसी अछनेरा में इलाज के दौरान पीड़िता रीना ने बताया कि ससुरालीजनों में से उसके देवर व जेठ ने उसके ऊपर पेट्रोल डालकर उसे जलाने की कोशिश की एवं इस दौरान उसका पति भी मौके पर था। लेकिन पति ने उसको न बचाया न ही परिवार के लोगों को रोकने का प्रयास किया। जैसे तैसे महिला ने खुद को बचाया था।

## सार सुर्खियां

### विद्युत समस्या को लेकर ऊर्जा मंत्री से सभासद प्रशांत तिवारी ने की मुलाकात



**पिनाहट (भास्कर ब्यूरो)।** सभासद प्रशांत तिवारी ने बुधवार को आगरा आए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को लिखित ज्ञापन देते हुए अवगत कराया कि नगर पंचायत पिनाहट क्षेत्र में करीब 25000 लोगों की आबादी है। यहां कई वर्षों से किसी न किसी कारण को लेकर विद्युत समस्या बनी रहती है। जिसके चलते पेयजल व्यवस्था ज्यादातर फेल हो जाती है। जिसकी वजह से आम जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस वर्ष भीषण हीट वेव के चलते और अघोषित विद्युत कटौती की वजह से कस्बा के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है कई वर्षों से इस तरह की विद्युत समस्या चली आ रही है। वहीं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सभासद को जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

### अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, मुकदमा

**निबोहरा (भास्कर ब्यूरो)।** थाना डौकी पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने छापा मारकर अवैध कच्ची शराब के साथ एक दबोचा 14 लीटर कच्ची शराब बरामद। प्रभारी निरीक्षक निबोहरा सुरेश चन्द्र ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी थी कि कान्हा पुरा में अवैध रूप से कच्ची शराब बेची जा रही है सूचना पर आबकारी निरीक्षक अमित कुमार के साथ टीम ने छापा मारा जहां से पंकज पुत्र ऐवरन सिंह निवासी कन्हापुरा थाना निबोहरा जिला आगरा को पकड़ा गया जिसके पास से 14लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना निबोहरा में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया।इस दौरान आबकारी इंस्पेक्टर अमित कुमार, प्रभारी निरीक्षक निबोहरा सुरेश चंद्र, उपनिरीक्षक कौशलेंद्र सिंह मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

### कार्य में शिथिलता बरतने पर 21 बीएलओ का रुकेगा वेतन

**फतेहाबाद (भास्कर ब्यूरो)।** मतदाता सूचियों के सत्यापन कार्य में शिथिलता बरतने वाले 21 बीएलओ का वेतन रोकने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर भेजा गया है। एसडीएम फतेहाबाद अनिल कुमार सिंह ने बताया चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता सूचियों मे सत्यापन कार्य चल रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य में लगातार शिथिलता बरतने वाले 21 बीएलओ का वेतन रोकने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर भेजा गया है।

जिसमें बूथ संख्या 58 पर अभिषेक कुमार, 358 अरविंद कुमार, 91 पर इतरताज, 356 भोला सिंह, 158 रश्मि शाह, 318 उमेश चंद, 150 अजय प्रताप सिंह, 71 चंद्रेश दुबे, 165 दलबीर सिंह, 246 अभिषेक कुमार वर्मा, 312 रेखा बघेल, 96 सर्वेश, 77 सौरभ उपाध्याय, 298 प्रशांत कुमार, 250 रीति राम, 94 सरिता यादव, 313 मंजू चौधरी, 118 हिमांशु जैन, 159 कोमल चौहान, 157 प्रमिला कश्यप, 333 साधना का वेतन रोकने के लिए पत्र भेजा गया है।

# पानी के लेवल की जांच करने नहीं पहुंचे अधिकारी

## जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी और जल निगम के अधिकारियों को दिये थे निर्देश

भास्कर ब्यूरो

**फतेहाबाद।** जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने नाले के पानी के स्तर की जांच करने के लिए दिया समय बुधवार शाम समाप्त हो गया। लेकिन नाले के पानी के लिए लेवल की जांच करने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग और जल निगम को तय समय-सीमा में देनी थी लेकिन समय समाप्ति तक दोनों विभागों के अधिकारियों ने जिलाधिकारी के निर्देशों का पालन करना अपना कर्तव्य नहीं समझा।

विगत 31 अगस्त को जिलाधिकारी ने फतेहाबाद पहुंच कर सीएनडीएस विभाग द्वारा करायें गए नाले निर्माण की खामियों का निरीक्षण किया गया था। उन्होंने स्पष्ट रूप से पीडब्ल्यूडी विभाग



और जल निगम के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि मैं पांच तारीख को पुनः नाले का निरीक्षण करने के लिए आऊंगा। तब तक नाले का पानी का लेवल की जांच हो जानी चाहिए। कमी मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। लेकिन जिलाधिकारी के आदेश का उन पर कोई भी प्रभाव नहीं पड़ा। यही कारण है कि उन्होंने फतेहाबाद आकर नाले के पानी के स्तर की जांच करना मुनासिब नहीं समझा। वहीं बुधवार को एसडीएम अनिल कुमार सिंह और अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत फतेहाबाद डीएस वर्मा के नेतृत्व में तीसरे दिन नाले के ऊपर लोगों द्वारा किये गए अवैध कब्जे को हटाने का काम किया गया। बुधवार को चलें यह अभियान लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी में चलाया गया। जिसमें लगभग 75 लोगों के स्लीप और टीनसैड हटाये गए। वहीं बुधवार को ब्लाक कार्यालय के सफाई कर्मचारियों द्वारा बाइपास रोड पर सफाई अभियान चलाया गया। खंड विकास अधिकारी फतेहाबाद रजत कुशवाहा ने बताया कि शुक्रवार शाम तक सड़क को दोनों तरफ सफाई कार्य पूरा हो जाएगा। बताते चलें कि जिलाधिकारी ने सफाई अभियान चलाकर सड़क के दोनों ओर सफाई कराने के निर्देश दिये गए थे।

# विद्युत विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

भास्कर ब्यूरो

**बासोनी।** विद्युत सब स्टेशन बासोनी के गांव खिल्ली में विद्युत विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें विद्युत विभाग द्वारा करीब 62 घरों कनेक्शन चेक किये। जिनमें 6 घरों में नए मीटर लगाए गए। चार घरों से राजस्व की वसूली की गई है। आठ घरों की केबिल अंदर से बाहर कराई गई 11 मीटर जो बंद अवस्था में थे। उन्हें चालू कराया गया है। करीब 26 घरों पर एक लाख अधिक की बकाया राशि होने पर कनेक्शन काट कार्रवाई की गई है। वही



एसडीओ दिनेश कुमार का कहना है। कि अपना बिल समय से भरें। यह चेकिंग अभियान निरंतर चलता रहेगा। टीम में मौजूद रहे अपर अभियंता हेमराज सिंह, अनिल संदीप अविनाश, पंकज, मनमोहन उपाध्याय, कुमार उमाशंकर, सुरेंद्र कुमार, नीरज शैलेंद्र, मानसिंह, राम प्रसाद समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जिला उपाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

## बैठक कर किसानों को भारतीय किसान संघ के बारे में दी गई जानकारी

भास्कर ब्यूरो

**पिनाहट।** कस्बा निवासी लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल संचालक संतोष बाबू विधौलिया को भारतीय किसान संघ में जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है।



जिसके दृष्टिगत बुधवार को कस्बा के जय बजरंग ढाबा, कालिका गार्डन में कस्बा वासियों एवं किसानों ने जिला उपाध्यक्ष संतोष बाबू विधौलिया एवं ब्लॉक अध्यक्ष हरीश शर्मा का जोरदार स्वागत किया। परशुराम युवा सेना अध्यक्ष मोहित विधौलिया ने जिला उपाध्यक्ष , संतोष बाबू व उपस्थित वरिष्ठ जनों का फूलमाला व स्वाफा पहनाकर स्वागत किया।,वहीं जिला उपाध्यक्ष संतोष बाबू विधौलिया ने बताया कि भारतीय किसान संघ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक शाखा है जो किसानों के हित में कार्य करता है। ब्लॉक क्षेत्र के सभी किसानों के हित में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे तथा संघ को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष हरीश शर्मा, सीड़ो शर्मा, चंद्रमोहन तिवारी, अनिल शर्मा, परशुराम युवा सेना प्रमुख मोहित विधौलिया, छोटू तैनगुरिया, सूखा डीलर, शिवम कुमार, सुरेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर पति को पीटा

**अछनेरा (भास्कर ब्यूरो)।** थाना अछनेरा क्षेत्र के अंतर्गत मुबारिजपुर गाँव के रहने वाले पन्ना पुत्र लक्की अपनी निजी जगह पर दुकान का निर्माण करवा रहा था। पीड़ित पन्नालाल ने बताया कि शाम को मेरी पत्नी मेरे लिए खाना लेकर घर से मेरे पास आ रही थी। रास्ते में गाँव बबरोद के रहने वाले उदय और राधे नाम के व्यक्ति मिले। जिन्होंने देखते ही मेरी पत्नी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुये छेड़छाड़ करने लगे। इसी बात का जब मैंने विरोध किया तो दोनों व्यक्तियों ने जमीन पर डालकर उसकी पिटाई कर दी एवं जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के पति ने उक्त मामले में दो लोगों के खिलाफ थाना अछनेरा में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने पीड़ित को मेडिकल के लिए भेजकर कार्यवाही प्रारंभ कर दी।

# अधिवक्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

भास्कर ब्यूरो

**बाह।** तहसील बाह में लगातार आ रही लोगों की समस्याओं को लेकर काम नहीं होने के कारण मंगलवार को एकत्रित अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया एवं मुख्य सचिव महोदय उत्तर प्रदेश सरकार के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया कि आरके कार्यालय एवं न्यायालय उपजिलाधिकारी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार में व्याप्त अनिमियताओं को लेकर पूर्व में उपजिलाधिकारी और तहसीलदार को कई बार लिखित एवं मौखिक शिकायत कर चुके हैं किंतु उपरोक्त समस्याओं का समाधान अभी तक नहीं हुआ है।

तहसील दिवस में भी समस्याओं के समाधान और निस्तारण के लिए शिकायत की गई थी जिसमें आरके महोदय द्वारा झूठी रिपोर्ट लगाकर गलत तरीके से प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया गया। जबकि समस्याएं बनी हुई है और बाद कारियों में रोष व्याप्त है। जिससे अधिवक्ताओं को कार्य करने में भी परेशानी हो रही है।



निम्न समस्या जिसमें राजस्व निरीक्षक और लेखपालों द्वारा समय से पैमाइश ना करना, कुडे नहीं बनाना, राजस्व न्यायालय में आदेश में लंबित पत्रावलियों का समय से निस्तारण न होना, रजिस्टर कार्यालय में दाखिला खारिज की अविवादित पत्रावलियों का निस्तारण व अमल बरामद समय से ना होना, तहसील में तहसीलदार की नियुक्ति दो माह से नहीं होना, नायब तहसीलदार पूर्वी एवं पश्चिम की पत्रावलियों की जानकारी नहीं होना आदि समस्याओं से अवगत कराया गया और निदान के लिए मांग की गई। इस दौरान तमाम अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# डेंगू: अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ाई निगरानी

## ब्लॉक फतेहाबाद में 15 गांव अतिसंवेदनशील

भास्कर ब्यूरो

**फतेहाबाद।** बरसात के मौसम में डेंगू और मलेरिया मच्छर के पनपने का खतरा बढ़ गया है। लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों को चिन्हित किए गए गांव और मुहल्लों में विशेष निगरानी के लिए निर्देशित किया गया है।

बरसात के मौसम में मच्छर पनपते हैं, जो मानव जीवन पर भारी पड़ते हैं। डेंगू और मलेरिया का भी खतरा बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को इस मौसम में मच्छरों से बचाव करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पूर्व में बनाए गए डेंगू के अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। स्वास्थ्य कर्मचारियों




को निर्देशित किया गया है। कि अलर्ट रहेंगे। कोई भी संदिग्ध मिले तो तुरंत उसकी जांच कराएं। क्षेत्र में कैंप लगाकर बीमार लोगों का उपचार भी करेंगे। इसका भी ध्यान रखेंगे कि बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। तो क्षेत्र का मौका मुआयना करेंगे।

### यह लक्षण दिखाई दें तो तुरंत कराएं जांच के वाद उपचार

बुखार आना, अचानक 100 डिग्री तक बुखार हो जाना, शरीर टूटना, सिर में दर्द, ठंड लगने के साथ अचानक तेज बुखार चढ़ना, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना आदि लक्षण डेंगू के हैं।

### यह गांव है अतिसंवेदनशील

बमरौली,कसियाई, भोलपुरा, ईधोन, पारौली, सिकरवार, बहेड़ी, धारापुरा, चर्रपुरा, शाहिद पुर, रिहावली, सिलावली, स्वारा, राबर, निबोहरा आदि।

> स्वास्थ्य विभाग भी हर समय अलर्ट मोड पर है। ब्लॉक में डेंगू और मलेरिया पर काबू पाया गया है। अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है। सीएचसी फतेहाबाद पर डेंगू और मलेरिया के लिए वार्ड तैयार किया गया है। मच्छरों के लार्वा मिलते ही टीम अलर्ट हो जाती है। केस मिलते ही नगर पंचायत व ग्राम पंचायत स्तर पर कीटनाशक का छिड़काव करवाते हैं। संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लोगों को जागरूक भी किया गया। अभी ब्लाक में डेंगू का एक ही केस मिला है। मलेरिया का कोई केस नहीं मिला है।
>
> **डॉ. प्रमोद कुशवाहा**
> **अधीक्षक, सीएचसी फतेहाबाद**

# सैंया: एचटी लाइन में फॉल्ट होने से 16 घंटे ठप्प रही विद्युत आपूर्ति

**सैंया (भास्कर ब्यूरो)।** मालपुरा से सैंया फीडर के लिए आयी एचटी लाइन में फाल्ट आ जाने से सैंया फीडर के दो दर्जन गांवों की विद्युत आपूर्ति बंद हो जाने से ग्रामीणों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मलपुरा से सैंया फीडर के लिए एच टी लाइन आयी है। एचटी लाइन में बार बार फाल्ट हो जाने के कारण सैंया क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है। विद्युत आपूर्ति बंद हो जानें से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है । यहां तक लोग पेय जल के लिए परेशान रहते है। एचटी लाइन में मंगलवार की रात्रि दो बजे के करीब फाल्ट हो गया और तभी से आपूर्ति ठप्प पड़ी हैं तथा थाना सीएचसी आदि सरकारी कार्यालयों में कम्प्यूटर बन्द होने के कारण काम काज प्रभावित रहा। हालांकि विद्युतकर्मी फाल्ट को खोज कर एच टी लाइन को सही करने में जुटे हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी है।

# गैस लिकेज से घर में लगी भयंकर आग

## आग में घर का सामान जलकर हुआ खाक, परिजनों ने भागकर बचाई जान

■ फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लाखों का नुकसान



**भास्कर ब्यूरो**
**शामली।** क्षेत्र के गांव लिलौन निवासी एक ग्रामीण के मकान में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर लिकिज होने से पूरे मकान में भीषण आग लग गई। मकान में आग लगने से परिवार से वहां से भागकर अपनी जान बचाई वहीं सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर स्वाहा हो गया।
शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलौन निवासी प्रमोद कुमार पुत्र ओमप्रकाश अपने मकान की ऊपरी मंजिल में रहता है। मंगलवार देर शाम वह अपने कमरे में गैस के चूल्हे पर खाना बना रहा था, जबकि पत्नी और बच्चे दूसरे कार्यों में व्यस्त थे। इसी दौरान अचानक से गैस सिलेंडर लिकिज होने से अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद पत्नी लक्ष्मी और बच्चों ने वहां से भागकर जान बचाई, जबकि प्रमोद व मकान के निचले हिस्से में रह रहे उसके भाई विनोद व प्रवीन न मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह आग पर काबू पाया। मकान में आग लगने से वाशिंग मशीन, सिलाई मशीन, फ्रिज, बैड, कपडे, इंवर्टर, बैटरा व घर में रखे कानों के कुंडल, मंगलसूत्र, व चांदी के पायजेब भी जलकर खाक हो गई। वहीं नही आग लगने से पीडित के कच्चे मकान की छत भी गिर गई। जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पीडित ने जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता प्रदान कराने की मांग की है।

## आग में झुलसी बालिका, उपचार के दौरान दम तोडा

झिंझाना। कस्बे की बालिका की लोनी कपड़ा फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में घायल की उपचार की दौरान मौत हो गयी। जिसके बाद बुधवार को शाम बालिका का शव कस्बा पहुंचा जिसे परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। कस्बे की कांशीराम कालोनी निवासी गुल नवाज खान अपनी 8 वर्षीय बालिका सोनम के साथ लोनी गाजियाबाद की एक कपड़ा फैक्ट्री में कार्य करता था। परिजनों ने बताया कि 2 सितंबर सोमवार की सुबह करीब 3 बजे फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। जिसकी चपेट में कस्बा निवासी बालिका सोनम भी आ गई जो बुरी तरह झुलस गई थी मंगलवार की देर शाम सोनम की उपचार के दौरान मौत हो गयी। बुधवार की देर शाम को मृतक बालिका का शव कस्बे में पहुंचा जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

## शिक्षकों ने की विभिन्न मांगों के समाधान की मांग

**भास्कर ब्यूरो शामली।** बुधवार को उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ ने अपनी 26 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि प्रदेश के सभी सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को राजकीयकरण किया जाए, प्रदेश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए, सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों के ऑनलाइन स्थानांतरण व्यवस्था की एनओसी सहित सभी विसंगतियों को दूर कराते हुए शिक्षकों को स्थानांतरण का नियमित अवसर प्रदान करने, सभी शिक्षकों को सेवा सुरक्षा प्रदान करने, प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक की भर्ती में चयन आयोग द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित करने, एडेड माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा प्रतिपूर्ति की सुविधा प्रदान की जाए, वर्ष 2014 से नियुक्त शिक्षकों की सामूहिक बीमा कटौती शुरू कराई जाए आदि के समाधान की मांग की।

# बुखार से किशोरी की मौत पर जागा स्वास्थ्य विभाग, लगाया कैंप

■ मौहल्ला पंसारियान में बुखार रोगियों के खून सैंपल जांच को भेजे
■ मृतक किशोरी की डेंगू से मौत का किया खंडन

### संक्रामक रोगों से बचाव के दिए टिप्स

शामली। स्वास्थ्य विभाग ने मौहल्लावासियों को संक्रामक रोगों से बचाव के टिप्स दिए, जिनमें शाम के समय फुल आस्तीन के कपडे पहनने, फ्रिज, कूलर गमलों आदि की सफाई, जलनिकासी न होने वाले स्थान पर सप्ताह में एक बार मिट्टी का तेल या मोबीऑयल छिड़कने की सलाह दी। घरों के आसपास पानी का जमाव न होने देने की भी सलाह दी गई।

**भास्कर ब्यूरो**
**शामली।** मच्छरों का प्रकोप बढने की वजह से शहर में बुखार का प्रकोप बढता जा रहा है। मौहल्ला पंसारियान निवासी में 11 वर्षीय किशोरी की बुखार से मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौहल्ले में पहुंचकर कैंप लगाकर खून के सैंपल लिए और दवाईयां वितरित की।
शहर के मौहल्ला पंसारियान निवासी नीरज की 11 वर्षीय पुत्री दीक्षा ठाकुर को गत 25 अगस्त को बुखार हुआ तो उसे सीएचसी शामली में उपचार दिलाया गया। हालत में सुधार न होने पर किशोरी को शहर के निजी अस्पतालों में भी भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। आखिरकार किशोरी को दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां उपचार के दौरान गत मंगलवार को किशोरी की मौत हो गई। किशोरी की बुखार से मौत की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और सीएमओ के निर्देश पर डा. शाईस्ता नाज, डा. विष्णु ऐपिडिमोलॉजिस्ट, राजेश कुमारी, राकेश पांडेय, सुबोध गौतम, अवधेश वाडकर, विकास आदि की टीम मौहल्ले में पहुंची और वहां पर स्वास्थ्य शिविर लगाया, जिसमें 32 लोगों को निशुल्क दवाई, संभावित बुखार रोगी के 8 ब्लड सैंपल, 11 बुखार रोगियों की स्लाइड तथा 5 बुखार रोगियों की आरडीटी किट द्वारा मलेरिया की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग ने किशोरी की मौत डेंगू से होने की पुष्टि नहीं की है।

# घर में घुसकर जबरन छप्पर उखाड़ा, तोड़फोड़

■ इस्सापुर खुरगान का मामला, महिलाओं से की गई मारपीट, वीडियो वायरल

**भास्कर ब्यूरो**
**कैराना।** घर में घुसकर दबंगई का मामला सामने आया है। जहां बैनामा लेखक ने अन्य लोगों के साथ मिलकर छप्पर उखाड़ दिया। तोड़फोड़ की गई और सामान फेंक दिया गया। यही नहीं, महिलाओं के साथ मारपीट भी की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस ने घायल महिलाओं का मेडिकल कराते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।
गांव इस्सापुर खुरगान निवासी तमन्ना ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका पति मजदूरी के लिए अक्सर घर से बाहर रहता है, जिसकी गैरमौजूदगी में वह अपने बच्चों के साथ रहती है। बुधवार को प्रातः करीब पौने दस बजे वह अपने बच्चों के साथ घर में छप्पर के नीचे बैठी हुई थी। आरोप है कि तभी बैनामा लेखक छब्बन अन्य लोगों के साथ घर में घुस गया और गाली-गलौज की गई। आरोपी ने बैनामा कराने की बात कहते हुए छप्पर को उखाड़ दिया। सामान में तोड़फोड़ की गई तथा इधर-उधर फेंक दिया गया। पीड़िता ने बताया कि उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई। पुकार सुनकर उसके परिवार की नीसो, जैनब, साबरीन मौके पर आई, तो उन्हें भी पीटा गया। मौके पर लोगों ने पहुंचकर उनकी जान बचाई। इसके बाद आरोपियों ने मकान खाली नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं, मारपीट में महिलाएं घायल हो गई। पीड़िता ने बताया कि एक तिहाई हिस्से वाले व्यक्ति ने बैनामा कराया है, जो केवल अपने हिस्से का करा सकता है, जबकि वह अपने हिस्से में रह रहे हैं। पुलिस ने घायल महिलाओं का सीएचसी में मेडिकल कराया है। उधर, घटना की कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है, जिनमें छप्पर को जबरन नीचे गिराते और सामान को फेंकते हुए आदि दृश्य देखे जा रहे हैं। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में आया है।

## बकाया भुगतान को लेकर अनशन पर बैठे पांच किसान

**भास्कर ब्यूरो शामली।** सर्वखाप समन्वय किसान मंच के आह्वान पर जिला गन्ना अधिकारी के कार्यालय पर दूसरे दिन भी गन्ना समिति शामली में किसानों का धरना व अनशन जारी रहा। बुधवार को धरने की अध्यक्षता राठी खाप के थांबेदार श्रीपाल राठी व संचालन सुरेंद्र आर्य ने किया। बतीसा खाप के बाबा शोकिंदर सिंह ने कहा कि सरकार इस भरोसे में ना रहे हम कड़े फैसले भी ले सकते है। बाबा संजय कालखंडे ने धरने पर बैठे जिला गन्ना अधिकारी रणजीत कुशवाह से कहा कि हमारा इम्तिहान ना ले। मिलों पर तुरंत कार्यवाही करके भुगतान कराएं। आज के धरने में आज 5 किसान सत्यप्रकाश सिंह, प्रमोद कुमार, सुधीर राठी, ओमकार सिंह, विरेंद्र सिंह अनशन पर बैठे।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, तमंचों से किए फायर

■ झगडे में एक युवक गंभीर घायल, गोली मारने की उडी अफवाह
■ पुलिस ने पांच के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**भास्कर ब्यूरो**
**झिंझाना।** गांव मंसूरा में देर रात घर में घुसकर युवक को गोली मारने का मामला फर्जी निकला। चिकित्सकों ने युवक को मारपीट में घायल होना बताया। पीड़ित की ओर से दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।
मंगलवार की देर शाम क्षेत्र के गांव मंसूरा में तसव्वर पुत्र अख्तर अपने घर में परिजनों के साथ बैठा हुआ था। तभी लगभग आधा दर्जन लोग घर के अंदर घुस गये ओर सबके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिसमें तसव्वर द्वारा विरोध किए जाने पर हमलावरों ने उस पर तमंचे से फायर कर दिया। जिसमे वह बाल बाल बच गया, वहीं बदमाशों ने परिवार के अन्य लोगों के साथ भी मारपीट कर दी जिसमे फातो पत्नी जासा, अफसाना पुत्री अख्तर घायल हो गए। जिसके बाद परिजनों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों को आता देख आरोपी हमलावर फरार हो गये। मामले की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गयी। सूचना पर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे ओर घायल को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। जानसार पुत्र अख्तर द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने बिलाल उर्फ बिल्लू, इंतजार, बाबर तथा आवेश ओर कुछ अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।वहीं पीड़ित परिवार का कहना है कि हमलावरों द्वारा बराबर धमकी दी जा रही है। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि गांव मंसूरा में देर रात घर में घुसकर युवक को गोली मारने की सूचना मिली थी, अस्पताल भिजवाया गया था। जहां पर चिकित्सक द्वारा बताया गया कि घायल मारपीट में चोट लगी है कोई गोली नहीं लगी। हवाई फायर की बात सामने आई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई कर दी है।

# टॉपर छात्रा कुसुम को राज्यपाल ने गोल्ड मैडल देकर किया सम्मानित



**भास्कर ब्यूरो**
**बाबरी।** बाबरी क्षेत्र के गांव भाज्जु स्थित ओम श्री गुरु साक्षी रामचन्द्र संस्थान से बीएल एड सत्र 2020- 2024 की छात्रा कुसुम मलिक निवासी लिसाढ़ ने विश्वविद्यालय टॉप करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। मंगलवार को यूनिवर्सिटी में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने छात्रा को गोल्ड मैडल से सम्मानित किया। बुधवार को भाजू स्थित कालेज पहुंचने पर कालेज प्रबंध समिति द्वारा होनहार छात्रा कुसुम मलिक का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कालेज प्रबंधक राजा मलिक, कालेज चेयरपर्सन डा. लवलता सिंधु मलिक, प्रोफेसर मेरठ कालेज मेरठ, शिक्षकों राहुल मलिक, शकील अहमद, सतेन्द्र कुमार, मौ0 इशरार,रजत बालियान ने बधाई दी। कालेज की चेयरपर्सन डा. लवलता सिंधु मलिक ने बताया कि कालेज के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद भी कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व विद्यालय के अन्य कोर्सों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

### आज सम्मानित होगी सुमन

शामली। शहर के वीवी पीजी कालेज की हिन्दी विभाग की छात्रा सुमन को 5 सितम्बर को मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय में होने वाले दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। कालेज के शिक्षकों ने छात्रा सुमन को बधाई दी।

## प्रेरणा अग्रवाल बनी यूनिवर्सिटी की द्वितीय टॉपर



जलालाबाद। जलालाबाद निवासी पूर्व सभासद शिक्षक गुलशन राय की पोती प्रेरणा अग्रवाल पुत्री दीपक अग्रवाल ने कस्बे के अल्पाईन कालेज से एमकॉम फाईनल की परीक्षा में 77.85 प्रतिशत अंक हासिल कर मां शाकुम्भरी देवी युनिवर्सिटी की द्वितीय टॉपर बनकर कालेज व अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। पोती की कामयाबी पर उसके दादा गुलशन राय बेहद खुश और भावुक हैं। छात्रा की इस उपलब्धि पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा, कस्बा चेयरमैन जहीर मलिक, विधायक अशरफ अली खान, डा. मुकेश शास्त्री, समाजसेवी उपेन्द्र गुप्ता समेत गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

## महिला ने प्रेमजाल में फंसाकर हडपे हजारों रुपए

**भास्कर ब्यूरो**
**कांधला।** जनपद मुजफ्फरनगर के उमरपुर गांव निवासी रहीश ने कस्बा निवासी एक महिला पर उसके पुत्र को प्रेम जाल में फंसाकर हजारों रुपए हड़पने, और अपने माता पिता के साथ मिलकर पीड़ित के पुत्र को छुपाने का आरोप लगाया है। उमरपुर निवासी रहीश ने स्थानीय थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि कस्बे के इदरीश बेग बिहार कालोनी निवासी एक महिला ने उसके पुत्र सोहील को अपने प्रेम जाल में फंसा रखा है। आरोप है कि उक्त महिला ने सोहिल से बहला फुसलाकर चालीस हजार रुपए भी हड़प लिए है और उसके सोहिल को भी कही छुपा दिया है। पीड़ित पिता ने जब अपने पुत्र सोहिल के बारे में जानकारी करने का प्रयास किया तो आरोप है कि उक्त महिला के परिजनों ने जान से मारने की धमकी दी है।

# बाइक सवार युवक से टकराया सांड, युवक की दर्दनाक मौत

भास्कर ब्यूरो
झिंझाना। क्षेत्र के गांव अब्दाननगर निवासी बाइक सवार युवक की हरियाणा में सांड से टक्कर होने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पीछे से जा रहे हैं गांव के युवकों ने परिजनों को मामले की सूचना दी। जिस पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।
क्षेत्र के गांव अब्दाननगर निवासी हरदीप उम्र 24 वर्ष पुत्र राजवीर पिछले एक वर्ष से करनाल के एक अस्पताल में कार्य कर रहा था। बुधवार की सुबह युवक बाइक द्वारा करनाल जा रहा था। जिस समय वह करनाल के गांव मंगलोरा तथा नंगला चौक के बीच पहुंचा तो साइड से गुजर रहे सांड के अचानक सड़क पर आने से बाइक सवार की भिड़ंत सांड से हो गई। सांड का सींग युवक के सीने में जा घुसा। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पीछे से जा रहे गांव अब्दाननगर के युवकों ने घटना के बारे में परिजनों को जानकारी दी। जिस पर परिजनों में कोहराम मच गया तथा बदहवास हालत में परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं राहगीरों की सूचना पर करनाल पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम युवक का शव गांव पहुंचा। जहां गमगीन माहौल में युवक के शव का दाह संस्कार कर दिया। युवक की मृत्यु से गांव क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक युवक दो भाइयों में छोटा था तथा पिता खेती मजदूरी कर परिवार का पालन कर रहा है।

### वसूली कर्मियों को मारी टक्कर, एक गंभीर

झिंझाना। मेरठ करनाल हाईवे पर स्थित गांव बिडोली में जिला पंचायत द्वारा स्क्रैप गत्ता भूसा आदि वाहनों से वसूली के लिए ठेका छोड़ा हुआ है। जिस पर गत रात्रि जिला पंचायत कर्मी वाहनों से वसूली कर रहे थे वसूली करते समय अचानक से एक अज्ञात वाहन ने दो जिला पंचायत कर्मियों को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ऊन सीएचसी पर भर्ती कराया जहां से एक युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसको हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया लेकिन परिजन उसे प्राइवेट अस्पताल पानीपत ले गए जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों में मोहसिन पुत्र या यामीन निवासी गंदरऊ व अर्जुन निवासी गांव बुच्चा खेड़ी बताये जा रहे हैं। अर्जुन को परिजनो ने पानीपत के अस्पताल में भर्ती कराया है।

## विद्युत पोल से एलटी लाइन के तार चोरी

**भास्कर ब्यूरो कांधला।** क्षेत्र के गांव जसाला स्थित विद्युत उपकेंद्र से एलटी लाइन द्वारा पंजोखरा खेतों पर विद्युत सप्लाई होती है। मंगलवार रात्रि चोरों ने दिल्ली सहारनपुर हाईवे किनारे लगे पांच विद्युत पोल से एलटी लाइन के हजारों की कीमत के सैकड़ों मीटर विद्युत तार चोरी कर लिए है। सूचना पर विद्युत विभाग के जेई किशोर कुमार ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली और पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की सहायता से चोरों की पहचान करने का प्रयास किया लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया। विद्युत विभाग के जेई किशोर कुमार ने चोरों के खिलाफ स्थानीय थाने पर तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। गौरतलब है कि लगभग तीन माह पहले भी उक्त विद्युत लाइन से ही विद्युत तार चोरी कर लिए थे,जिसकी शिकायत भी जेई किशोर कुमार ने थाने पर की थी लेकिन पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। मामले में विद्युत विभाग के जेई किशोर कुमार ने बताया कि चोरी के संबंध में थाने पर तहरीर दे दी गई है।

# दुष्कर्म पीड़िता को मिली धमकी, गांव से पलायन

■ मुकदमे के 19 दिन बाद भी नहीं हुई आरोपी की गिरफ्तारी
■ पीड़िता ने एसपी को पत्र भेजकर लगाई गुहार

**भास्कर ब्यूरो**
**कैराना।** महिला से दुष्कर्म के मामले में 19 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पक्ष ने फैसला नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी है। इस वजह से उसने गांव से पलायन कर दिया है और दूसरे गांव में शरण ली है। मामले में पीड़िता ने एसपी को पत्र भेजकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।
क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एसपी को पत्र भेजकर बताया कि गत नौ जून को वह अपने घर से सामान खरीदने के लिए कैराना जा रही थी। रास्ते में कीकरों के पास गांव गंदराऊ निवासी कादिर ने उसे अपनी गाड़ी में लिफ्ट दी थी तथा उसे खाने के लिए मिठाई दी गई थी, जिसे खाकर वह बेहोश हो गई थी। इसके बाद उसे होश आया, तो खुद को सोनीपत एक कमरे में पाया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने फिर से उसे नशीली वस्तु सुंघाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद कई दिनों तक उसे बंधक बनाकर तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया गया। बाद में उसे गांव लाया गया। जहां आरोपी 12 अगस्त को तमंचे से आतंकित कर खेत पर ले गया तथा फिर से दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का कहना है कि इस मामले में कैराना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था और उसके बयान भी कोर्ट में दर्ज कराए गए थे। इसके बावजूद आजतक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।
पीड़िता का कहना है कि आरोपी पक्ष उसके तथा उसके परिवार पर फैसले का दबाव बना रहा है तथा फैसला नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़िता ने बताया कि उसने दहशत में आकर अपने गांव से पलायन कर लिया है, जिसके बाद पास के ही एक अन्य गांव में रह रही है। पीड़िता ने मामले में आरोपी की गिरफ्तारी व परिवार की सुरक्षा कराए जाने की गुहार लगाई है।

# 'मैया ओढ ले री ओढ ले, मां चुनरिया लाया हूं तेरे द्वार'

■ हनुमान धाम पर धूमधाम से मनाया गया मां नारायणी झुंझनूवाली का चुंदडी महोत्सव



**भास्कर ब्यूरो**
**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर मां नारायणी झुंझनू वाली दादी का चुंदडी महोत्सव धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने भजन प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर हनुमान टीला पर मंगलवार की रात मां नारायणी झुंझनू वाली का चुंदडी महोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर दादी रानी का भव्य श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि पूर्व सभासद मनोज मित्तल, अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा ने संयुक्त रूप से ज्योत प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत गायक लालसिंह लचक ने गणेश वंदना से की। पं. रवि पाठक ने बोलो दादी मां मेरे घर कब आओगी, दादी के दरबार की महिला अपरंपार सुनाया। निशांत भागवत पाठक ने भक्तों ने मिलकर किया दादी का श्रृंगार, मैया ओढ ले री ओढ ले मां चुनरिया लाया हूं तेरे द्वार, सिद्धपीठ हनुमान टीला धाम यह निराला है, जहां विराजे अंजनी के लाला हैं सुनाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, मीनू संगल पूर्व अध्यक्ष भाजपा, समाजसेवी विजय कौशिक, ग्लोबल शांति केयर हास्पिटल के संचालक कुशांक चौहान, उद्यमी अंकित गोयल, मनोज शर्मा, राहुल शर्मा राहुल शर्मा, रमेश धीमान, दिनेश पाठक, पुनीत द्विवेदी, रवि संगल, अमन गोयल देवांशु संगल गौरव गर्ग, राजन बत्रा, अंकित गुप्ता रजनीश, रजनीश शर्मा, संध्या शर्मा, मुकेश करनवाल आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न मांगों को लेकर पीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

# क्रांति सेना ने की बढती आबादी पर अंकुश लगाने की मांग



**भास्कर ब्यूरो**
**शामली।** क्रांति सेना ने देश में बढती मुस्लिम आबादी पर अंकुश लगाने, वक्फ बोर्ड द्वारा अवैध रूप से कब्जाई जा रही संपत्तियों को मुक्त कराने तथा देश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या व बांग्लादेशियों को देश से बाहर निकालने की मांग की है। इस मौके पर प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा गया। बुधवार को क्रांति सेना के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन डीएम को सौंपा। जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने कहा कि देश में जनसंख्या वृद्धि चरम पर है जनसंख्या वृद्धि के मामले में देश की मुस्लिम आबादी विस्फोटक रूप से बढ रही है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मुसलमानों की जो आबादी 1950 के दौरान महज साढे तीन करोड थी, वह 70 सालों में दस गुनी रफ्तार से बढते हुए आज 35 करोड हो गयी है जबकि हिन्दुओं की जनसंख्या जो आजादी के समय लगभग 30 करोड थी, आज वह केवल तीन गुना बढकर 90 करोड तक ही हो पायी है। उन्होंने कहा कि विस्फोटक रूप से बढ रही मुस्लिम आबादी देशहित के लिए गंभीर खतरा है जिस पर अंकुश लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों द्वारा गठित वक्फ बोर्ड भी हिन्दू संपत्तियों के लिए गंभीर संकट पैदा कर रहा है, वक्फ बोर्ड को मिले असीमित अधिकारों के कारण आज वक्फ बार्ड का देश की बेशकीमती संपत्तियों पर अधिकार हो चुका है। उन्होंने लगातार बढ रही मुस्लिम आबादी को रोकने के लिए तत्काल कडे कदम उठाने, देश में वक्फ बोर्ड को तत्काल भंग करने, देश में अवैध रूप से घुसे रोहिंग्या व बांग्लदेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने की मांग की है। इस मौके पर अजय शर्मा, मुकुल शर्मा, विकास, जोगेन्द्र प्रजापति, पंकज शर्मा, नीरज तोमर, लोकेश तोमर, सुनील, शुभम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## वन विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा, केस दर्ज

कैराना। वन विभाग की भूमि पर दो भाइयों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बरनावी बीट प्रभारी विपिन कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव बीबीपुर हटिया में वन विभाग की भूमि स्थित है। आरोप है कि गांव के ही इरफान व उसके भाई अव्वल ने 31 अगस्त की मध्यरात्रि जुताई कर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। मौके पर हल्का लेखपाल की ओर से किए गए निरीक्षण में भी कब्जा पाया गया है।

**धमकी देने के आरोप में मुकदमा**
कैराना। गढ़ीपुख्ता थाना क्षेत्र के गांव धनैना निवासी राजीव ने मुकदमा दर्ज कराया कि मलकपुर रोड पर उनका रेत स्टॉक है। एक सितंबर को स्टॉक स्थल पर फरमान निवासी गांव थरियां गन्नौर जनपद सोनीपत हरियाणा आया, जिसने एक घंटे में स्टॉक स्थल से भाग नहीं जाने पर गोली मारने की धमकी दी।

## सार सुर्खियां

### हठधर्मिता के चलते ईओ नहीं कर रहे जनहित कार्य



शामली। बुधवार को नगर पालिका के वार्ड सभासदों निशिकांत संगल, बबीता देवी, सविता, पूजा पिंकी, राजीव गोयल आदि ने डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि नगर पालिका में जनहित के कोई भी कार्य नहीं किए जा रहे हैं। जब वे अपने कार्य के लिए चेयरमैन से मिलते हैं तो वे अधिशासी अधिकारी के पास भेज देते हैं, अधिशासी अधिकारी से मिलते हैं तो वे कहते हैं डीएम के पास फाइल गयी हुई है। उन्होंने डीएम से मामले का संज्ञान लेते हुए अधिशासी अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने व जनहित के कार्य कराए जाने की मांग की है।

### अधर्मी व्यक्ति केवल अपने बारे में सोचता है

शामली। जैन धर्मशाला में चल रहे प्रवचनों में जैन मुनि 108 श्रद्धानंद महाराज ने कहा कि संसार में दो तरह के जीव होते हैं एक धर्म का पालन करने वाला और दूसरा वह जिसका धर्म से कोई मतलब नहीं होता, जो जीव उग्र प्रकृति, दुर्व्यवहार करने वाला, दृष्ट प्रवृत्ति, अहंकार से भरा हुआ होता है वह सच्चे धर्म का कभी पालन नहीं कर सकता, ऐसे व्यक्ति को धर्म से कोई मतलब नहीं होता वह सिर्फ अपने भले के बारे में ही सोचता है।

### जानलेवा हमला व तोड़फोड़ करने में दो गिरफ्तार

कैराना। गांव गंदराऊ निवासी मुस्तफा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह गांव में ही परचून एवं दूध की डेयरी करता है। 16 जून को वह अपनी दुकान पर था। उसका भाई जुबैर घर से दुकान के लिए आ रहा था। तभी रास्ते में आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से उसके भाई पर हमला करते हुए मारपीट कर दी। इस बीच उसका भाई अपनी जान बचाने के लिए दुकान पर पहुंच गया। जहां आरोपी भी पहुंच गए, जिन्होंने उसके भाई के अलावा उस पर भी जानलेवा हमला कर दिया।

### सडकों पर गंदगी का आलम, विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

चौसाना। टोडा गांव के कई गली-मौहल्लो में नालियों की सफाई नहीं हुई है, इस वजह से कीचड़ नालियों से निकलकर सड़कों में बहने लगा है। यहां तक कि कई घरों में भी गंदी नालियों का पानी घुस गया है। इससे गांव वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नालियों की साफ-सफाई नियमित तौर से नहीं होती। इस वजह से नालियों में मच्छरों का डेरा है। मच्छरों व गंदगी फैलने से होने वाली बीमारियों की चपेट में आने की आशंका बनी हुई है।

### गोविन्द राम बने अवर अभियंता, मिला नियुक्ति पत्र

शामली। शामली कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी केन्द्र में डीएम ने नवचयनित अवर अभियंता गोविन्द राम निवासी जलालाबाद को नियुक्ति पत्र प्रदान किया तथा अपने कार्यों एवं दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ विनय कुमार तिवारी, अवर अभियंता राजीव त्यागी एमडीए, अजय जैन सहायक अभियंता भी मौजूद रहे।

### जलालाबाद के विकास को स्वीकृत हुआ करोडों का फंड

जलालाबाद। पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा के प्रयास से जलालाबाद के विकास को पंख लगने जा रहे है। पूर्व मंत्री के प्रयास से डेढ करोड की लागत से जहां वंदन योजना से दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित प्राचीन शिव हनुमान मन्दिर का सोन्दर्यकरण को मंजूरी मिली है जिस पर कार्य आरम्भ हो चुका है वही करोडों का विकास फंड जलालबाद बाईपास मार्ग पर होली कल्लर शमशान के सौन्दर्यकरण के साथ ही एक अन्य शमशान की बाऊंड्री व कमरो आदि के लिए स्वीकृत हुआ है, जिसकी जानकारी नगर पंचायत द्वारा दी गई है। नगर पंचायत चेयरमैन जहीर मलिक ने भी जलालाबाद के विकास के लिए बडा फंड जारी कराने पर पूर्व मंत्री का आभार जताया है।

### अनैतिक कार्यों के विरोध में पद यात्रा पर निकला राहुल

जलालाबाद। सहारनपुर से दिल्ली जंतर मंतर तक पद यात्रा पर निकले राहुल जोगी का जलालाबाद बस स्टैंड पर रविन्द्र प्रधान जोगी, रोबिन उपाध्याय, बृजभूषण उपाध्याय के नेतृत्व में फूल मालाओं द्वारा स्वागत किया गया। राहुल जोगी ने कहा की जिस प्रकार किसी भी अनैतिक कार्यों, जालसाजी कार्यों में गोरखधंधा शब्द का प्रयोग बार बार किया जाता है, उसी के खिलाफ वे पैदल यात्रा निकालकर विरोध प्रकट कर रहे हैं।





# गुरुग्राम से मुकेश शर्मा पहलवान होंगे भाजपा उम्मीदवार

## बादशाहपुर से पूर्व मंत्री राव नरमवीर सिंह, सोहना से तेजपाल तंवर को मिला टिकट







| क्र. | विधानसभा का नंबर एवं नाम | | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|---|---|
| 8. | 8 | जगाधरी Jagadhri | श्री कंवर पाल गुर्जर Shri Kanwar Pal Gurjar |
| 9. | 9 | यमुनानगर Yamunanagar | श्री घनश्याम दास अरोड़ा Shri Ghanshyam Dass Arora |
| 10. | 10 | रादौर Radaur | श्री श्याम सिंह राणा Shri Shyam Singh Rana |
| 11. | 12 | शाहबाद (अजा) Shahbad (SC) | श्री सुभाष कलसाना Shri Subhash Kalsana |
| 12. | 13 | थानेसर Thanesar | श्री सुभाष सुधा Shri Subhash Sudha |
| 13. | 14 | पेहोवा Pehowa | सरदार कमलजीत सिंह अजराना Sardar Kamaljeet Singh Ajrana |
| 14. | 15 | गुहला (अजा) Guhla (SC) | श्री कुलवंत बाजीगर Shri Kulwant Bazigar |
| 15. | 16 | कलायत Kalayat | श्रीमती कमलेश ढांडा Smt. Kamlesh Dhanda |
| 16. | 17 | कैथल Kaithal | श्री लीला राम गुर्जर Shri Leela Ram Gurjar |
| 17. | 19 | नीलोखेड़ी (अजा) Nilokheri (SC) | श्री भगवान दास कबीरपंथी Shri Bhagwan Dass Kabirpanthi |
| 18. | 20 | इंद्री Indri | श्री राम कुमार कश्यप Shri Ram Kumar Kashyap |
| 19. | 21 | करनाल Karnal | श्री जगमोहन आनंद Shri Jagmohan Anand |
| 20. | 22 | घरौंडा Gharaunda | श्री हरविंदर कल्याण Shri Harvinder Kalyan |
| 21. | 24 | पानीपत ग्रामीण Panipat Rural | श्री महिपाल ढांडा Shri Mahipal Dhanda |
| 22. | 25 | पानीपत शहर Panipat City | श्री प्रमोद कुमार विज Shri Pramod Kumar Vij |
| 23. | 26 | इसराना (अजा) Israna (SC) | श्री कृष्ण लाल पंवार Shri Krishan Lal Panwar |

2

| क्र. | विधानसभा का नंबर एवं नाम | | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|---|---|
| 24. | 27 | समालखा Samalkha | श्री मनमोहन भड़ाना Shri Manmohan Bhadana |
| 25. | 30 | खरखौदा (अजा) Kharkhauda (SC) | श्री पवन खरखौदा Shri Pawan Kharkhauda |
| 26. | 31 | सोनीपत Sonipat | श्री निखिल मदान Shri Nikhil Madan |
| 27. | 32 | गोहाना Gohana | डॉ. अरविन्द शर्मा Dr. Arvind Sharma |
| 28. | 35 | सफीदों Safidon | श्री राम कुमार गौतम Shri Ram Kumar Gautam |
| 29. | 36 | जींद Jind | डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा Dr. Krishan Lal Middha |
| 30. | 37 | उचाना कलां Uchana Kalan | श्री देवेन्द्र अत्री Shri Devender Attri |
| 31. | 38 | टोहाना Tohana | श्री देवेन्द्र सिंह बबली Shri Devender Singh Babli |
| 32. | 40 | फतेहाबाद Fatehabad | श्री दुड़ा राम बिश्नोई Shri Duda Ram Bishnoi |
| 33. | 41 | रतिया (अजा) Ratia (SC) | श्रीमती सुनीता दुग्गल Smt. Sunita Duggal |
| 34. | 42 | कालांवाली (अजा) Kalanwali (SC) | श्री राजिंदर देशुजोधा Shri Rajinder Deshujodha |
| 35. | 44 | रनिया Rania | श्री शीशपाल कंबोज Shri Shishpal Kamboj |
| 36. | 47 | आदमपुर Adampur | श्री भव्य बिश्नोई Shri Bhavya Bishnoi |
| 37. | 48 | उकलाना (अजा) Uklana (SC) | श्री अनूप धानक Shri Anoop Dhanak |
| 38. | 49 | नारनौंद Narnaund | कैप्टन अभिमन्यु Capt. Abhimanyu |
| 39. | 50 | हांसी Hansi | श्री विनोद भयाना Shri Vinod Bhayana |

| क्र. | विधानसभा का नंबर एवं नाम | | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|---|---|
| 40. | 51 | बरवाला Barwala | श्री रणबीर गंगवा Shri Ranbir Gangwa |
| 41. | 52 | हिसार Hisar | डॉ. कमल गुप्ता Dr. Kamal Gupta |
| 42. | 53 | नलवा Nalwa | श्री रणधीर पनिहार Shri Randhir Panihar |
| 43. | 54 | लोहारू Loharu | श्री जेपी दलाल Shri JP Dalal |
| 44. | 55 | बाढड़ा Badhra | श्री उमेद पातुवास Shri Umed Patuwas |
| 45. | 56 | दादरी Dadri | श्री सुनील सांगवान Shri Sunil Sangwan |
| 46. | 57 | भिवानी Bhiwani | श्री घनश्याम सर्राफ Shri Ghanshyam Saraf |
| 47. | 58 | तोशाम Tosham | श्रीमती श्रुति चौधरी Smt. Shruti Choudhry |
| 48. | 59 | बवानी खेड़ा (अजा) Bawani Khera (SC) | श्री कपूर वाल्मीकि Shri Kapur Valmiki |
| 49. | 60 | महम Meham | श्री दीपक हुड्डा Shri Deepak Hooda |
| 50. | 61 | गढ़ी सांपला-किलोई Garhi Sampla-Kiloi | श्रीमती मंजू हुड्डा Smt. Manju Hooda |
| 51. | 63 | कलानौर (अजा) Kalanaur (SC) | श्रीमती रेनू डाबला Smt. Renu Dabla |
| 52. | 64 | बहादुरगढ़ Bahadurgarh | श्री दिनेश कौशिक Shri Dinesh Kaushik |
| 53. | 65 | बादली Badli | श्री ओम प्रकाश धनखड़ Shri Om Prakash Dhankar |
| 54. | 66 | झज्जर (अजा) Jhajjar (SC) | श्री कप्तान बिरधाना Shri Kaptan Birdhana |
| 55. | 67 | बेरी Beri | श्री संजय कबलाना Shri Sanjay Kablana |

भास्कर ब्यूरो

**गुरुग्राम।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 67 नाम की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा से, अनिल अंबाला कैंट ज्ञानचंद गुप्ता पंचकूला , शक्ति रानी शर्मा कालका, सहित 67 उम्मीदवार शामिल हैं। दक्षिण हरियाणा में गुरु ग्राम से मुकेश शर्मा पहलवान, बादशाहपुर से पूर्व मंत्री राव नरवीर सिंह, सोहना से तेजपाल तंवर, फरीदाबाद से विपुल गोयल, तिगांव राजेश नागर, पृथला टेकचंद शर्मा, बल्लभगढ़, मूलचंद शर्मा,पलवल गौरव गौतम, अटेली, आरती राव, रेवाड़ी लक्ष्मण सिंह यादव शामिल हैं। इस सूची में सभी बिरादरियों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की गई है और जितवा उम्मीदवारों पर दम लगाया गया है।

● हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 67 नाममों की सूची

## इंदिरापुरम में जीडीए महाबली ने अतिक्रमण को किया जमीदोज



भास्कर ब्यूरो

**गाज़ियाबाद।** इंदिरापुरम न्याय खंड और अभय खंड में अवैध रूप से बनी हुई तीन सौ दुकानों के अतिक्रमण को आज जीडीए के महाबली को जमीदोज कर दियो जीडीए प्रवक्ता ने आज शाम यहां बताया कि अवैध निर्माण पर सतत निगरानी हेतु जोन-6 के प्रभारी ने आज जोन का निरीक्षण किया . निरीक्षण के दौरान इन्दिरापुरम के न्यायखण्ड-1, 2, 3, व अभयखण्ड में अनाधिकृत रूप से बनी हुई 300 दुकानों द्वारा किये गये अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान जनता द्वारा विरोध किया गया परंतु अधिकारियों की सूझबूझ से स्थानीय एवं प्राधिकरण के पुलिस बल द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से करायी गई। जोन से संबंधित सहायक अभियंता, अवर अभियंता तथा सुपरवाईजर स्टाफ को निर्देशित किया गया कि सतत निगरानी रखते हुये यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त अतिक्रमण पुनः न होने पाये।

जीडीए प्रवक्ता ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा लगातार अतिक्रमण के विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाहियाँ जारी रहेंगी। उक्त कार्यवाही के बाद पुलिस को पुनः अतिक्रमण न होने पाये, के लिये पत्र प्रेषित किया गया है।

# नगर आयुक्त का सालभर का रिपोर्ट कार्ड रहा काबिले तारीफ

### पार्षदों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्प भेंट कर दी बधाई

### निगम को हाईटेक बनाना नगर आयुक्त का विजन













भास्कर ब्यूरो

**गाज़ियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का कार्यकाल एक वर्ष पूर्ण होने पर पार्षदों, निगम अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उन्हे पुष्प भेटकर बधाई दी। अपने छोटे से कार्यकाल में मलिक ने अनेक बाधाओं के बाबजूद शहर में सरकार की अनेक विकासोन्मुख योजनाओ को परवान चढ़ाया। नगर आयुक्त मालिक की छवि एक डायनामिक ऑफिसर के रूप में जानी जाती है। ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर लोगो की समस्याओं को नजदीक से देखना , मॉर्निंग वॉक के दौरान अधिकारियो को मौके पर पहुंचने के लिए ताकीद करना जैसी स्टाइल आम जनता के बीच उनकी छवि साल भर सुर्खियों में रही। साल भर का उनका रिपोर्ट कार्ड उनकी डायनामिक अनुशासन कर्तव्यनिष्ठ छवि को दशार्ता है।

### बधाई देने वालो में ये रहे मौजूद

अवनींद्र कुमार अपर नगर आयुक्त, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, प्रभारी प्रकाश आश कुमार, महाप्रबंधक जल, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, संपत्ति अधीक्षक पल्लवी सिंह, तथा अन्य समस्त विभाग के कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे' वार्ड संख्या 49 के पार्षद वीरेंद्र त्यागी, वार्ड 09 पार्षद शीतल देओल, वार्ड 31 पार्षद नितिन, वार्ड 50 से पार्षद सुमन लता पाल, वार्ड 9 से प्रदीप चौहान, व अन्य पार्षदों ने उपस्थित होकर नगर आयुक्त को शहर हित तथा निगम हित में एक साल बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी , आगे भी इसी प्रकार नगर आयुक्त के नेतृत्व में सभी निगम अधिकारी व कर्मचारी शहर के विकास में कार्य करते रहे मोटिवेट किया गया

### नगर आयुक्त की अगुवाई में विकास को मिली रफ्तार

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में शासन से गाजियाबाद हेतु अनेकों योजनाओं की स्वीकृति से शहर के विकास को रफ्तार मिली है, तीसरा एबीसी सेंटर, सी एम ग्रिड योजना, कारकस प्लांट, बायोडायवर्सिटी पार्क योजना, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम योजना, व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम योजना, गाजियाबाद 311 योजना व अनेको ऐसी योजनाएं जिनसे गाजियाबाद शहर वासियों को डायरेक्ट लाभ हुआ है। आगे भी शहर के विकास कार्यों में इसी प्रकार प्रयास जारी रहे निर्णय लिया गया।

### आगामी प्लानिंग पर चर्चा

नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित जनों को धन्यवाद देते हुए शहर के विकास को लेकर जन सहयोग तथा जनप्रतिनिधियों का नेतृत्व भी विशेष रूप से रहा। नगर आयुक्त ने शहर में ओर अधिक योजनाओं को लाने के लिए भी आगामी प्लानिंग साझा की जिसमे निगम को ई ऑफिस बनाए जाने, स्पोर्ट्स कंपलेक्स, अर्बन फ्लड मैनेजमेंट सर्वे का कार्य, व अनेकों ऐसी योजना व कार्य जिसे शहर वासियों को लाभ मिलेगा गाजियाबाद का विकास होगा पूर्ण करने के लिए तैयारी चल रही है।

# व्यापारी नेताओं ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को सौंपा मांगपत्र

## वरीयता पर होगा समस्याओं का समाधानः बृजेश पाठक





भास्कर ब्यूरो

**लखनऊ/ गाजियाबाद।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग व प्रदेश महामंत्री तिलक राज अरोड़ा ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से भेंट कर उन्हें प्रदेश प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं एवं मांगों से अवगत कराया और 11 सूत्री मांगो का एक ज्ञापन सोपा।

इसके अलावा मैनपुरी के राजकीय चिकित्सालय में हृदय रोग विशेषज्ञ की मांग का ज्ञापन भी सौंपा और उनसे मांग की गई कि व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं जैसे पेंशन योजना, व्यापारी का स्टॉक का बीमा, व्यापारी की विद्युत दरें कमर्शियल विद्युत दरे घरेलू दरो के बराबर करने, और आयुष्मान योजना में भी व्यापारी को जोड़ा जाए। दोनो व्यापारी नेताओ ने बताया कि ज्ञापन में व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता पर दिए जाने व जीएसटी के सरलीकरण की बात भी कही गई है। उप मुख्यमंत्री पाठक ने दोनो नेताओ को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान वरीयता पर शीघ्र होगा।

## दुपहिया वाहन और मोबाइल चोरी करने वाले आठ गिरफ्तार किए

साहिबाबाद। थाना टीला मोड़ पुलिस ने आठ चोरों को गिरफ्तार किया है जो गिरोह बनाकर बाइक, स्कूटी और मोबाइल फोन चोरी किया करते थे। इनसे चोरी की तीन मोटरसाइकिल, तीन स्कूटी और 6 मोबाइल फोन विभिन्न कंपनियों के बरामद हुए हैं। डीसीपी ट्रांस हिंडन जॉन निमिष पाटिल ने बताया कि टीला मोड़ पुलिस को चेकिंग के दौरान मुखबिर एक सूचना मिली थी, सूचना पर 8 सदस्यीय चोर गिरोह को पकड़ने में कामयाबी मिली है। जिनके नाम नवीन उर्फ तोतली ,लकी उर्फ अनुराग, सूरज,राजन जोशी, रवि उर्फ काली, राहुल मौर्या, लुकमान तथा अमन हैं। इनकी गिरफ्तारी कोयल एनक्लेव गेट के पास से की गई ।इनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल, तीन स्कूटी और 6 मोबाइल फोन विभिन्न कंपनियों के बरामद हुए हैं।

# भाजपा द्वारा गुरुग्राम से पंजाबी उम्मीदवार पर विचार ना करने से पंजाबी बिरादरी नाराज

## पंजाबी समाज में आक्रोश - उदासीनता, विषाद और नाखुशी की लहर



भास्कर ब्यूरो

**गुरुग्राम।** बुधवार को पंजाबी समाज ने शाम ब्लिस बैंक्वेट, सेक्टर-17, गुरुग्राम में सुरिंदर खुल्लर चेयरमैन केंद्रीय श्री सनातन धर्म सभा और अशोक आर्य प्रधान आर्य केंद्रीय सभा गुरुग्राम और पंजाबी बिरादरी महा संगठन के वरिष्ठ उप प्रधान ओम प्रकाश कथूरिया की अध्यक्षता में एक आपातकालीन बैठक की, जिसमें शहर के और पंजाबी समाज के दिग्गज और श्रेष्ठजन उपस्थित रहे। प्रत्याशियों में पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोध राज सीकरी, यशपाल बत्रा, कपिल दुआ व प्रमोद सलूजा और राजेश अरोड़ा उपस्थित थे। यह कोर समिति की बैठक थी। सबने एक मत से यह फैसला किया कि भाजपा को किसी भी पंजाबी को टिकट देनी चाहिए। किसी विशेष नाम की चर्चा नहीं हुई। सभी ने स्पष्ट शब्दों के कहा कि जैसे भाजपा के लिये कमल महत्वपूर्ण है इसी प्रकार पंजाबी समाज के उम्मीदवार के लिए बिरादरी महत्वपूर्ण है। जिसको भी पार्टी उचित समझती है, उसे टिकट दे और पूरा समाज उसके साथ खड़ा होगा। उपस्थित सभी व्यक्तियों की एक ही आवाज थी कि हम सब भाजपा के प्रति समर्पित है परंतु हमारी समर्पणशैली को हमारी कमजोरी न समझा जाये। कांग्रेस निरंतर सात बार चौधरी धर्मबीर गाबा को टिकट देती रही थी। भाजपा ने तीन बार वैश्य समाज को टिकट दी और पंजाबी समाज ने बिना किसी आवाज को उठाये उन्हें अच्छे वोट से जितवाया यद्यपि दोनों ने संगठन को निराश किया। चर्चा के दौरान यह निष्कर्ष निकल कर आया कि यदि इस बार भाजपा पंजाबी उम्मीदवार को नहीं उतारेगी तो इसके परिणाम नकारात्मक हो सकते है। यह विचार आया कि तुरंत यह सभी विचार भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को सूचित किए जाए। यदि शीर्ष नेतृत्व हमारी बात नहीं मानता तो 10-15 हजार पंजाबी समाज के लोगो के आक्रोश रैली निकाली जाएगी। उस रैली में जो भी निर्णय होगा उसी अनुसार आगे की रणनीति बनायी जाएगी।

एक और मुद्दा जिस पर चर्चा हुई, वो था पंजाबी वोट का प्रतिशत। सरकार के रिकॉर्ड में यह आठ प्रतिशत दशार्या जा रहा है जो बिलकुल गलत है। हमारी शहर के अंदर भागीदारी बीस प्रतिशत से अधिक है।

जब कभी भी गणना की गई थी उस समय फॉर्म में भाषा पूछी गई थी और अधिकतर पंजाबियो ने भाषा हिन्दी लिखी थी उसके फलस्वरूप सरकार ने उन्हें पंजाबी नहीं माना। यदि अब पुनः जनगणना की जाये तो यह स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। पंजाबी बिरादरी महा संगठन के 16400 सदस्य है। यदि एक घर में तीन वोट की औसत ली जाये तो यह संख्या लगभग 500000 होती है। गुरुग्राम के कुल वोट लगभग 437000 है। यदि इसका आठ प्रतिशत निकाला जाये तो स्पष्ट होता है कि हमारी बिरादरी के सदस्यों की संख्या वोट के हिसाब से कही अधिक है।

# नवीन गोयल के समर्थन में गुरुग्राम में पैदल मार्च की दिल्ली चंडीगढ़ तक गूंज

## गुरुग्राम 36 बिरादरी का साथ व समर्थन बना नवीन गोयल की ताकत





भास्कर ब्यूरो

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में करीब 6 साल से बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर जनता की अनवरत सेवा में जुटे एवं गुडगांव विधानसभा से चुनाव में भाजपा की टिकट के दावेदार नवीन गोयल के समर्थन में बुधवार को गुरुग्राम की जनता से पैदल मार्च निकाला। इस पैदल मार्च में पूरा गुरुग्राम नवीन गोयल के साथ, उनके समर्थन में कदमताल करता नजर आया। युवाओं में उनके प्रति दीवानगी देखते ही बनती थी। जनता के बीच से यही आवाज आई कि नवीन गोयल गुरुग्राम के लिए बहुत जरूरी हैं।

मंच से नवीन गोयल ने भारतीय जनता पार्टी संगठन से विनम्रता से आग्रह किया कि मुझे मेरा हक दे दो। गुरुग्राम की जनता का हक दे दो। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का फॉलोवर हूं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के मार्गदर्शन में काम कर रहा हूं। यात्रा से पहले घंटों तक बरसात होती रही, लेकिन समर्थकों का जोश ठंडा नहीं पड़ा। लोगों में जोश इतना था कि वे बरसात में ही अपने घरों से 3 बजे से पहले निकल पड़े। स्वयं वीडियो डालकर लोगों को यात्रा शुरूआत स्थल कोर्ट पार्किंग में पहुंचने का संदेश देते रहे। करीब 6 बजे नवीन गोयल के नेतृत्व में पैदल मार्च शुरू हुआ। नवीन गोयल को हजारों साथियों, समर्थकों, गुरुग्राम के आम और खास लोगों, दुकानदारों, व्यापारियों, मजदूरों, कर्मचारियों का साथ इस पैदल मार्च में मिला। युवा शक्ति, मातृ शक्ति का इस मार्च में जोश और जुनून देखते ही बनता था। सभी की जुबान पर नवीन गोयल ही नाम था। उनके नारों में नवीन गोयल, उनकी बातों में नवीन गोयल, उनकी सोच में नवीन गोयल रहे। लोगों ने कहा कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सदा खड़े रहे नवीन गोयल के साथ अब हम सब खड़े हैं। नवीन गोयल एकमत से उनके नेता हैं और वे ही उनका नेतृत्व कर सकते हैं। गुरुग्राम के लिए नवीन गोयल ने बहुत कुछ किया है। गुरुग्राम को अब उनके लिए कुछ करने की बारी है। पैदल मार्च में छोटे-छोटे बच्चों के साथ शामिल हुई महिलाएं भी नवीन गोयल का हर कदम पर साथ देने के लिए जोश से लबरेज थीं।

### गुरुग्राम मेरी सामाजिक, राजनीतिक कर्मभूमिः नवीन गोयल

पैदल मार्च से पहले शिवाजी नगर के ग्राउंड में हुई सभा में नवीन गोयल ने मां शीतला को नमन करते हुए कहा कि मैं गुरुग्राम का गुरुग्राम मेरा है। गुरुग्राम उनकी सामाजिक, राजनीतिक कर्मभूमि है। यहां से जनमानस की सेवा शुरू की है और सालों साल सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की सेहत सही रखने, महंगा इलाज सस्ते में करने, स्वच्छता के लिए सडकों, गलियों, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, मंदिरों की सफाई, प्रदूषण का स्तर कम करने के लिए टैंकरों से सडकों पर पानी का छिडकाव, पेड़ों पर पानी की छिडकाव, गंदगी सडकों पर ना हो इसके लिए डस्टबिन वितरण, पेयजल का दुरुपयोग ना हो इसके लिए पानी ओवरफ्लो रोकने की मशीनों का वितरण, वार्ड वाइज स्वच्छता अभियान, गुरुग्राम की प्यास बुझाने वाली धनकोट नहर की सफाई, सूचना के चंद घंटे के भीतर सीवरेज के मेनहॉल के ढक्कन चेंज, चॉक हुए सीवरेज की सफाई, गलियों में जलभराव खत्म करने के लिए नालों की सफाई, गुरुग्राम के ऐतिहासिक झाड़सा बंध की सफाई, हरियाली को बढ़ावा, बंध पर पेड़ों की छंटाई करके वहां महिलाओं, पुरुषों, बुजुर्ग के लिए सुबह की सैर के लिए तैयार करना जैसे असंख्य काम उनके सरकार व प्रशासन, नगर निगम के साथ मिलकर सिरे चढ़ाए हैं। सिर्फ संगठन में मिली जिम्मेदारी से उन्होंने इन कामों को करवाया। अगर गुरुग्राम की जनता उन्हें अपनी सम्पूर्ण सहयोग देकर विधायक के रूप में चंडीगढ़ पहुंचाती है तो उनका प्रयास रहेगा कि गुरुग्राम में छोटी-छोटी समस्याओं को प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। नवीन गोयल ने कहा कि उन्होंने संगठन के लिए पूरे हरियाणा में काम किया है। व्यापारियों, दुकानदारों से लगातार जुड़ाव है। मुझे टिकट मिलती है तो हरियाणा का वैश्य समाज समेत 36 बिरादरी का भाजपा में वोट बैंक में बढ़ोतरी होगी।

## सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अरूनान्शु प्रामाणिक ने स्वयं को कंचनजंगा ट्रेकर्स क्लब, म०नं०-क्यू-125, आर्डनेन्स फैक्ट्री, 4 पी/क्यू, ए ओ०एफ०एम०, मुरादनगर, गाजियाबाद का अध्यक्ष बताते हुए सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व आलेख प्रस्तुत किये हैं। आलेखों के अनुसार सर्वश्री अरविन्द्र कुमार सचिव, संजय कुमार उपसचिव, योगेश कुमार कोषाध्यक्ष, संदीप शर्मा भंडारक, मुकेश कुमार एवं नवीन कुमार सदस्य दर्शाये गये हैं।

यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत समिति के पंजीकरण के विरूद्ध आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण दोष के आधार पर समिति के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

**आज्ञा से,**
**डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स. गाजियाबाद**


संस्थापक स्व. महेश प्रसाद अग्रवाल। दैनिक भास्कर के स्वत्वाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल के लिए मुद्रक व प्रकाशक अशोक निर्वाण द्वारा विवेक पब्लिशर्स ए–16 सेक्टर–7 नोएडा 201301 से मुद्रित एवं जे–2 बिशनपुरा सैक्टर, 58 नोएडा (उ0प्र0) से प्रकाशित, सम्पादक अशोक निर्वाण* (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी*)। समस्त विवाद नोएडा न्यायालय के अधीन होंगे। वेबसाइट : danikbhaskarup.com आरएनआई नं. UPHIN/2010/33190, संपादकीय कार्यालय : 29, आरडीसी राजनगर निकट जिला न्यायालय व जिला जिलाधिकारी कार्यालय गाजियाबाद–201002 उत्तर प्रदेश, ई–मेल : nirwanjournalist.nirwan7@gmail.com, bhaskarnoidaadvertisement@gmail.com मो. 9711991712, लैंडलाइन +911203166405